CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 12-25-2025 23:18 Color:



WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 76, संख्या 303 > मूल्य ₹6.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




'आलिया से ज्यादा फीस लेती है श्रद्धा' p10




खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 4, 11

## फटाफट खबरें

### BMC का HC की बिल्डिंग को नोटिस



बीएमसी ने बांद्रा पूर्व में बॉम्बे हाई कोर्ट की निर्माणाधीन इमारत और मेट्रो 2बी से जुड़े आरएमसी प्लांट को एयर पल्यूशन के नियमों का पालन न करने पर शो कॉज नोटिस भेजा है। हाई कोर्ट की बिल्डिंग में एयर क्वालिटी की गाइडलाइन का पालन न किए जाने पर यह नोटिस दिया गया। वहीं, मेट्रो 2बी के तहत जे.कुमार आरएमसी प्लांट को वायु प्रदूषण नियंत्रण दिशानिर्देशों का पालन न करने पर काम रोकने का आदेश दिया गया है।

### ट्रक और स्लीपर बस में टक्कर, 10 जिंदा जले

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार रात ट्रक से टकराने के बाद स्लीपर बस में आग लग गई। हादसे में बस में सवार एक बच्चे समेत 9 यात्री और ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गए। 32 यात्रियों को लेकर बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी और हादसा NH-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। अब तक की जांच के अनुसार, ट्रक ने सीधे बस के डीजल टैंक में टक्कर मारी, जिससे टैंक लीक हो गया और आग लग गई।

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 32.6 | 20.8 |
| सांताक्रूज | 32.9 | 17.4 |
| सूर्यास्त शुक्रवार | 6:09 बजे | |
| सूर्योदय शनिवार | 7:10 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# उम्मीद है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाएगी

IANS



**Merry Christmas...** दुनियाभर में क्रिसमस की धूम के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह दिल्ली के गिरिजाघर 'कथीड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन' पहुंचे और वहां विशेष प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कैरल (गीत) और भजन भी सुने और कुछ को गाया भी। पेज 12

- प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- आशा है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लेकर आएगी।
- बीते कुछ वर्षों में मोदी नियमित रूप से ईसाई समुदाय के कार्यक्रमों में हिस्सा लेते रहे हैं, 2023 में वह 'सेक्रेड हार्ट कथीड्रल' में पहुंचे थे।
- साल 2023 में क्रिसमस पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली स्थित अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर विशेष कार्यक्रम की मेजबानी भी की थी।
- 2024 में 'कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया' के कार्यक्रम में पहुंचे थे। इसी साल वह कैबिनेट मंत्री जॉर्ज कुरियन के डिनर में भी गए।

## ओडिशा में 1.10 करोड़ के इनामी समेत 6 नक्सली ढेर

**भाषा, भुवनेश्वर :** ओडिशा के कंधमाल जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी गणेश उइके सहित 6 नक्सली मारे गए। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे बड़ी सफलता बताया। राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिकारी संजीब पांडा ने कहा, भाकपा (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य उइके ओडिशा में प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था और उस पर 1.10 करोड़ रुपये का इनाम था।

**पुल्लेमाला गांव का निवासी था उइके**

बुधवार रात गुम्मा जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ के 2 माओवादी मारे गए। वहीं, गुरुवार सुबह एक जंगल में फिर से मुठभेड़ हुई, जिसमें उइके समेत 4 अन्य माओवादी मारे गए। एक की पहचान 69 वर्षीय गणेश उइके के रूप में हुई है।

## हिंदू-मुसलमान सबका... नया बांग्लादेश बनाएंगे : रहमान

**पीटीआई, ढाका :** बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद गुरुवार को स्वदेश लौटे। तारिक के स्वागत में एक लाख से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ता ढाका की सड़कों पर उमड़ पड़े।

**पूर्व PM खालिदा के बेटे की 17 साल बाद स्वदेश वापसी**

अगले साल 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले रहमान की वापसी ने उनकी पार्टी में नई जान फूंक दी है। माना जा रहा है कि 60 वर्षीय रहमान पीएम पद के प्रमुख दावेदार होंगे। तारिक ने 13 किमी लंबा रोड-शो किया। लाखों समर्थकों के बीच पहली रैली में तारिक ने कहा, बांग्लादेश मुसलमानों, हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों- सबका देश है। हमारी पार्टी ऐसा बांग्लादेश बनाना चाहती है, जहां महिलाएं, पुरुष और बच्चे सुरक्षित घर से निकल सकें और वापस लौट सकें। पेज 12

**इंटरनैशनल फ्लाइट्स का भी जल्द होगा संचालन**

# डोमेस्टिक उड़ानों के साथ शुरू हो गया नवी मुंबई एयरपोर्ट

Priya.Pandey@Timesofindia.com

**मुंबई:** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के इतिहास में गुरुवार का दिन खास बन गया, जब वहां पहली बार इंडिगो की कमर्शल फ्लाइट ने लैंड किया। फ्लाइट लैंड करते ही इसे वॉटर कैनन सैल्यूट देकर भव्य स्वागत किया गया। पहले दिन 15 फ्लाइट्स ने इस एयरपोर्ट से उड़ानें भरीं और इतनी ही फ्लाइट्स लैंड हुईं। ये फ्लाइट्स 9 शहरों को कनेक्ट कर रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार, करीब 4000 लोगों ने इन फ्लाइट्स से यात्रा की। भविष्य में सर्विस बढ़ेंगी और इनमें इंटरनेशनल उड़ानें भी शामिल होंगी। 30 दिसंबर तक इंडिगो 13 लोकेशनों के लिए फ्लाइट्स संचालित करेगा।

सुबह 8 बजे बेंगलुरु से इंडिगो की फ्लाइट 6E460 इस एयरपोर्ट पर उतरी, तो इसका स्वागत वॉटर कैनन से किया गया। लैंडिंग से पहले एक घोषणा में पायलट ने यात्रियों को बताया कि अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी उनका पर्सनली स्वागत करने के लिए एयरोब्रिज पर मौजूद रहेंगे। इसके तुरंत बाद, सुबह 8:40 बजे इंडिगो की फ्लाइट 6E882 हैदराबाद के लिए रवाना हुई। इस तरह नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी पहली अराइवल और डिपार्चर फ्लाइट का सफर पूरा किया। नवी मुंबई का यह एयरपोर्ट भारत का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एविएशन प्रोजेक्ट है, जो हर साल लगभग नौ करोड़ यात्रियों को सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

**15 फ्लाइट्स ने पहले दिन इस एयरपोर्ट से उड़ानें भरीं, इतनी ही फ्लाइट्स लैंड हुईं**

**30 दिसंबर तक 13 लोकेशनों के लिए फ्लाइट्स होंगी संचालित, इंडिगो ने दी जानकारी**



यात्रियों के लिए नए साल के जश्न जैसा था नवी मुंबई एयरपोर्ट से सफर।

### फूलों के हार और गिफ्ट से यात्रियों का स्वागत

नवी मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों का खास अंदाज में स्वागत किया गया। सभी यात्रियों को फूलों के हार पहनाए गए, तो माहौल में खुशियां छा गईं। इतना ही नहीं, जब वे अपना सामान लेने के लिए बैगेज क्लेम एरिया में पहुंचे, तो उनके नाम का एक गिफ्ट बॉक्स और सर्टिफिकेट भी वहां मौजूद था। क्रिसमस के अवसर पर उन्हें यह गिफ्ट दिया गया।

### 1 यात्री ने 1 दिन में किया 3 फ्लाइट्स में सफर

जयदीप नाम के एक यू ट्यूबर बुधवार रात को बेंगलुरु गए, ताकि गुरुवार की सुबह नवी मुंबई के लिए पहली कमर्शल फ्लाइट पकड़ सकें। इसके बाद उन्होंने इंडिगो की फ्लाइट से नवी मुंबई से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरी और फिर उसी दिन स्टार एयर की फ्लाइट से नवी मुंबई एयरपोर्ट वापस लौट आए। इस तरह उन्होंने एक दिन में 3 फ्लाइट्स का सफर किया, जो नवी मुंबई एयरपोर्ट को कनेक्ट करती हैं।



**वॉटर कैनन से वेलकम** सुबह 8 बजे बेंगलुरु से इंडिगो की फ्लाइट 6E460 नवी मुंबई एयरपोर्ट पर उतरी, तो यात्रियों का वेलकम वॉटर कैनन से किया गया।



CCING37 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: dineshchakravarty Time: 12-25-2025 22:36 Color:



# UPI ऑटो-पे पर कंट्रोल, नहीं कटेंगे धोखे से पैसे

## NPCI ने दी राहत, नए साल से नियम लागू




AI Image

**upihelp.npci.org.in पर सभी UPI ऑटोपे की जानकारी एक जगह मिलेगी।**

■ NBT रिपोर्ट : यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) पर ऑटोपे सुविधा को ट्रैक करना अब पहले से आसान हो गया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने लगातार आने वाले चार्जेज पर नजर रखने के लिए सख्ती की है। TOI के मुताबिक, इसका मकसद बिलिंग के उन तरीकों को रोकना है जो ग्राहकों को साफ तौर पर समझ नहीं आते। इससे ग्राहकों को अपने सब्सक्रिप्शन पर बेहतर कंट्रोल मिल सकेगा।

NPCI ने upihelp.npci.org.in नाम से एक नया सेंट्रल पोर्टल शुरू किया है। इसकी मदद से यूजर्स अपनी सभी 'UPI ऑटोपे' सेटिंग्स को एक ही जगह देख और मैनेज कर सकेंगे। यह कदम खासकर उन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की चालाकी (डार्क पैटर्न्स) को रोकने के लिए उठाया गया है, जो यूजर्स को धोखे से ऐसे ऑटोपेमेंट में फंसा देते हैं जहां हर महीने पैसे तो कटते हैं, लेकिन उन्हें बंद करना या ट्रैक करना बहुत मुश्किल होता है। यह पहल NPCI के 7 अक्टूबर 2025 को जारी किए गए एक सर्कुलर के बाद शुरू की गई है। UPI नेटवर्क से जुड़ी सभी कंपनियों को 31 दिसंबर 2025 तक इन बदलावों को लागू करना होगा। तब तक पुराने नियम पहले की तरह ही काम करते रहेंगे।

नए नियमों के मुताबिक, ग्राहक किसी भी UPI ऐप के मैनेज बैंक अकाउंट या ऑटोपे सेक्शन में जाकर अपने सभी एक्टिव ऑटोपेमेंट देख पाएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि अब ऑटोपे को 'पोर्ट' भी किया जा सकेगा। यानी आप अपने ऑटोपे को एक UPI ऐप से दूसरे ऐप पर शिफ्ट कर सकते हैं। साथ ही, कारोबारी भी अपने पेमेंट प्रोवाइडर को बदल सकते हैं। या अपनी UPI ID अपडेट कर सकते हैं। इससे पुराने पेमेंट नियमों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

NPCI ने इस सुविधा के साथ सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा है। ऑटोपे से जुड़ा कोई भी बदलाव करने के लिए UPI PIN डालना जरूरी होगा। एक ऑटोपे को 90 दिनों में सिर्फ एक ही बार पोर्ट किया जा सकेगा। ऐप्स ग्राहकों को कैशबैक या लालच देकर बार-बार ऐप स्विच करने के लिए मजबूर नहीं कर पाएंगे।

प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए, ऑटोपे के डेटा का इस्तेमाल सिर्फ उसे दिखाने के लिए ही किया जाएगा, किसी और काम के लिए नहीं। NPCI ने 'UPI Help' नाम का एक नया प्लेटफॉर्म भी शुरू किया है, जो बातचीत के जरिए ग्राहकों की मदद करेगा।


# नए साल में बढ़ेगी आर्थिक सुधारों की रफ्तार?

## GST 2.0, I-T ऐक्ट और लेबर कोड जैसे बड़े रिफॉर्म्स का साल रहा 2025

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस साल एक के बाद एक कई ऐसे कदम उठाए, जिनके दूरगामी असर दिखेंगे। बजट में इनकम टैक्स में राहत की घोषणा के बाद GST 2.0 के रूप में एक बड़ा टैक्स सुधार किया गया, वहीं लेबर कोड के जरिए विशाल वर्कफोर्स को संगठित क्षेत्र में लाने की राह बनाई गई। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर फोकस के साथ औद्योगिक क्षेत्र की राह भी आसान की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि तेज ग्रोथ बनाए रखने के लिए नए साल में कुछ और आर्थिक सुधारों की जरूरत है।

अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित रहे साल में केंद्र ने आम बजट में 12 लाख रुपये सालाना आमदनी पर इनकम टैक्स छूट के साथ कंजम्पशन बूस्ट का बड़ा कदम उठाया। इसके बाद 15 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी ने GST 2.0 रिफॉर्म्स का ऐलान किया और सितंबर में GST की घटी दरें लागू की गई। केवल 5% और 18% के रेट्स रखने का असर 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की दिवाली सेल्स के रूप में दिखा। इन सुधारों ने GST रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय भी घटा।



AI Image


### टैक्स पर नई राह

इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह नए और सरल आयकर कानून 2025 की राह भी बनाई गई, जो अगले साल 1 अप्रैल से लागू होगा। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कस्टम्स से जुड़े नियमों को सरल बनाने का एजेंडा भी सामने रख दिया है, जिस पर अगले साल कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

### मैन्युफैक्चरिंग आसान


केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगाने के लिए पर्यावरण से जुड़े नियमों में भी ढील दी और 33% ग्रीन कवर के नियम के बजाय इंडस्ट्री से हो सकने वाले प्रदूषण पर आधारित व्यवस्था बनाई। इंडस्ट्री से जुड़े एक्सपर्ट का कहना है कि इससे प्रोजेक्ट कॉस्ट 20% घट सकती है।

### निवेशकों की सुरक्षा पर ज़ोर




स्टॉक मार्केट्स के मोर्चे पर केंद्र ने सिक्योरिटीज मार्केट कोड बिल संसद में पेश कर दिया, जिसे और चर्चा के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया है। इस बिल में नियमों के पालन का बोझ घटाने और शेयर बाजार में टेक्नॉलजी का उपयोग बढ़ाते हुए निवेशकों की सुरक्षा पर जोर है।

### सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट



AI Image

वहीं, 29 श्रम कानूनों की जगह लेने वाले 4 लेबर कोड से डिलीवरी बॉय से लेकर कैब ड्राइवर तक को PF, ESIC और इंश्योरेंस सहित दूसरे सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट की व्यवस्था की गई है। नेशनल लेवल पर मिनिमम वेजेज तय किए जाने से कम आमदनी वाले करीब 18 करोड़ कामगारों को फायदा हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, 'इन सुधारों से मैनपावर और प्रोडक्शन शटडाउन से जुड़े खर्च घटने से करीब 5000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।'

# डायरेक्ट टैक्स मामले में और सुधारों की ज़रूरतः इंडस्ट्री



AI Image

PHDCCI ने MSME सहित इंडस्ट्री के लिए ज्यादा कदम उठाने पर जोर देते हुए डायरेक्ट टैक्स के मामले में और सुधारों की जरूरत जताई है। उसका कहना है कि डिविडेंड इनकम पर टैक्सेशन में बदलाव करते हुए डिविडेंड पाने वाले पर जो असल रेट लागू होता हो, उसी के मुताबिक टैक्स लगे और यह 20% से ज्यादा न हो। उसने रिसर्च एंड डिवेलपमेंट में निवेश बढ़ाने के लिए टैक्स छूट पर जोर दिया। उसका कहना है कि प्लांट और मशीनरी में होने वाले इनवेस्टमेंट के 15% के बराबर इनवेस्टमेंट अलाउंस दिया जाना चाहिए। CII ने टैक्स चोरी पकड़ने के लिए एडवांस्ड एनालिटिक्स टूल्स के उपयोग पर जोर दिया। सरकार को गैर-रणनीतिक क्षेत्रों के सरकारी उद्यमों के निजीकरण के लिए अगले 3 साल का कार्यक्रम सामने रखना चाहिए और पूरी तरह निजीकरण की राह पर बढ़ना चाहिए। साथ ही, केंद्र से राज्यों को भेजी जाने वाली रकम का बेहतर उपयोग पक्का करने के लिए एक फिस्कल परफॉर्मेंस इंडेक्स बनाया जाना चाहिए।

# 'हर्बल टी के नाम पर गुमराह न करें कंपनियां'



AI Image

**FSSAI की दो टूक: हर ड्रिंक चाय नहीं होती**

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने खाने-पीने का बिजनेस करने वाली कंपनियों को सख्त चेतावनी दी है। रेगुलेटर ने कहा है कि जड़ी-बूटियों से बने पेय (हर्बल इन्फ्यूजन) और पौधों पर आधारित ड्रिंक्स को चाय (Tea) न कहें, अगर वे असली चाय के पौधे कैमेलिया सिनेंसिस (Camellia sinensis) से नहीं बने हैं। कानून के मुताबिक, ऐसा करना ग्राहकों को गुमराह करना और गलत जानकारी माना जाएगा। बुधवार को जारी किए गए इस निर्देश में रेगुलेटर ने बताया कि कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स को 'रूइबोस टी', 'हर्बल टी' और 'फ्लावर टी' जैसे नामों से बेच रही हैं। जबकि हकीकत यह है कि इनमें से कोई भी असली चाय के पौधे से नहीं तैयार किया जाता। नियामक ने ई-कॉमर्स, सामान बनाने वाली कंपनियों, पैकिंग करने वालों, मार्केटिंग करने वालों और इसे बेचने या बाहर से मंगाने वाले सभी कारोबारियों को नियमों का पालन करने का आदेश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि किसी भी ऐसे प्रोडक्ट के लिए सीधे या घुमा-फिराकर 'चाय' शब्द का इस्तेमाल न करें, जो असली चाय के पौधे से न बना हो। साथ ही, राज्य के अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों बाजारों में इन नियमों को सख्ती से लागू करवाएं।

# नवंबर में थमी क्रेडिट कार्ड से खर्च की रफ्तार



■ NBT रिपोर्ट : त्योहारी सीजन बीतने के साथ ही क्रेडिट कार्ड से होने वाले खर्च में कमी आई है। नवंबर के महीने में क्रेडिट कार्ड खर्च करीब 11% गिरकर वापस पुराने स्तर पर आ गया है। रिजर्व बैंक (RBI) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड से 2.14 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए थे। वहीं, नवंबर में यह आंकड़ा घटकर 1.90 लाख करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, पिछले साल के नवंबर से तुलना करें तो इस बार खर्च में करीब 12% की बढ़ोतरी देखी गई है। ET के मुताबिक, भले ही खर्च में कमी आई हो लेकिन बैंकों ने नए कार्ड देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नवंबर में करीब 8 लाख 47 हजार नए क्रेडिट कार्ड जारी किए गए, जिससे अब बाजार में कुल कार्ड्स की संख्या बढ़कर 11.48 करोड़ हो गई है।

# भारत में AI से जॉब को खतरा कम, मिलेंगे नए मौके : केंद्र

## साइंस-टेक वालों के लिए वरदान बनेगा AI : IT सचिव



■ पीटीआई, नई दिल्ली : पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की वजह से दफ्तर वाली नौकरियों (वाइट-कॉलर जॉब्स) पर संकट कम है। इसकी वजह ये है कि भारत में कुल कामकाजी आबादी के मुकाबले वाइट-कॉलर लोगों की संख्या काफी कम है। साथ ही, भारत में साइंस और टेक्नॉलजी (STEM) से जुड़ी नौकरियों का बोलबाला है, जो नए अवसर पैदा कर सकता है। आईटी सचिव एस. कृष्णन ने ये बातें कहीं।

**क्या है भारत की ताकत? :** कृष्णन ने बताया कि AI का असली असर तब दिखेगा जब अलग-अलग सेक्टरों के लिए खास ऐप्स और प्रोग्राम बनाए और इस्तेमाल किए जाएंगे। इस काम के लिए बड़ी संख्या में ट्रेंड लोगों की जरूरत होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और यहीं से AI के जरिए नौकरियों के नए मौके निकलेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत इस क्षेत्र में दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है।

**भारत की तैयारी? :** कृष्णन के मुताबिक, भारत न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए AI का फायदा उठाने की अच्छी स्थिति में है। इससे देश में नौकरियां और समृद्धि दोनों बढ़ेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत का अपना स्वदेशी एप्लीकेशन मॉडल तैयार किया जा रहा है, जो फरवरी में होने वाले 'AI समिट' से पहले बनकर तैयार हो सकता है।

**क्या है चुनौती? :** एक इंटरव्यू में कृष्णन ने कहा कि AI पहली ऐसी तकनीक है जिससे 'नॉलेज वर्कर्स' और दिमागी मेहनत करने वालों के लिए खतरा पैदा हुआ है। इससे पहले जो भी औद्योगिक क्रांतियां हुईं, उनमें मशीनों ने हाथ से किए जाने वाले काम (मैन्युअल लेबर) की जगह ली थी।

**इंसानी जरूरत कितनी? :** उन्होंने कहा कि AI की गलत या मनगढ़ंत जानकारी देने की समस्याओं की वजह से अभी लंबे समय तक इंसानों की निगरानी और काम को चेक करने की जरूरत बनी रहेगी। उनके मुताबिक, इस पूरी प्रक्रिया में इंसानी दखल हमेशा जरूरी रहेगा। कृष्णन ने बताया कि AI सिस्टम को चलाने के लिए बड़े कंप्यूटर और मॉडल बनाने में बहुत कम लेकिन बेहद हुनरमंद लोगों की टीम चाहिए होती है। इसमें पैसा तो बहुत लगता है, लेकिन इससे बहुत ज्यादा नौकरियां पैदा नहीं होतीं। असली नौकरियां तो तब बढ़ेंगी जब अलग-अलग क्षेत्रों के लिए AI ऐप्स बनाए जाएंगे।

# IAS कोचिंग सेंटर पर 11 लाख रुपये जुर्माना



AI Image

**गुमराह करने वाले विज्ञापन देने का आरोप, CCPA का ऐक्शन**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : UPSC सिविल सर्विसेज परीक्षा के परिणामों के बारे में 'गुमराह करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने' के लिए विजन IAS (अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड) पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत काम करने वाली सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (CCPA) ने 2022 और 2023 के परीक्षा परिणामों के मामले में उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 के तहत यह एक्शन लिया।

कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे की अध्यक्षता वाली CCPA ने जांच में पाया कि विजन IAS ने 'CSE 2023 में टॉप 100 सेलेक्शंस में से 79 और टॉप 10 में से 7' और 'CSE 2022 में टॉप 50 में 39' अभ्यर्थी अपने यहां के होने के दावे किए थे और विज्ञापनों में इनके नाम, फोटो और रैंक प्रमुखता से प्रकाशित किए थे। CCPA ने जांच में पाया कि इंस्टिट्यूट ने 2022 और 2023 की परीक्षाओं में 119 से अधिक सफल अभ्यर्थियों का दावा किया था, लेकिन केवल 3 कैंडिडेट्स ने उसके फाउंडेशन कोर्स में दाखिला लिया था और बाकी 116 ने प्री और मेंस एग्जाम्स के लिए टेस्ट सीरीज, अभ्यास टेस्ट और मॉक इंटरव्यू प्रोग्राम्स चुने थे। CCPA ने कहा कि 'जानबूझकर जानकारी छिपाने' से अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों में यह गलत राय गई कि विजन IAS सिविल सेवा परीक्षा के सभी चरणों में इन अभ्यर्थियों की सफलता के लिए जिम्मेदार है।

नवभारत टाइम्स

# Enterटेनमेंट masalamix

## आलिया से ज्यादा फीस लेती हैं श्रद्धा: शक्ति



शक्ति कपूर का कहना है कि उनकी बेटी श्रद्धा कपूर, आलिया भट्ट और अनन्या पांडे से ज्यादा फीस लेती है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'वह कम फिल्में करती है, लेकिन सबसे अच्छी करती है और सबसे ज्यादा पैसे लेती है। वह साल में बस एक-दो फिल्मों में काम करती है।'

# सितारों ने अपनों के साथ मनाया क्रिसमस


क्रिसमस का खुमार बॉलिवुड से लेकर हॉलिवुड स्टार्स तक देखने को मिला। इस त्योहार पर तमाम सितारों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से क्रिसमस एंजॉय करते हुए फोटोज शेयर की। कोई अपने पति के साथ क्रिसमस मनाते दिखा, तो किसी ने बच्चों संग त्योहार की खुशियां बांटीं। पेश है इसकी एक झलक:



@bipashabasu



@aslisona



@riddhimakapoorsahniofficial

## बॉलिवुड से हॉलिवुड तक स्टार्स ने कहा मेरी क्रिसमस

इस साल क्रिसमस के त्योहार पर बॉलिवुड और हॉलिवुड के तमाम नामी सितारों ने सोशल मीडिया पर अपने घर की सजावट की तस्वीरें तो साझा कीं साथ ही अपने परिवार के साथ त्योहार एंजॉय करते हुए दिखाई दिए। रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा ने भी क्रिसमस की बधाइयां देते हुए रणबीर, भाभी आलिया, मां नीतू सिंह एवं बेटी के साथ फोटो शेयर की। शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा और बच्चों के साथ सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। वहीं तमन्ना भाटिया ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर क्रिसमस की फोटोज शेयर की हैं जिसमें क्रिसमस वाइब दिख रही है। पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा, 'हो, हो, हो मेरी क्रिसमस।'



## पैरिस ने बच्चों के साथ बनाईं कुकीज

**पैरिस हिल्टन** भी क्रिसमस के जश्न में शामिल हुईं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने बच्चों के साथ क्रिसमस पर्व की तैयारियां कर रही हैं। इस तस्वीर में पैरिस हिल्टन अपने प्यारे बच्चों के साथ कुकीज बना रही हैं और पीछे क्रिसमस की खूबसूरत सजावट नजर आ रही है।



# मनोरंजन के साथ मेसेज देने की पहल

Rekha.Khan@timesofindia.com



**फिल्म**
**तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी**
**रेटिंग** ★★½☆☆
**निर्देशक:** समीर विद्वांस
**कलाकार:** कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे, जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता, टीकू तलसानिया, कृप्ता कपूर आदि।
**अवधि:** 2 घंटे 25 मिनट
**जॉनर:** रोमांटिक-कॉमिडी

रोम-कॉम फिल्में हमेशा से बॉलिवुड की पहचान रही हैं। जब रोमांटिक-कॉमिडी के हल्के-फुल्के मनोरंजन में कोई सशक्त संदेश पिरो दिया जाए, तो वह कहानी सिर्फ हंसाती ही नहीं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती है। निर्देशक समीर विद्वांस की तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी भी ऐसी ही एक रोमांटिक-कॉमिडी है, जो मुस्कुराहटों के बीच एक जरूरी बात कहती है, प्यार को पाने के लिए हमेशा लड़की को ही अपना घर-बार छोड़ना पड़े, यह कोई अनिवार्य नियम नहीं। यह फिल्म रिश्तों में बराबरी और समझदारी की पैरवी करती है, और इसी वजह से मनोरंजन के साथ-साथ एक सकारात्मक संदेश भी देती है।

कहानी रेहान उर्फ रे (कार्तिक आर्यन) और रूमी (अनन्या पांडे) के इर्द-गिर्द घूमती है। रे एक बेपरवाह, जिंदादिल युवक है, जो अपनी सिंगल मदर पिंकी (नीना गुप्ता) के साथ वेडिंग प्लानिंग का बिजनेस संभालता है। वहीं रूमी एक संवेदनशील लेखिका है, जो आज के हुकअप के दौर में भी नब्बे के दशक जैसा सच्चा प्यार चाहती है। क्रोएशिया की एक क्रूज यात्रा में हुई दोनों की नोक-झोंक भरी मुलाकात प्यार में बदल जाती है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब रे शादी का प्रस्ताव रखता है, लेकिन रूमी अपने रिटायर्ड फौजी पिता (जैकी श्रॉफ) और बहन की जिम्मेदारियों के चलते भारत लौटने का फैसला करती है। क्या यह प्रेम कहानी अधूरी रह जाएगी या तमाम बाधाओं को पार कर मुकम्मल होगी? इसका जवाब फिल्म में छुपा है।

निर्देशक समीर विद्वांस की यह रोम-कॉम सुरक्षित और आजमाए हुए फॉर्मूले पर चलती है। फिल्म का फर्स्ट हाफ काफी स्लो है। क्रोएशिया की खूबसूरत लोकेशंस और क्रूज का एहसास आंखों को सुकून देता है, लेकिन कहानी में दम की कमी खलती है। सेकंड हाफ में फिल्म रफ्तार पकड़ती है, जब सारे किरदार एक साथ आते हैं, हालांकि प्लॉट्स बेहद जाने-पहचाने लगते हैं, जैसे हीरो का हीरोइन के घर आकर सबको इम्प्रेस करना। इसके बावजूद क्लाइमैक्स एक मजबूत संदेश और फील-गुड नोट पर खत्म होता है। विशाल-शेखर का संगीत असर छोड़ता है, खासकर दिल मुसाफिर और टाइटल ट्रैक। अनिल मेहता की सिनेमैटोग्राफी में क्रोएशिया और भारत की खूबसूरती उभरती है, जबकि मनन मेहता की एडिटिंग में थोड़ी और कसावट होती तो अनुभव बेहतर हो सकता था।

एक्टिंग की बात करें, तो इस रोम-कॉम में कार्तिक आर्यन ने रे की भूमिका में वो तमाम रंग भरे हैं, जो रोमांस, कॉमिडी और इमोशन से भरपूर हैं। उनका चिरपरिचित चार्म किरदार को भरोसेमंद बनाता है। अनन्या फिल्म दर फिल्म परिपक्व होती चली गई हैं। उन्होंने रूमी की भूमिका को प्रभावी तरीके से निभाया है। दोनों की केमिस्ट्री पर्दे पर खिलती है। चुलबुली और जिंदादिल मां के किरदार में नीना गुप्ता हमेशा की तरह शानदार रही हैं, जबकि जैकी श्रॉफ फिल्म में अपने किरदार से भावनात्मक गहराई लाते हैं। सपोर्टिंग कास्ट कहानी के मूड को बनाए रखती है।

**क्यों देखें**
कॉमिडी के शौकीन यह फिल्म देख सकते हैं।

# फिस्स निकली इस 'एनाकोंडा' की हिस्स

Upma.Singh@timesofindia.com



**फिल्म**
**एनाकोंडा**
**रेटिंग** ★★★☆☆
**निर्देशक:** टॉम गॉर्मिकन
**कलाकार:** पॉल रुड, जैक ब्लैक, स्टीव जान, थैंडीवे न्यूटन, डैनिएला मेलकिओर और सेल्टन मेलो आदि।
**अवधि:** 1 घंटा 40 मिनट
**जॉनर:** हॉरर, कॉमिडी

इस फिल्म में एक सीन है, जहां इसे रीमेक करने वाली टीम की सदस्य कहती है, 'आजकल ओरिजिनल कहानियों का अभाव है' और यह बात इन दिनों धड़ाधड़ आ रहे हॉलिवुड क्लासिक फिल्मों के रीबूट पर बिल्कुल सही बैठती है। बीते कुछ समय से पुरानी हिट और क्लासिक हॉलिवुड फिल्मों के रीमेक और सीक्वल की झड़ी लगी हुई है, जो अपनी मूल फिल्मों के कद के साथ न्याय नहीं कर पा रही हैं। निर्देशक टॉम गॉर्मिकन की एनाकोंडा भी इसी कतार में नया नाम है। 2017 की विख्यात हॉरर फिल्म एनाकोंडा की यह कॉमिकल रीमेक न तो ठीक से हंसा पाती है, न ही डरा पाती है।

फिल्म पुरानी एनाकोंडा की यादें ताजा करती एक मेटा रीबूट यानी नई कहानी है, जहां इस फिल्म के फैन रहे बचपन के चार दोस्त डग (पॉल रुड), ग्रिफ (जैक ब्लैक), क्लेयर (थैंडीवे न्यूटन) और केनी (स्टीव जान) इस फिल्म को रीबूट करने का फैसला करते हैं। अपनी-अपनी जिंदगी से नाखुश ये चारों इस रोमांचक यात्रा पर अमेजन के जंगलों में एनाकोंडा के साथ शूटिंग करने निकलते हैं, जहां उनका सामना असल एनाकोंडा से हो जाता है। ऐसे में, ये इस विशालकाय जीव से कैसे अपनी जान बचाते हैं, यह जानने के लिए फिल्म देखनी होगी।

हालांकि, टॉम गॉर्मिकन और केविन एटेन की लिखी यह कहानी काफी साधारण रह गई है। शुरू-शुरू में अवैध रूप से सोने की तस्करी करने वाली एना (डैनिएला मेलकिओर) की एंट्री से ऐसी आस बंधती है कि कुछ रोचक प्लॉट ट्विस्ट और सांसें थामने वाले सीन देखने को मिलेंगे लेकिन अफसोस कि ऐसा होता नहीं है। एक तो फिल्म में एनाकोंडा से मुठभेड़ वाले सीन कम हैं, फिर जो हैं वे भी कोई खौफ पैदा नहीं कर पाते। कॉमिडी के भी कुछ ही सीन दमदार हैं, जबकि क्लाइमैक्स समेत कई सीन खासे बचकाने हैं। टॉम का निर्देशन भी ढीला-ढाला सा ही है। थोड़ी-बहुत इज्जत ऐक्टर्स की अदाकारी बचाती है। पॉल रुड, जैक ब्लैक, स्टीव जान, थैंडीवे न्यूटन, डैनिएला मेलकिओर और सेल्टन मेलो सभी ने अपनी तरफ से दर्शकों को हंसाने की ईमानदारी से कोशिश की है, लेकिन कमजोर लेखन के चलते वे भी कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाते। विजुअल अपील की बात करें, तो जंगल वाले कुछ सीन आकर्षक हैं, जबकि वीएफएक्स हॉलिवुड स्तर का नहीं लगता। कुल मिलाकर, यह फिल्म निराश करती है।

**क्यों देखें**
पॉल रुड और जैक ब्लैक के फैन हैं तो ही इस फिल्म को देखें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: cci Time: 12-25-2025 22:51 Color:



हर कोई रोहित शर्मा और विराट कोहली को खेलते देखना चाहता है। हालांकि, इन दोनों का शुरुआत से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना तय नहीं था। ऐसे में अचानक इनके मैच का टेलिकास्ट करवाना मुश्किल होता। -रविचंद्रन अश्विन, पूर्व इंटरनैशनल क्रिकेटर



**1**

नंबर पर हैं ब्रहन गूच ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की लिस्ट में। उनके नाम 22211 रन हैं। दूसरे स्थान पर ग्रीम हिक (22059 रन) और तीसरे पर सचिन तेंडुलकर (21999) हैं

## MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

### आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें

1. भारत-श्रीलंका के बीच विमिंस टी20I सीरीज का तीसरा मैच कहां खेला जाएगा? A) मुंबई B) बेंगलुरु C) विशाखापत्तनम D) तिरुवनंतपुरम
2. SA20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम के हेड कोच कौन हैं? A) केशव महाराज B) एंडी फ्लावर C) सौरव गांगुली D) ब्रेंडन मैकुलम
3. द एशेज 2025/26 सीरीज के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कौन हैं? A) स्टीव स्मिथ B) पैट कमिंस C) मिचेल स्टार्क D) मार्नस लाबुशेन

**कल के जवाब**
1. D) सचिन तेंडुलकर
2. A) दोहा

**लकी विनर्स**



1. जीनियस माथी, दयालपुर, दिल्ली
2. संगीत धूरिया, लखनऊ, उ. प्र.
3. सरोज जैन, ठाणे, महाराष्ट्र

**आप अपने जवाब हमें**
**9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

## फटाफट खबरें

### अब करप्शन खत्मः PM

■ नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 से पहले खेलों और टीम चयन में जो अनियमितताएं थी, वे अब समाप्त हो चुकी है और आज गरीब परिवारों के बच्चे भी प्रतिभा और मेहनत के दम पर शीर्ष स्तर तक पहुंच रहे हैं। 'सांसद खेल महोत्सव' में उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवा निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मजबूत माध्यम बन रहा है। महोत्सव गांव-शहर से प्रतिभाएं सामने ला रहा है।

### जीव बने चैंपियन

■ कोलंबोः भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 13 साल बाद IGPL इनविटेशनल श्रीलंका गोल्फ टूर्नामेंट जीतकर शानदार वापसी की। 54 वर्षीय जीव ने कुल 15 अंडर स्कोर के साथ आर्यन रूपा आनंद को एक शॉट से हराया।

### HIL का टिकट फ्री

■ नई दिल्लीः हॉकी इंडिया लीग 2025-26 के चेन्नै चरण के लिए टिकट बिक्री शुरू हो गई है। सभी मैचों के टिकट फ्री रखे गए हैं। मेंस लीग 3 जनवरी से, जबकि विमिंस लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी।

एशेज सीरीज़ का चौथा मैच आज से, ऑस्ट्रेलिया 3-0 से ले चुका है अजेय बढ़त


# सम्मान के लिए लड़ेगा इंग्लैंड

■ एजेंसियां, मेलबर्नः क्रिकेट जगत के दो सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वी आज से एक बार फिर आमने-सामने होंगे, लेकिन तस्वीर पूरी तरह बदली हुई होगी। दरअसल, बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम अपने मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे में इस लक्ष्य के साथ आई थी कि वह पंद्रह साल बाद प्रतिष्ठित एशेज सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में शिकस्त देने का कारनामा करेगी। लेकिन, हुआ इसका उल्टा। पहले तीनों टेस्ट में हार के साथ ही 0-3 के स्कोर के साथ इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज पहले ही गंवा चुकी है। इतना ही नहीं, इंग्लैंड के प्लेयर्स पर जमकर शराब पीने के आरोपों के चलते टीम की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है और यह मैसेज गया है कि प्लेयर्स मौज-मस्ती के मूड में अपने मूल कर्तव्य को लेकर गंभीर नहीं हैं। अब इंग्लिश टीम के सामने बचे हुए दो मैचों में सीरीज का समापन सम्मानपूर्ण तरीके से करने की चुनौती है, जो कतई मुश्किल टास्क लग रहा है। साफ है कि बुधवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे बॉक्सिंग डे टेस्ट में इंग्लैंड को कई मोर्चों पर जूझना होगा।

द एशेज

**मेजबान चोटों से प्रभावितः** इंग्लैंड हालांकि इस बात से थोड़ी राहत की सांस ले सकती है कि अपने कुछ अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी पूरी क्षमता के साथ नहीं खेल रही होगी। नियमित कप्तान पैट कमिंस के अलावा दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन भी चोटिल होने के कारण नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया है और लियोन की जगह किसी स्पिनर को टीम में शामिल नहीं किया जाएगा।

एडिलेड में तीसरे टेस्ट में लियोन को चोट लगी थी जिनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को बुलाया गया। एमसीजी की पिच पर हालांकि घास को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया ने मर्फी को बाहर रखने का फैसला किया है। लियोन और कमिंस के बाहर होने से जोश इंग्लिस, जाय रिचर्डसन, ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसर तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।



पिच का निरीक्षण करने पहुंचे कप्तान स्टीव स्मिथ (बाएं) और मार्नस लाबुशेन

आपको पिच के हिसाब से टीम चुननी होती है और एमसीजी की इस पिच को देखकर लगता है कि यहां तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी।
– स्टीव स्मिथ, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया

**90.63**
स्ट्राइक रेट रहा है ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हेड का सीरीज में। यह एशेज सीरीज के इतिहास में कम से कम सौ रन बनाने वाले किसी ओपनर का सर्वाधिक स्ट्राइक रेट है

**प्लेइंग XI**

**ऑस्ट्रेलिया (संभावित):** जैक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, जाय रिचर्डसन, स्कॉट बोलैंड

**इंग्लैंड (घोषित):** जैक क्राउली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टंग

**7** रन और चाहिए इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक को करियर में 3000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए। दूसरी ओर, इंग्लैंड के ही बेन डकेट को भी अपने 3 हजार रन पूरे के लिए और 31 रन चाहिए

### नए माइलस्टोन के करीब पहुंचे स्टार्क

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मौजूदा सीरीज में शानदार लय में हैं। उन्होंने जोश हेजलवुड और पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में अकेले दम इंग्लैंड को परेशानी में डाला है और टीम को जीत दिलाने में गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी भूमिका निभाई है। स्टार्क सिडनी में खेले जाने वाले सीरीज के अंतिम टेस्ट तक पैट कमिंस और नाथन लियोन को पीछे छोड़कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन सकते हैं। स्टार्क ने 2019 से 2025 के बीच WTC के 52 टेस्ट मैचों में 213 विकेट लिए हैं। अगले 2 टेस्ट में 12 विकेट लेने पर उनके 225 विकेट हो जाएंगे और वह WTC के सबसे सफल गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल वह इस मामले में तीसरे नंबर पर हैं। स्टार्क जिस तरह की फॉर्म में है उनके लिए दो मैचों में 12 विकेट का टारगेट कतई मुश्किल नहीं है।

# दिग्गजों के प्रदर्शन पर आज फिर होंगी निगाहें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः दिग्गज विराट कोहली और 'हिटमैन' रोहित शर्मा के लिए आज फिर विजय हजारे ट्रॉफी में जलवा बिखेरने का अवसर होगा। दोनों प्लेयर्स की टीमें दूसरे राउंड के मैच के लिए उतरेंगी। विराट ने टूर्नामेंट के पहले राउंड के मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक जमाया था, जबकि रोहित के बल्ले से जयपुर में सिक्किम के खिलाफ 155 रन निकले थे। ऐसे फैंस को एक बार फिर उम्मीद है कि दोनों भारतीय प्लेयर्स दूसरे राउंड में भी रन बनाना जारी रखेंगे।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

कोहली की टीम दिल्ली बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गुजरात का सामना करेगी। वहीं, मुंबई ओपनर रोहित के साथ जयपुर स्थित सवाई मान सिंह स्टेडियम में उत्तराखंड के खिलाफ उतरेंगे। दिल्ली और मुंबई पहले राउंड के मैच जीतने में सफल रही थी और अब उनकी नजरें लगातार दूसरा मैच जीतने पर होंगी।

**पंत के पास मौकाः** दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत भी इस घरेलू टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। पहले मैच में यह विकेटकीपर बल्लेबाज बल्ले से कुछ ज्यादा खास नहीं कर सका था और नौ गेंद पर पांच रन बनाकर आउट हो गया था। पंत भारतीय टेस्ट टीम का तो हिस्सा हैं, लेकिन वाइट बॉल क्रिकेट में वह नैशनल टीम से बाहर हैं। वहीं, महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी में 2924 रन बनाए हैं और 3 हजारी क्लब में शामिल होने से केवल 76 रन दूर हैं। वह आज सिक्किम के खिलाफ 76 रन बनाकर इस टूर्नामेंट 3000 रन बनाने वाले 17वें बैटर बन सकते हैं।

**19** मुकाबले खेले जाएंगे विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के राउंड-2 में आज। इसमें से 16 मुकाबले एलीट ग्रुप के होंगे, जबकि 3 प्लेट ग्रुप के



FILE

दिल्ली के विराट कोहली

### सिर्फ दो मुकाबलों की होगी लाइव स्ट्रीमिंग

एलीट और प्लेट ग्रुप मिलाकर कुल 19 मुकाबले आज देशभर के अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। हालांकि, राउंड-2 के सिर्फ दो मैच ही स्ट्रीम और ब्रॉडकास्ट होंगे। झारखंड और राजस्थान के बीच अहमदाबाद में होने वाला मैच जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर ब्रॉडकास्ट होगा। असम और जम्मू-कश्मीर के बीच राजकोट में होने वाला मैच जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। अन्य सभी मुकाबले न तो स्ट्रीम होंगे और न ही ब्रॉडकास्ट। पहले राउंड में भी सिर्फ दो मुकाबले स्ट्रीम और ब्रॉडकास्ट करने की वजह से फैंस में नराजगी थी।

# सीरीज़ जीत पर हरमन सेना की नज़र

**भारत Vs श्रीलंका**
**विमिंस टी20I, तीसरा मैच**

■ एजेंसियां, तिरुवनंतपुरमः आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनैशनल में जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। विशाखापत्तनम में खेले गए पहले दो मुकाबलों में भारत ने क्रमशः आठ और सात विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। यह भारत की पिछले 11 टी20 मैचों में नौवीं जीत रही, जो टीम की निरंतरता और गहराई को दर्शाती है।

**लय में बल्लेबाजीः** भारतीय बल्लेबाजी क्रम शानदार लय में है और दोनों मुकाबलों में अलग-अलग खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी निभाई। पहले मैच में जेमिमा रोड्रिग्स ने पारी संभाली, जबकि दूसरे मुकाबले में शेफाली वर्मा ने आक्रामक अंदाज में जीत की नींव रखी। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में बैटिंग यूनिट संतुलित नजर आ रही है। गेंदबाजी विभाग भी उतना ही प्रभावी रहा है। स्पिनरों ने श्रीलंकाई बैटर्स को जकड़ कर रखा और पहले मैच में छह विकेट पर 121 तथा दूसरे में नौ विकेट पर 128 रन ही बनाने दिए। युवा गेंदबाज एन श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित लाइन-लेंथ के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

**श्रीलंका की बैटिंग कमजोरः** दूसरी ओर, श्रीलंका की बल्लेबाजी शुरुआती दोनों ही मैच में विफल रही है। पहले मैच में श्रीलंका ने छह विकेट पर 121 रन बनाए थे, जबकि दूसरे मैच में टीम 20 ओवर्स में नौ विकेट पर सिर्फ 128 रन ही बना सकी थी।



FILE

शेफाली वर्मा, कप्तान हरमनप्रीत कौर

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारतः** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधती रेड्डी, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी

**श्रीलंकाः** चमारी अटापट्टू (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, निलाक्षिका सिल्वा, कौशिनी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), कविशा दिलहरी, मल्की मदारा, इनोका रणवीरा, काव्या काविंदी, शशिनी गिम्हनी

**टेलिकास्टः** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

### EFI से जुड़े क्लबों की अर्जी हुई खारिज

संघ चुनाव विवाद

■ पीटीआई, नई दिल्लीः दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारतीय घुड़सवारी महासंघ (EFI) से संबद्ध क्लबों को महासंघ के चुनावी प्रक्रिया में मतदान का कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने चंडीगढ़ स्थित घुड़सवारी क्लब सहित अन्य याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि क्लबों और संस्थागत सदस्यों की भागीदारी राष्ट्रीय खेल संहिता के प्रावधानों के विपरीत है। अदालत ने 23 दिसंबर के आदेश में कहा कि खेल संहिता के खंड 3.9 और 3.10 के अनुसार महासंघ के निर्वाचक मंडल में मतदान का अधिकार संबद्ध राज्य संघों और केंद्र शासित प्रदेश संघों को ही है।

# हेड कोच गांगुली का साथ मिलने से महाराज खुश

क्रिकेट कनेक्ट

■ एजेंसियां, नई दिल्लीः साउथ अफ्रीका टी20 लीग (SA20) 2025-26 सीजन की शुरुआत से पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के नए कप्तान केशव महाराज ने टीम के हेड कोच सौरव गांगुली के साथ काम करने को लेकर उत्साह जताया है। लीग का चौथा सीजन 26 दिसंबर से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, 'यह प्रिटोरिया कैपिटल्स के साथ मेरा पहला साल है। टीम के कोचिंग स्टाफ में सौरव गांगुली और शॉन पोलॉक के रूप में दिग्गज क्रिकेटर मौजूद हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।'



प्रिटोरिया के कप्तान केशव महाराज

**WPL के लिए टिकट बिक्री आज से**
**मुंबईः** विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के आगामी सीजन के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री 26 दिसंबर 2025 को शाम 6 बजे से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने लीग के चौथे सीजन के लिए 'डिस्ट्रिक्ट' को आधिकारिक टिकटिंग एजेंसी नियुक्त किया है।

## स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज (टेनिस)

# फिर ताल ठोकेंगे जोकोविच



टेनिस की दुनिया अब एक 'गार्ड चेंज' के दौर से गुजर रही है। 2026 वह साल होगा जहां यह तय हो जाएगा कि क्या एक GOAT (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) नोवाक जोकोविच 39 की उम्र में भी युवाओं से लोहा ले सकते हैं, या फिर टेनिस की नई 'बिग टू' (सिनर और अल्काराज) पूरी तरह से खेल पर कब्जा कर लेंगे। फैंस के लिए यह साल भावनाओं, हाई-वोल्टेज मैचों से भरपूर होने वाला है। जोकोविच अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर कुछ नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए ताल ठोकेंगे, तो कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर टेनिस की दुनिया पर अपना पूरा दबदबा कायम करने के लिए तत्पर होंगे।

**सबसे बड़ा सवाल**

जोकोविच के लिए 2025 का साल मिला-जुला रहा। उन्होंने चारों ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल तक जगह बनाई, लेकिन सिनर और अल्काराज की 'दीवार' नहीं तोड़ पाए। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वह 2028 ओलिंपिक्स तक खेलना चाहते हैं। हालांकि, साल 2026 उनके लिए एक 'लिटमस टेस्ट' होगा। अगर वह इस पूरे साल कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाए, तो वह अपने भविष्य पर दोबारा विचार कर सकते हैं।

### सिनर Vs अल्काराज

मेंस टेनिस में पूरे साल असली टक्कर अल्काराज और सिनर के बीच ही होने की उम्मीद है। साल 2025 में दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से टेनिस को एक अलग गति और शक्ति प्रदान की। 2026 में दोनों के बीच 'करियर ग्रैंडस्लैम' पूरा करने की होड़ दिखेगी।



**91%** मैच जीते 2025 में सिनर ने और इस मामले में टॉप पर रहे। सर्वाधिक 71 मैच 8 सिंगल्स खिताब के साथ हालांकि, अल्काराज सबसे आगे रहे

### 2026 के खास पड़ाव

1. **करियर ग्रैंडस्लैम की रेसः** कार्लोस अल्काराज अगर 2026 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत लेते हैं, तो वह इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे जिन्होंने चारों ग्रैंडस्लैम जीते हैं।
2. **कॉनर्स, फेडरर और जोकोविचः** जिमी कॉनर्स के नाम 109 सिंगल्स खिताबों का सर्वकालिक रेकॉर्ड है। जोकोविच (101 खिताब) के साथ इस दूसरे नंबर पर कायम रोजर फेडरर (103 खिताब) के करीब हैं।
3. **भारत में तीसरी बारः** 2026 में भारत में चार एटीपी चैलेंजर इवेंट्स होंगे- बेंगलुरु (5 जनवरी), चेन्नै (9 फरवरी), दिल्ली (16 फरवरी) और पुणे (23 फरवरी)। ऐसा लगातार तीसरे सीजन में होगा।
4. **बदला हुआ कैलेंडरः** नए साल में विंबलडन और कैनेडियन ओपन के बीच 3 हफ्ते का अंतर होगा ताकि प्लेयर्स को रेस्ट मिल पाए

### सबालेंका के सामने 'ट्रायंगल'

विमिंस टेनिस में 2025 में आरिना सबालेंका लगातार टॉप पर बनी रही। वह नौ फाइनल्स में पहुंची, लेकिन सिर्फ यूएस ओपन जीत सकी। उन्हें इगा स्वियातेक, कोको गॉफ और एलेना रिबाकिना से कड़ी चुनौती मिली। नए साल में उन्हें फिर 'इगा-कोको-एलिना' के ट्रायंगल को फेस करना होगा।



### साल-2026 के टेनिस के सबसे बड़े इवेंट्स

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू | कोर्ट |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलियन ओपन | 12 जनवरी-1 फरवरी | मेलबर्न | हार्ड |
| फ्रेंच ओपन | 18 मई-7 जून | पैरिस | क्ले |
| विंबलडन | 29 जून-12 जुलाई | लंदन | ग्रास |
| यूएस ओपन | 31 अगस्त-13 सितंबर | न्यूयॉर्क | हार्ड |
| ATP फाइनल्स | 15-22 नवंबर | ट्यूरिन | इंडोर हार्ड |

## मेरा गांव, मेरे पास

# 'परिवारवादी दूसरों की लकीर छोटी करते हैं'

## PM ने कहा- हम हर किसी के योगदान का सम्मान कर रहे हैं

■ पीटीआई, लखनऊ

पीएम नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना की। लखनऊ में उन्होंने कहा कि BJP को राजनीतिक रूप से हमेशा अछूत बनाए रखने वाली कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की विरासत को मिटाने की कोशिश की। सरदार वल्लभभाई पटेल के कद को कमतर करने की भी कोशिश। BJP ने उन्हें सम्मान दिलाया।

पीएम ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की शुरुआत करने के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि परिवारवाद की राजनीति असुरक्षा से भरी हुई होती है। परिवारवादियों के लिए दूसरों की लकीर छोटी करना मजबूरी हो जाती है, उनके परिवार का कद बड़ा दिखे और उनकी दुकान चलती रहे। मोदी ने कहा, 'प्रेरणा स्थल में लगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं हमें नई ऊर्जा से भर रही हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना है कि आजादी के बाद भारत में हुए हर अच्छे काम को कैसे एक ही परिवार से जोड़ने की प्रवृत्ति पनपी।' उन्होंने कांग्रेस और गांधी-नेहरू परिवार पर निशाना साधते हुए कहा, 'किताबें हों, सरकारी योजनाएं हों, सरकारी संस्थान हों, गली, सड़क, चौराहे हों, सब जगह एक ही परिवार का गौरव गान किया गया। BJP ने देश को एक परिवार की बंधक बनी इस पुरानी प्रवृत्ति से भी बाहर निकाला है।'



Sandeep Rasted

राष्ट्र प्रेरणा स्थल की पीएम ने शुरुआत की।

### गर्व है कि 370 खत्म किया: मोदी

मोदी ने कहा कि BJP को गर्व है कि उसकी सरकार को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले आर्टिकल-370 को समाप्त करने का अवसर मिला। मोदी ने मुखर्जी को याद करते हुए कहा, 'मुखर्जी ने देश को दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाई। ये डॉक्टर मुखर्जी ही थे जिन्होंने भारत में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान को खारिज कर दिया था। जम्मू-कश्मीर में यह व्यवस्था भारत के लिए चुनौती थी। आज भारत का संविधान जम्मू-कश्मीर में भी पूरी तरह लागू है।' मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग मंत्री के रूप में मुखर्जी ने आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव रखी। दशकों पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का सपना देखा था। उनके सपने को मोदी ने अपना संकल्प बनाया है।

मोदी ने आरोप लगाया, 'यह कोई नहीं भूल सकता कि कैसे बाबा साहब आंबेडकर की विरासत को मिटाने की कोशिश हुई। दिल्ली में कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने यह पाप किया।

# उन्नाव केस: HC के फैसले को चुनौती देगी CBI

## राय लेने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी सुप्रीम कोर्ट में जल्द ही अर्जी देगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

उन्नाव रेप मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने और जमानत देने के फैसले को सीबीआई जल्द सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। दिल्ली हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने सेंगर को जमानत दी है।

सीबीआई का कहना है कि उसने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेशों की स्टडी की है। इस मामले में टॉप लीगल एक्सपर्ट की ओपिनियन ली जा रही है। जल्द ही वह हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। सीबीआई अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए कानूनी सलाह लिया जा रहा है। उम्मीद है कि इसी महीने में सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी जाएगी। इसके लिए हाई कोर्ट के फैसले का अध्ययन कर सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर करने की तरफ काम किया जा रहा है। इसमें देखा जा रहा है कि हाई कोर्ट में पेश सबूतों में कहां ऐसी कमी रही, जो कोर्ट को सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित कर उसे जमानत देनी पड़ी। इन कमियों को दूर करने की पूरी कोशिश की जाएगी। सेंगर की ओर से दायर अपील और जमानत याचिका का सीबीआई के साथ-साथ पीड़िता के परिवार ने भी दिल्ली हाई कोर्ट के सामने कड़ा विरोध किया था। सीबीआई का कहना है कि उसने इस मामले में समय पर जवाब और लिखित दलीलें दाखिल की थी। पीड़िता के परिवार ने भी सुरक्षा और खतरों का हवाला देते हुए इस याचिका का विरोध किया था।



कुलदीप सिंह सेंगर की सजा हाई कोर्ट ने सस्पेंड कर दी है।

### न्याय की भाषा समझ में आए: अखिलेश

पीटीआई, लखनऊः समाजवादी पार्टी (SP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय तभी सार्थक हो सकता है जब वह न्याय चाहने वालों को समझ में आने वाली भाषा में दिया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषाई समावेश भी न्याय के लिए निर्णायक बिंदु है।

### फैसले से गया डरावना मेसेज: महबूबा मुफ्ती

पीटीआई, श्रीनगरः PDP की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद को निलंबित करने से उन्नाव रेप पीड़िता को एक डरावना मेसेज गया है। BJP के शासन में रेप के मामलों में नरमी बरती जा रही है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 12-25-2025 22:58 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## आज ही हुई थी रेडियम की खोज

आज ही के दिन 1898 में खोजकर्ता मैरी क्यूरी और उनके पति पियरे क्यूरी ने दुनिया को रेडियम की खोज की जानकारी दी थी। उन्होंने पाया कि पिचब्लेंड नाम के खनिज में एक ऐसा तत्व मौजूद है जो यूरेनियम से भी लाखों गुना अधिक रेडियोएक्टिव है। इसका नाम लैटिन शब्द 'रेडियस' पर रखा गया, जिसका मतलब किरण होता है। इस खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। मुंबई
शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025, पेज 12


## कैंसर का इलाज होगा और भी सटीक

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रेडियम का सबसे आधुनिक रूप रेडियम-223 कैंसर के इलाज को और सटीक बनाएगा। इससे बनी दवाएं शरीर के स्वस्थ हिस्सों को नुकसान पहुंचाए बिना सीधे ट्यूमर पर हमला करेंगी। स्पेस विज्ञान में, रेडियम की मदद से ऐसी परमाणु घड़ियां बनाई जाएंगी जो समय को आज से कहीं अधिक सटीक बना देंगी। इससे लंबी अंतरिक्ष यात्राएं भी आसान होंगी। अपनी लंबी उम्र के कारण, यह भविष्य की कई वैज्ञानिक खोजों का आधार बना रहेगा।



AI Image

# क्रिसमस पर चर्च पहुंचे PM मोदी, प्रेयर में हुए शामिल




### कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन में पहुंचकर सामान्य लोगों की तरह प्रार्थना में शामिल हुए


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्रिसमस पर** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन पहुंचे। यहां वह करीब आधे घंटे तक रुके। उन्होंने यहां आए सभी लोगों के साथ प्रार्थना में हिस्सा लिया। उनके लिए चर्च में कोई वीआईपी इंतजाम नहीं किए गए थे। उन्होंने भी चर्च में सामान्य प्रेयर की।

गुरुद्वारा रकाब गंज के पास स्थित यह चर्च दिल्ली के सबसे पुराने और बड़े चर्च में शामिल है। यहां प्रार्थना सभा में प्रेयर, कैरोल और बिशप पॉल स्वरूप की तरफ से पीएम के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। पीएम ने यहां लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। चर्च के बिशप पॉल स्वरूप ने बताया कि पीएम के लिए चर्च में कोई विशेष इंतजाम नहीं थे। वह सामान्य लोगों के साथ ही बैठे। इसके बाद उन्होंने कैरल्स भी गाईं। जिस समय पीएम मौजूद थे उस समय दो कैरल्स हिंदी में गाए गए। इन्हें पीएम ने भी गाया।

**पीएम के आने से लोगों में दिखी खुशी :** पीएम के जाने के बाद हिंदी कैरल टीम में शामिल सारा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरी प्रार्थना में हिस्सा लिया। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि वह हमारे साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन में शामिल हुए। एक अन्य सिंगर आकांक्षा ने कहा कि हमारी क्रिसमस और भी खुशनुमा हो गई क्योंकि प्रधानमंत्री यहां आए और हमने उनके सामने गीत गाए।






**पीएम संग क्रिसमस:** चर्च में बिशप पॉल स्वरूप की तरफ से पीएम के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था।





**पीएम ने फोटो भी किया शेयर** बाद में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर चर्च की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि दिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना में शामिल हुआ। इस प्रार्थना में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका है। उम्मीद है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाएगी।

### अलग-अलग चर्च में भी रही सुबह से भीड़




वहीं, राजधानी के तमाम गिरजाघरों में क्रिसमस पर मास प्रेयर की गई। सुबह भी गिरजाघरों में प्रार्थना की गई। लोगों की भीड़ सुबह से ही चर्चों में दिखने लगी थी। शाम पांच बजे तक चर्चों के बाहर लाइनें लगी थीं। लोग अंदर जाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। हर धर्म के लोग यहां प्रेयर के लिए पहुंच रहे थे। रोमन कैथोलिक आर्कडायसिस चर्च, गोल मार्केट स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च, मंदिर मार्ग के सेंट थॉमस चर्च, संसद मार्ग के फ्री चर्च, दिल्ली कैंट के सेंट मार्टिन चर्च, वसंत कुंज के सेंट मैरी चर्च में भी लोगों की काफी भीड़ रही।

### अंतर्ज्ञान

जितनी अपेक्षाएं, उतने दुख। अपेक्षा का अर्थ है - दूसरे से अपने मन के मुताबिक व्यवहार की आशा रखना। जब यह पूरी नहीं होती, तो क्रोध और निराशा जन्मते हैं। प्रेम को अपेक्षा से मुक्त कीजिए, तभी वह टिकेगा। जीवन का आधा बोझ इस बात से हल्का हो जाएगा कि हम दूसरों से वैसा कुछ चाहना बंद कर दें, जैसा हम खुद से चाहते हैं। बिना अपेक्षा का प्रेम ही सबसे शुद्ध प्रेम है। अपेक्षा के बिना संबंध आत्मा के स्तर पर खिलते हैं। जहां मन खत्म होती है, वहीं सच्चा मिलन शुरू होता है। अलबत्ता आप कुछ पाने की अपेक्षा छोड़कर हमेशा कुछ देने की मनःस्थिति में रहें, तो आप प्रेम की चमत्कारी शक्ति को महसूस कर सकते हैं।


### SPEED News

#### थाइलैंड-कंबोडिया सीमा पर थाई सेना



File

द्वारा भगवान विष्णु की मूर्ति तोड़े जाने पर भारत ने चिंता जताई। थाइलैंड ने कहा कि मूर्ति को तोड़ने का उद्देश्य धर्म नहीं।



#### उत्तर कोरिया ने 8700 टन की पहली न्यूक्लियर

पावर्ड सबमरीन की तस्वीरें जारी कीं। नेता किम जोंग उन ने प्लांट का दौरा करते हुए इसे रक्षा नीति में महत्वपूर्ण बताया।

# ढाका में तारिक की वापसी, रोड शो से लोकतंत्र, शांति, एकता का संदेश

## पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक 17 साल बाद देश लौटे, BNP को मिला चेहरा

■ **आईएएनएस, ढाका:** 17 साल के लंबे निर्वासन के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह वापसी ऐसे वक्त में हुई है, जब बांग्लादेश हिंसा, राजनीतिक संक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार काम कर रही है और फरवरी में आम चुनाव प्रस्तावित है। इस पृष्ठभूमि में तारिक रहमान की घर वापसी सिर्फ एक व्यक्ति की वापसी नहीं, बल्कि सत्ता संतुलन बदलने वाला घटनाक्रम मानी जा रही है। तारिक रहमान ने ढाका पहुंचने के बाद तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को फोन करके धन्यवाद भी किया। बाद में एक रैली को भी संबोधित किया। तारिक रहमान ने कहा कि हम हर मुमकिन तरीके से शांति चाहते हैं। अगर हम एकजुट रहें तो हम लोगों की उम्मीदों को पूरा कर सकते हैं। तारिक रहमान ने कहा कि जैसे देश के लोगों ने 1971 में आजादी हासिल की, वैसे ही एक बार फिर बांग्लादेश की आजादी और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर तरह के लोग एकजुट होंगे। उन्होंने कहा कि आज, बांग्लादेश के लोग अपनी बात कहने का अधिकार वापस पाना चाहते हैं। वे लोकतंत्र का अपना अधिकार वापस पाना चाहते हैं।

Photos: AP/AFP





ढाका एयरपोर्ट पर नंगे पांव उतरे तारिक ने 13 किमी. लंबा रोड शो किया।

**Q तारिक 17 साल तक देश से बाहर क्यों रहे?**
2008 में तारिक रहमान इलाज के लिए लंदन गए थे। उस समय उनके खिलाफ कई आपराधिक और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले चल रहे थे। राजनीतिक दबाव भी बढ़ हुआ था। इसी वजह से वह लंबे समय तक ब्रिटेन में रहे।

**Q अब उनकी वापसी कैसे संभव हो पाई?**
एक साल में उच्च अदालतों ने तारिक रहमान को बड़े मामलों में बरी कर दिया, जिनमें 2004 का ग्रेनेड हमला और जिया ऑर्फनेज ट्रस्ट मामला शामिल है। इसके बाद उनकी राजनीतिक वापसी के कानूनी रास्ते साफ हुए।

**Q राजनीतिक हालात क्या है?**
2024 में हुए हिंसक जन आंदोलन के बाद शेख हसीना देश से बाहर चली गईं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। हालांकि, कानून-व्यवस्था पर सवाल भी उठ रहे हैं।

**कौन हैं तारिक रहमान?**

तारिक रहमान (58) बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी BNP के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वह दो बार देश की पीएम रहीं खालिदा जिया के बेटे हैं। पार्टी और समर्थकों में उन्हें खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत का उत्तराधिकारी माना जाता है। तारिक को बांग्लादेश की राजनीति का 'क्राउन प्रिंस' कहा जा रहा है।

**Q तारिक की वापसी क्यों अहम मानी जा रही है?**
तारिक ऐसे समय लौटे हैं, जब BNP को पहली बार लगभग दो दशकों में बिना अवामी लीग के चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है। उनकी वापसी से पार्टी को जमीनी नेतृत्व मिला है और विदेश से संचालित राजनीति का दौर खत्म हुआ है। इससे BNP की चुनावी रणनीति और संगठन दोनों मजबूत हुए हैं।

NBT EXPLAINER

**Q क्या तारिक चुनाव लड़ेंगे?**
तारिक रहमान पहले ही कह चुके हैं कि वह आगामी आम चुनाव लड़ेंगे। BNP नेताओं के मुताबिक, वह मतदाता के रूप में रजिस्ट्रेशन की औपचारिकताएं भी पूरी करेंगे, जिससे वह सीधे चुनावी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

**Q प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं?**
राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, BNP अगर बहुमत हासिल करती है तो तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे किया जा सकता है। उनकी मां खालिदा जिया गंभीर रूप से बीमार हैं, इसलिए पार्टी के पास तारिक रहमान सबसे मजबूत चेहरा माने जा रहे हैं।

**Q BNP के सामने क्या-क्या चुनौतियां हैं?**
BNP को सिर्फ सत्ता विरोधी लहर पर निर्भर नहीं रहना होगा। छात्र आंदोलन से निकली नई पार्टियां, बदले हुए राजनीतिक समीकरण और मानवाधिकार व अल्पसंख्यक सुरक्षा जैसे मुद्दे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके अलावा, अंतरिम सरकार के साथ पार्टी के रिश्ते भी पूरी तरह सहज नहीं माने जाते।

## अस्पताल में 8 घंटे इंतज़ार, कनाडा में भारतीय की मौत

### कहा- पापा, मैं दर्द सहन नहीं कर पा रहा

■ **NBT रिपोर्ट:** भारतीय मूल के प्रशांत श्रीकुमार (44) का कनाडा के अस्पताल की इमरजेंसी सेवा में 8 घंटे तक इंतजार करने के बाद हार्ट अटैक से निधन हो गया। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, सीने में तेज दर्द महसूस होने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उनका रजिस्ट्रेशन किया गया और उन्हें इंतजार करने के लिए कहा गया।

**सीने में तेज दर्द महसूस होने पर अस्पताल ले जाया गया**

प्रशांत के पिता कुमार श्रीकुमार के अनुसार, 'मेरे बेटे ने मुझसे कहा, 'पापा, मैं इस दर्द को सहन नहीं कर सकता।' प्रशांत ने अपने दर्द की गंभीर स्थिति के बारे में अस्पताल कर्मचारियों को बताया। हालांकि, उनके अनुसार, ECG जांच के बाद कहा गया कि कोई गंभीर समस्या नहीं है और उन्हें इंतजार करना होगा। आठ घंटे से अधिक इंतजार के बाद जब प्रशांत को इलाज के लिए बुलाया गया। सीने पर हाथ रखकर गिर पड़े और मौत हो गई।



प्रशांत श्रीकुमार

**मामले की समीक्षा CMEO के पास**

ग्रे नन्स अस्पताल मैनेजमेंट ने कहा कि इस मामले को चीफ मेडिकल एग्जामिनेशन ऑफिसर (CMEO) को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम मरीज और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे लिए मरीजों की सुरक्षा और देखभाल सबसे महत्वपूर्ण है।


## भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स को जल्द मिलेंगे पानी वाले ड्रोन

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स को जल्द ही वॉटर बेस्ड ड्रोन यानी पानी वाले ड्रोन मिल सकते हैं। स्पेशल फोर्स ने इसकी प्रक्रिया शुरू की है और जल्द ही इसकी खरीद की मंजूरी मिल सकती है। ये खरीद इमरजेंसी खरीद के तहत की जाएगी। इसके अलावा स्पेशल फोर्स अपनी अंडर वॉटर कैपेबिलिटी (क्षमता) को भी अपग्रेड कर रही है और इमरजेंसी खरीद के तहत कई डाइविंग उपकरण लेने की भी योजना है। ये ड्रोन फोर्स की ताकत कई गुना बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन ने रूस के खिलाफ ब्लैक सी में अपने वॉटर बेस्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिसे सी बेबी के नाम से जाना जाता है। यूक्रेन का सी बेबी वॉटर बेस्ड ड्रोन है जिसमें विस्फोटक होता है। ये हाई स्पीड चलती है। इसे रिमोटली कंट्रोल किया जा सकता है और ये टारगेट के पास पहुंचकर स्यूसाइड बॉम्बर की तरह फट जाता है।

**प्रक्रिया शुरू हुई, जल्द मिल सकती है खरीद की मंजूरी**

AI Image



**'सिंदूर' के हथियार और खरीदे जाएंगे**

भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स अब उन हथियार और उपकरणों की और खरीद कर रही है जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। स्पेशल फोर्स के पास मौजूद लॉइटरिंग एम्युनिशन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। अब स्पेशल फोर्स ज्यादा रेंज के लॉइटरिंग एम्युनिशन इमरजेंसी खरीद के तहत लेने की तैयारी कर रही है।

**फोर्स को ज्यादा रेंज के ड्रोन भी मिलेंगे**

स्पेशल फोर्स को ज्यादा रेंज के ड्रोन भी मिलेंगे। भारतीय सेना के पास पहले से ही स्पाइक मिसाइल थी लेकिन अब स्पेशल फोर्स के पास भी ये मिसाइल होंगी। स्पाइक एक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है, जो फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है। इसके कई वर्जन हैं, छोटे रेंज से लेकर ज्यादा रेंज तक। स्पेशल फोर्स अब ज्यादा रेंज के वेपन पर फोकस कर रही है।

#### 10वीं मंजिल से गिरे, 8वीं पर अटके

■ **भाषा, सूरत :** गुजरात के सूरत में गुरुवार को एक व्यक्ति 10वीं मंजिल स्थित अपने फ्लैट में खिड़की के पास सो रहे थे, तभी नीचे गिर गए। वे आठवीं मंजिल की खिड़की के बाहर लगी मेटल की ग्रिल में फंस गए, जिसके बाद उन्हें बचा लिया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नितिन आदिया (57) एक घंटे तक दर्द से कराहते हुए उल्टा लटके रहे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

#### जयपुर में महिला से गैंगरेप, CEO आरोपी

■ **NBT रिपोर्ट :** जयपुर की एक IT कंपनी की मैनेजर ने आरोप लगाया है कि कंपनी के सीईओ और एक एग्जीक्यूटिव हेड के पति ने चलती कार में उसके साथ गैंगरेप किया। आरोप है कि घटना के समय महिला एग्जीक्यूटिव हेड खुद भी मौजूद थी। पूछताछ के लिए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।




## 2025 रील्स, ट्रोल्स और वायरल ट्रेंड्स का साल

*2025 सिर्फ खबरों का नहीं, मीम्स और इंटरनेट कल्चर का साल भी रहा। कभी 'क्रोइसां' बना 'प्रशांत', कभी '6-7' दिमाग पर छा गया। महाकुंभ से लेकर चुनावी रण तक, हर पल मीम में बदला। सोशल मीडिया ने हंसी, तंज और ट्रेंड्स का ऐसा तूफान चलाया कि पूरा साल एक वायरल रील बनकर रह गया।*




**'Prashant' (The Croissant Mistake)**
यह साल का सबसे बड़ा 'Accidental' मीम था। एक फूड व्लॉगर ने 'Croissant' (फ्रेंच पेस्ट्री) को गलती से 'Prashant' बोल दिया। बस फिर क्या था, पूरे देश में पेस्ट्री की दुकानों के बाहर लोगों ने रुभाई, एक प्रशांत देकर कहना शुरू कर दिया।



**'Maha Kumbh ki Mona Lisa'**
जनवरी 2025 के महाकुंभ से एक महिला (मोनालिसा भोसले) की तस्वीर वायरल हुई, जो रुद्राक्ष बेच रही थी। लोगों ने उन्हें 'महाकुंभ की मोनालिसा' का टैग दिया और एडिटिंग विडियो बनाए।



**'Aura Farming'**
2025 में 'Aura' शब्द का क्रेज चरम पर था। जब कोई बिना मेहनत किए कूल दिखता था, तो उसे '+100,000 Aura' पॉइंट्स दिए जाते थे। इंडोनेशिया के एक छोटे बच्चे के नाव पर डांस करने वाले विडियो ने भारत में 'Aura Farming' का जबरदस्त मीम ट्रेंड शुरू किया।



**'6-7' (The Brainrot Slang)**
अगर आप 2025 में सोशल मीडिया पर थे, तो आपने '6-7' (Six-Seven) शब्द जरूर सुना होगा। Dictionary.com ने इसे 'Word of the Year' भी घोषित किया।



**'Husky Dance' (Ichu Ichu Trend)**
एक नन्हे हस्की कुत्ते का भारतीय गाने (खासकर 'इचु इचु') पर एनिमेटेड डांस वीडियो 2025 का सबसे बड़ा 'Serotonin Boost' बना। हर दूसरे रील में वही हस्की कुत्ता झूमता हुआ नजर आता था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 12-25-2025 23:05 Color:






**2002** के BMC चुनाव में BJP ने 35, 2007 में 28, 2012 में 31, 2017 में 82 सीटें जीती थीं।

## जनता की मांग

### ऑटो रिक्शा चालकों के व्यवहार से हो रही है परेशानी



गोरेगांव पूर्व, प्रभाग क्रमांक 54 के गोरेगांव स्टेशन के पास कई ऑटो रिक्शा वाले बदतमीजी से पेश आते हैं। महिलाओं से भी ये रिक्शा वाले दादागिरी से बातें करते नजर आते हैं। यहां फुटपाथ पर अवैध धंधों वालों का साम्राज्य है। इससे स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों को ट्रैफिक जाम से गुजरना पड़ता है। यहां के अवैध धंधों की शिकायत बीएमसी से करने के बावजूद और ट्रैफिक की समस्या के बारे में ट्रैफिक पुलिस को कई बार लिखित में शिकायत करने के बाद भी यहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है। -उत्कर्ष बोरले

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

# गठबंधन पर कशमकश बरकरार, नहीं हो सका सीट बंटवारे का फैसला

Rajkumar.Singh@timesofindia.com

■ मुंबई: राज्य की 29 महानगरपालिकाओं में चुनावी गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर सभी राजनीतिक दल दिन-रात बैठक पर बैठक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास वर्षा पर गुरुवार की दोपहर से बैठकों का दौर जो शुरू हुआ, वह देर रात तक जारी रहा, लेकिन किसी प्रकार की घोषणा नहीं की गई।

ठाकरे परिवार ने तो गठबंधन का ऐलान कर दिया, परंतु सीटों के बंटवारे का मामला अब अधर में है। कांग्रेस और शरद पवार के बीच एनसीपी के गठबंधन का बंधन अब तक नहीं जुड़ा है। उधर, पुणे और पिंपरी-चिंचवड में अजित पवार और शरद पवार की पार्टी लगातार बैठक कर रहे हैं, पर वहां पर कहां भी कोई नतीजा नहीं निकला है। मंगलवार 30 दिसंबर नामांकन भरने की आखिरी तारीख है।

**जोड़-तोड़ में लगे सभी राजनीतिक दल, दिन-रात चल रही हैं बैठकें**

सीटों के बंटवारे में उलझे महायुति के प्रमुख घटक दल शिंदे सेना और बीजेपी के बीच बातचीत किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम लोग शिवसेना के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने यह नहीं खुलासा किया 29 महानगरपालिकाओं में से कितनी महानगरपालिका पर शिवसेना के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ेंगे? मुंबई महानगरपालिका के बारे में उन्होंने कहा कि महायुति 227 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और महायुति का मेयर बनाएंगे। पर कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा, इस बारे में बोलने से बचते रहे।

File photo



**उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सीटों पर फंसा है पेंच**

**महायुति को चुनौती देने** वाली उद्धव और राज ठाकरे के बीच सीटों के बंटवारे का हल नहीं निकला है। बताया जा रहा है कि दोनों ही दलों के मेजर वोटर मराठी हैं और मराठी बहुल क्षेत्रों में दोनों ही दल दावेदारी कर रहे हैं। दोनों ही पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। मुंबई कांग्रेस प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के साथ की बात बहुत धीमी गति से चल रही, लेकिन शरद पवार की एनसीपी के साथ गठबंधन पर सीट टू सीट पर बात काफी आगे निकल गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि कांग्रेस-वंचित गठबंधन के लिए दोनों पक्षों के नेताओं में प्रबल इच्छा है। नेताओं के बीच अच्छा संवाद है और महानगरपालिका चुनावों के लिए गठबंधन को संभव बनाने के गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी ओर, पुणे, पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका में दोनों एनसीपी के गठबंधन कर चुनाव लड़ने पर सुप्रिया सुले ने कहा कि हमारी बातचीत जारी है और जल्द ही इसके सकारात्मक नतीजे निकलेंगे। किसी भी गठबंधन दलों के सीट बंटवारे का मामला हल नहीं हुआ है।



# कमल खिलाकर वाजपेयी को देंगे आदरांजलि: CM

## कहा-अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतरत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई में इसी समुद्र के किनारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। अब मुंबई महानगरपालिका पर कमल खिलाने का वक्त आ गया है। 16 जनवरी को मुंबई का मेयर बनाकर हम लोग अटल जी को असली आदरांजलि देंगे।

भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बीजेपी ने अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया। दादर स्थित बीजेपी पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'चित्र-चरित्र प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अटल जी ने जिस प्रकार बीजेपी की मुंबई में शुरुआत करवाई थी, उसी प्रकार फिर से मुंबई की महानगरपालिका में महायुति की सत्ता लाकर वाजपेयी के कार्य को आगे बढ़ाना है। हमारी लड़ाई मुंबईकरों की लड़ाई है। पारदर्शिता और ईमानदारी से मुंबई की महानगरपालिका चलनी चाहिए, इस संकल्प के साथ हम इस चुनाव में उतरे हैं। आज तो हम अटलजी को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, लेकिन 16 जनवरी को हम अटल जी को सच्ची आदरांजलि देने वाले हैं।



### 'सीटें कम है, उम्मीदवार ज्यादा'

**फडणवीस ने कहा** कि बीएमसी का यह चुनाव हम अपने सहयोगी दल शिवसेना के साथ मिलकर लड़ रहे हैं, इसलिए चुनाव लड़ने के लिए सीटें कम मिलेंगी। वैसे तो चुनाव लड़ने के लिए हमारे पास बहुत सारे योग्य लोग हैं, जो जीत सकते हैं, परंतु महायुति के कारण कुछ लोगों को चुनाव लड़ने का अवसर शायद नहीं मिले। उनके लिए दूसरे और भी अवसर मिलेंगे। पर टिकट मिले या नहीं मिले, लेकिन हम सभी को मिलकर मुंबई का महापौर अपना बनाना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष विधायक अमित साटम, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, कालिदास कोलंबकर, विद्या ठाकुर, महामंत्री आचार्य पवन त्रिपाठी, कृपाशंकर सिंह सहित बीजेपी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फडणवीस ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो नवभारत तैयार किया है, उस नवभारत की नींव रखने वाले श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ही थे। बीजेपी को उन्होंने विपरीत काल में दिशा दी और हिंदुत्व की संकल्पना के व्यापक विचारों से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया।

## वसई में शिवसेना (UBT) अकेले चुनाव लड़ेगी !

■ NBT न्यूज, वसई: महाविकास आघाडी में सीटों व चुनाव चिह्न को लेकर चल रहे सस्पेंस के बाद अब शिवसेना (UBT) ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी अब बविआ और महा आघाडी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। वसई विरार मनपा चुनाव में बीजेपी को रोकने के लिए महाविकास आघाडी ने हितेंद्र ठाकुर पार्टी बहुजन विकास आघाडी को साथ लेने का फैसला किया था। शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस नेताओं ने भी ठाकुर से एक साथ चुनाव लड़ने को लेकर बातचीत की थी। मनसे भी इसमें राजी हो गई थी। लेकिन सीटों के बंटवारे को लेकर पार्टियों में नाराजगी हो गई। अब यूबीटी शिवसेना ने अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। जिला प्रमुख प्रवीण म्हाप्रलकर ने कहा कि बविआ हमें सिर्फ 8 सीटें दे रहा है।

**मनपा चुनाव में पार्टी अब बविआ और महा आघाडी के साथ गठबंधन नहीं करेगी**

## सुना है कि...

### क्या कुछ न कराए 'वोट'

**चुनाव लड़ने के** इच्छुक उम्मीदवार गुरुवार को क्रिसमस के दिन चर्च के सामने चक्कर लगाते देखे गए। क्योंकि उन्हें ईसाई समुदाय के वोट चाहिए। हालांकि इससे पहले वे कभी वहां पर दिखाई नहीं दिए, लेकिन चुनाव है, तो उनके वोट के लालच में वहां पहुंच गए। जबकि चर्च के सामने वोट प्राप्त करने नीयत से आए उम्मीदवार के चुनाव चिह्न और पार्टी का अता-पता नहीं है। कुछ तो ऐसे लोग भी दिखाई दिए, जो खुद को कभी कट्टर हिंदू के रूप में पेश करते थे, लेकिन चुनाव ने सब कुछ बदल दिया।

### यहां 'दिल्ली' का राज!

**कहते हैं कि** महाराष्ट्र में दिल्ली का राज है। इसके पीछे जो लॉजिक दिया जा रहा है, वह लोगों के गले नहीं उतर रहा है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजेश अग्रवाल को अचानक दिल्ली से महाराष्ट्र भेज दिया गया। उन्हें मुख्य सचिव बनाया गया। एनआईए के प्रमुख और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सदानंद दाते को महाराष्ट्र भेज दिया गया। संभावना है कि वह अगले महीने रश्मि शुक्ला के सेवानिवृत्त होने के बाद महाराष्ट्र के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का पद संभाल सकते हैं। पुलिस का मुखिया डीजीपी और मुख्य सचिव दोनों ही दिल्ली से आए हैं। -धूमकेतु

# 'अल्पसंख्यक बहुल वॉर्ड में दें अल्पसंख्यक उम्मीदवार'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष फरहान आजमी और प्रभारी अहमद खान ने मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड को ज्ञापन देकर मांग की है कि जिस वार्ड में 30 से 89% निर्णायक मुस्लिम मतदाता हैं, वहां पर पार्टी को मुस्लिम उम्मीदवार उतारना चाहिए। इससे जीत की राह आसान होगी और कांग्रेस को अपना मेयर बनाने में आसानी होगी। आजमी ने ऐसा ही पत्र मुंबई अध्यक्ष के अलावा पूर्व मंत्री और मलाड मालवणी के विधायक असलम शेख, मुंबा देवी के विधायक अमीन पटेल को भी दिया है। दरअसल, पिछले दिनों एक सर्वे रिपोर्ट सामने आई। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुंबई महानगरपालिका की 227 सीटों में से 61 सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। इन सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार ही जीत सकता है, तो पार्टी को वहां पर मुस्लिम उम्मीदवार देना चाहिए। यह सर्वे रिपोर्ट भी फरहान और अहमद खान ने मुंबई अध्यक्ष गायकवाड, विधायक शेख, विधायक पटेल को सौंपी है।



# शिंदे सेना को टक्कर देने वाले चेहरे की खोज में लगी है उद्धव सेना

## कारकर के जाने के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दहिसर विधानसभा प्रभाग 6 के पूर्व नगरसेवक हर्षद कारकर के शिंदे सेना ज्वाइन करने के बाद अब उद्धव सेना ऐसा चेहरा खोज रही है, जो बीएमसी चुनाव में कारकर को टक्कर दे सके। इसी के मद्देनजर गुरुवार को उद्धव सेना के उपनेता विनोद घोसालकर ने कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों के लिए सम्मेलन का आयोजन किया था।

बीएमसी चुनाव में प्रभाग 6 से पिछले कई वर्षों से अविभाजित शिवसेना का ही वर्चस्व रहा है। पहले प्रकाश कारकर उसके बाद 2017 में हुए चुनाव में उनके बेटे हर्षद कारकर विजयी हुए थे, लेकिन कुछ महीने पहले हर्षद ने शिंदे सेना को ज्वाइन कर लिया, लेकिन कई शिवसैनिकों ने उद्धव के साथ रहने का निर्णय लिया। जिसमें मौजूदा शाखा प्रमुख प्रवीण कुवलेकर भी हैं। कारकर के पार्टी बदलने के बाद प्रवीण के नाम की चर्चा में थी, लेकिन सीट ओबीसी महिला के लिए रिजर्व हो गई। ऐसे में उद्धव सेना गुट के लिए समस्या और बढ़ गई क्योंकि अब उन्हें पात्र उम्मीदवार के साथ साथ ऐसे चेहरे को भी ढूंढना है, जो कारकर को टक्कर दे सके। कारकर की पत्नी दीक्षा कारकर को शिंदे सेना की ओर से टिकट मिलना लगभग तय है। इसी के मद्देनजर उद्धव शिवसेना के उप नेता विनोद घोसालकर, विधायक विलास पोतनीस, विभाग प्रमुख उदेश पाटेकर और विभाग संघटक शुभदा शिंदे की उपस्थिति में दहिसर के राजेश्री पार्टी हाल में सम्मेलन का आयोजन किया गया था। पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाने, संगठन को मजबूत करने के लिए विनोद घोसालकर ने मार्गदर्शन किया।

File photo



# 'मैं BMC का ठेकेदार नहीं' प्रमाणपत्र लेने की मची होड़

## मस्जिद (प.) में इच्छुक उम्मीदवारों की भीड़

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव लड़ने के लिए कई प्रक्रियाओं का पालन करना होता है। इस कड़ी में दावेदारों को मनपा से भी एक प्रमाणपत्र लेना होता है, जिसमें उसको घोषित करना होता है कि वह मनपा के किसी भी विभाग या किसी भी योजनाओं से संबंधित ठेकेदार नहीं है। यह प्रमाणपत्र मस्जिद (वेस्ट) यूसुफ मेहर अली रोड स्थित कार्यकारी अभियंता के ऑफिस से मिलता है।

बुधवार को इस कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में दावेदार पंक्ति में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए, जिन्हें बीएमसी चुनाव में नामांकन कर अपनी किस्मत आजमानी है। कांदिवली विधानसभा क्षेत्र के एक प्रभाग के उम्मीदवार होने के दावेदार ने बताया कि वह चार बजे ही घर से निकल गए थे कि पहला नंबर उनको मिल जाए, लेकिन तकरीबन दो से ढाई घंटे तक इंतजार करने के बाद उनकी बारी आई। इससे पहले इन दावेदारों में अपने बीएमसी वॉर्ड ऑफिस जाकर चुनाव प्रभारियों से भी मतदाता प्रमाणपत्र लेने की होड़ देखी गई।



## इलेक्शन ब्रीफ

### मीरा-भाईंदर: महायुति में संयुक्त समिति गठित

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर : आगामी मीरा-भाईंदर महानगरपालिका चुनाव को लेकर शिवसेना और बीजेपी गठबंधन को अंतिम रूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दोनों दलों के बीच समन्वय स्थापित करने और सीटों के बंटवारे के मसले को सुलझाने के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है। इस समिति में भाजपा की ओर से विधायक नरेंद्र मेहता, जिला अध्यक्ष दिलीप जैन और रवि व्यास को शामिल किया गया है, जबकि शिवसेना की ओर से मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के और जिला अध्यक्ष राजू भोईर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब देखना होगा कि यह समिति मीरा-भाईंदर में युति की तस्वीर साफ कर पाती है या नहीं।

### शिंदे गुट को लगा बड़ा झटका, मीनाक्षी शिंदे ने दिया इस्तीफा

■ NBT न्यूज, ठाणे: DCM एकनाथ शिंदे को उनके गृह क्षेत्र ठाणे में झटका लगा है। पार्टी की महिला आघाडी संगठक, पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे ने पद से इस्तीफा दे दिया है। शाखा प्रमुख विक्रांत वायचाल को पार्टी विरोधी काम करने के चलते गुरुवार को शिंदे शिवसेना से निलंबित किया गया। उसके तुरंत बाद मीनाक्षी शिंदे ने भी अपना इस्तीफा दिया। DCM एकनाथ शिंदे को लिखे पत्र में मीनाक्षी शिंदे ने बताया है कि वह महिला आघाडी के संगठक पद से इस्तीफा दे रही है। ठाणे मनपा के प्रभाग 3 में मनोरमानगर, आजाद नगर और मानपाडा परिसर आता है। वहां से मीनाक्षी शिंदे चुनकर आती रही है।

# चुनाव के प्रशिक्षण और ड्यूटी ने बढ़ाई स्कूल टीचर्स की परेशानी

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव की तैयारियों का असर सीधे स्कूलों और जूनियर कॉलेजों पर पड़ता दिख रहा है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से शिक्षकों की ट्रेनिंग और फिर चुनावी ड्यूटी तय की जा रही है। इससे क्लासरूम और टाइम टेबल का मैनेजमेंट गड़बड़ हो रहा है। स्कूल शिक्षकों के मुताबिक, जनवरी में बोर्ड परीक्षा का प्रेशर चरम पर होता है। फरवरी से दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होनी है। उससे पहले प्री परीक्षा, उत्तरपुस्तिकाओं की जांच, कमजोर स्टूडेंट्स के लिए रिवीजन क्लास और काउंसलिंग सब कुछ इसी महीने में निपटाना होता है। ऐसे में अलग-अलग दिनों पर चुनावी ट्रेनिंग और फिर मतदान ड्यूटी ने शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

दक्षिण मुंबई के एक स्कूल प्रिंसिपल ने कहा, 'हम चुनाव के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जनवरी में शिक्षक क्लासरूम से बाहर होंगे तो पढ़ाई कैसे चलेगी? प्री परीक्षा की तैयारी और मूल्यांकन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। वी. एल. नायू हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के प्रिंसिपल निखिल पंड्या ने कहा कि दिसंबर और जनवरी महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान मामला सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं होता है। स्कूलों में स्पोर्ट्स डे, वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, यूनिट टेस्ट और आंतरिक मूल्यांकन भी तय रहते हैं। ऐसे में प्रशिक्षण के लिए पत्र मिलने पर स्कूल के कामकाज पर असर पड़ता है। वहीं, एक स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि उनके स्कूल में शिक्षकों की संख्या कम है। उसमें भी अधिकतर शिक्षकों को प्रशिक्षक के लिए पत्र मिले हैं। इससे शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों वाले कार्यक्रम टालने पड़ रहे हैं।



**टीचर यूनियनों में भी नाराजगी**

टीचर यूनियनों ने भी इस पर नाराजगी जताई है। मुंबई जूनियर कॉलेज टीचर्स यूनियन के अध्यक्ष एस. एल. दीक्षित ने कहा कि बोर्ड परीक्षा से ठीक पहले ट्रेनिंग और ड्यूटी डालना छात्रों के भविष्य के साथ समझौता है। आयोग को चाहिए कि दसवीं-बारहवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए अलग और लचीली व्यवस्था करे।

## भिवंडी: BJP ने महेश को बनाया चुनाव प्रमुख

■ NBT न्यूज, भिवंडी : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने भिवंडी मनपा चुनाव के लिए विधायक महेश चौघुले को चुनाव प्रमुख और ऐड. माधवी नाईक को चुनाव प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है। बीजेपी और शिवसेना (शिंदे) के एक साथ मनपा चुनाव लड़ने के लिए बीजेपी एवं शिवसेना के छह पदाधिकारियों की एक समन्वय समिति बनाई गई है। इनमें बीजेपी से जिलाध्यक्ष रविकांत सावंत, विधायक महेश चौघुले, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल पाटील एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ऐड. हर्षल पाटील को सदस्य बनाया गया है। शिवसेना से प्रकाश पाटील, पूर्व विधायक रुपेश म्हात्रे, मनोज काटेकर, बालाराम चौधरी को सदस्य बनाया गया है।



# मराठी भाषी और मुस्लिम वोटरों पर उद्धव सेना-कांग्रेस की नज़र


## BMC चुनाव: अंधेरी पश्चिम में होगी कांटे की टक्कर

Priya.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव के मद्देनजर अंधेरी पश्चिम विधानसभा सीट काफी महत्वपूर्ण है। इस विधानसभा सीट में मुस्लिम समुदाय और मराठी भाषियों की आबादी ज्यादा है। 2017 में अंधेरी पश्चिम विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले छह बीएमसी प्रभागों में से 3 सीट बीजेपी ने जीती थी। तो वहीं 1 सीट शिवसेना (अविभाजित), 1 सीट कांग्रेस उम्मीदवार ने जीती थी। ऐसे में यदि इस चुनाव में उद्धव सेना और कांग्रेस को जीत हासिल करनी है, तो उन्हें एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। हालांकि बीजेपी को थोड़ा फायदा मिल सकता है, क्योंकि इस विधानसभा से बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष अमित साटम विधायक हैं। यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने मिल सकता है। अंधेरी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में बीएमसी के छह प्रभाग 64, 65, 66, 67, 69 और 71 आते हैं।

कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके महाविकास आघाडी को झटका दिया है। अंधेरी पश्चिम में जातीय समीकरण को देखते हुए कांग्रेस के अकेले लड़ने से उद्धव गुट को झटका लग सकता है। वहीं उद्धव गुट का भी इस वोट पर भरोसा है। पिछले चुनाव में मुस्लिम बहुल इलाका (वार्ड 66) से कांग्रेस पार्टी से मेहर मोहसिन हैदर ने जीत हासिल की थी। हालांकि इस बार यह सीट जनरल महिला के लिए रिजर्व हो चुकी है। इसी के साथ ही प्रभाग 64 में भी मुस्लिम वोटों की बड़ी संख्या है, जो पिछली बार शिवसेना की शाहिदा हारून खान ने जीती थी। ऐसे में इन 2 प्रभागों में बीजेपी को जीत हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। इसी के साथ ही मराठी वोटरों पर भी सभी की नजर टिकी हुई है। पिछले चुनाव में प्रभाग 67 और 65 में मराठी भाषी बहुल इलाके में एक सीट बीजेपी और एक सीट कांग्रेस ने जीती थी। इस बार इन मराठी वोटों पर भी तीनों दलों की नजर है।

File photo



### वर्ष 2017 के BMC चुनाव परिणाम

**प्रभाग 64**
- शाहिदा खान -शिवसेना-7589 वोट (जीत)
- संगीता पाटिल-समाजवादी पार्टी-4410 (हार)

**प्रभाग 65**
- अल्पा जाधव-कांग्रेस-7820 वोट (जीत)
- माधा राजपूत-बीजेपी - 6515 (हार)

**प्रभाग 66**
- मेहर मोहसिन हैदर - कांग्रेस -11228 वोट (जीत)
- फिरदौस आरिफ शेख-MIM-7418 वोट (हार)

**प्रभाग 67**
- सुधा सिंह-BJP-10,719 वोट (जीत)
- प्राची परब-शिवसेना -7587 वोट (हार)

**प्रभाग 69**
- रेनू हंसराज - BJP - 8266 वोट (जीत)
- भावना जैन- कांग्रेस -4561 (हार)

**प्रभाग 71**
- अनीश मकवाने - BJP -7277 (जीत)
- जितेंद्र जनावले - शिवसेना - 6743 (हार)

### जनरल महिला के लिए सिर्फ 3 प्रभाग

**इस साल** कुल छह प्रभागों में से प्रभाग 64, 66 और 71 को जनरल महिला के लिए आरक्षित किया गया है। प्रभाग 65, 67 को जनरल कैटेगरी के लिए रखा गया है। इसके अलावा प्रभाग 69 को इस बार ओबीसी आरक्षण दिया गया है।

### अंधेरी पश्चिम में ये तय करेंगे जीत-हार

**यहां कुल** वोटर्स तकरीबन 4 लाख हैं। 95 हजार 900 मराठी भाषी, 96 हजार मुस्लिम, 53 हजार 300 उत्तर भारतीय, 73 हजार 100 गुजराती, मारवाड़ी, 20,600 ईसाई, 33 हजार 800 साउथ इंडियन और 18 हजार 500 अन्य हैं।

## फ्लैश बैक



2007 के बीएमसी चुनाव में कांग्रेस को 75 सीटें मिली थीं। यह उसके सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक है। इसी साल अविभाजित शिवसेना को 84 और बीजेपी को 28 सीटें मिली थीं। जबकि एनसीपी को 14 सीटें मिली थीं।

# NCP (AP) की 40 प्रचारकों की सूची जारी


## धनंजय मुंडे, नवाब मलिक का नाम शामिल, कोकाटे स्टार प्रचारक नहीं

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव के लिए अजित पवार की एनसीपी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने सूची जारी करते हुए कहा कि ये सब लोग पार्टी और गठबंधन दल के उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार करेंगे और अजित पवार के काम को जनता तक लेकर जाएंगे।

**सुनील तटकरे ने कहा, ये स्टार प्रचारक अजित पवार के काम को जनता तक पहुंचाएंगे**

स्टार प्रचारकों की सूची पार्टी ने गुरुवार को जारी की जिसमें धनंजय मुंडे, नवाब मलिक का नाम भी शामिल है, जबकि हाल ही मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले माणिकराव कोकाटे को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं है। पार्टी द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सांसद प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे, मंत्री हसन मुश्रीफ, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरी झिरवाल, मंत्री बाबासाहेब पाटील, मंत्री मकरंद पाटील, मंत्री दत्तात्रय भरणे, विधानसभा के उपाध्यक्ष अन्ना बनसोडे, महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिती तटकरे, राज्यमंत्री इंद्रनील नाइक, पूर्व मंत्री धर्मरावबाबा आत्राम, पूर्व मंत्री अनिल भाईदास पाटील, पूर्व मंत्री संजय बनसोडे, विधायक प्रतापराव चिखलीकर पाटील, सयाजी शिंदे, अल्पसंख्यक विकास महामंडल के अध्यक्ष मुश्ताक अंतुले, पूर्व सांसद समीर भुजबल, विधायक अमोल मिटकरी, विधायक सना मलिक-शेख, महिला प्रदेश अध्यक्ष रुपालीताई चाकणकर, विधायक इदरीस नायकवडी, पूर्व विधायक अनिकेत तटकरे, पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, शरद पाटील, मुंबई कार्याध्यक्ष सिद्धार्थ कांबले, प्रदेश महासचिव सूरज चव्हाण, लहू कानडे, ओबीसी सेल के प्रदेश अध्यक्ष कल्याण आखाडे, सामाजिक सेल के प्रदेश अध्यक्ष सुनील मगरे, अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश अध्यक्ष नाजेर काजी, प्रदेश प्रवक्ता महेश शिंदे, राजलक्ष्मी भोसले, वरिष्ठ नेत्री सुरेखा ठाकरे, अल्पसंख्यक सेल के वरिष्ठ नेता नजीब मुल्ला, प्रतिभाताई शिंदे और विकास पासलकर को शामिल किया गया है।

File photo




CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 12-25-2025 22:54 Color:



डिजिटल फ्रॉड के 7 तरीके

# नए साल की खुशियों में सेंध लगाने को तैयार साइबर ठग!

AI Image



Manish.Jha@timesofindia.com

■ **मुंबई :** नए साल के जश्न के मौके पर साइबर ठग ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। साइबर पुलिस के मुताबिक, इस दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ जाती हैं। खासतौर पर पार्टी बुकिंग, ट्रैवल पैकेज, ऑनलाइन ऑफर और चैरिटी आदि। इसकी आड़ में साइबर अपराधी भी नए-नए हथकंडे अपनाकर ठगी करते हैं। साइबर पुलिस ने जनता से अपील की है कि अनजान लिंक, फर्जी ऑफर और संदिग्ध यूपीआई रिक्वेस्ट से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन पेमेंट करने से पहले उसकी पूरी जांच करें।

**मोड्स ऑपरेंडी 1** न्यू ईयर पार्टी-कॉन्सर्ट पास का जाल

सोशल मीडिया और फर्जी वेबसाइटों के जरिए न्यू ईयर पार्टी, क्लब एंट्री और कॉन्सर्ट पास सस्ते दामों पर बेचने का लालच देकर अग्रिम पेमेंट लेने के बाद न तो टिकट देते हैं और न ही इनसे संपर्क होता है। नकली क्यूआर कोड से पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।

**मोड्स ऑपरेंडी 2** ट्रैवल, होटल और कैब बुकिंग फ्रॉड

नए साल की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए आकर्षक और सस्ते फर्जी ट्रैवल पैकेज, होटल बुकिंग और कैब सर्विस के नाम पर अग्रिम राशि वसूलते हैं। बुकिंग कन्फर्मेशन के फर्जी मैसेज भेजकर नंबर बंद कर लेते हैं।

**मोड्स ऑपरेंडी 3** चैरिटी और रिफंड को लेकर ठगी

नए साल पर अनाथालय या चैरिटी के नाम से फर्जी अकाउंट और यूपीआई आईडी बनाकर दान की अपील की जाती है। कैशबैक, रिफंड या फेस्टिवल डिस्काउंट का झांसा देकर ओटीपी और बैंक डिटेल्स हासिल कर ठगी करते हैं।

**मोड्स ऑपरेंडी 4** न्यू ईयर जॉब-इवेंट वर्क का झांसा

न्यू ईयर पार्टी, इवेंट्स और प्रमोशनल गतिविधियों के लिए अस्थाई कर्मचारियों की मांग को देखते हुए इवेंट मैनेजमेंट, डिलीवरी बॉय, होटल स्टाफ, बाउंसर या प्रमोशनल जॉब के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन या ट्रेनिंग फीस के नाम पर ठगी करते हैं।

**मोड्स ऑपरेंडी 5** लकी ड्रॉ और न्यू ईयर गिफ्ट स्कैम

ई-मेल या मैसेज भेजकर न्यू ईयर लकी ड्रॉ, आईफोन, कार या विदेश यात्रा जीतने का दावा करते हैं। पुरस्कार के लिए प्रोसेसिंग फीस, टैक्स या केवाईसी के नाम पर रकम मांगने के बहाने बैंक डिटेल्स हासिल कर ठगी करते हैं।

**मोड्स ऑपरेंडी 6** फेक काउंटडाउन इवेंट, लाइव स्ट्रीम लिंक

फेक काउंटडाउन पार्टी या लाइव कॉन्सर्ट देखने के नाम पर फर्जी लाइव स्ट्रीम लिंक भेजते हैं। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल या लैपटॉप में मैलवेयर इंस्टॉल होगा, जिससे ओटीपी, पासवर्ड और बैंकिंग जानकारी चोरी कर लेते हैं।

**मोड्स ऑपरेंडी 7** रिफंड-कैशबैक और फेस्टिव बोनस ट्रैप

नए साल की शॉपिंग के बाद रिफंड, कैशबैक या फेस्टिव बोनस का मैसेज भेजकर अनजान लिंक पर क्लिक करने या यूपीआई रिक्वेस्ट मंजूर करने को कहा जाता है। क्लिक करते ही अकाउंट खाली हो जाएगा।

नए साल के जश्न से पहले साइबर अपराधी भावनाओं, लालच और जल्दबाजी को हथियार बनाते हैं। किसी भी ऑफर या मैसेज की आधिकारिक पुष्टि किए बिना लेन-देन न करें। समय पर सतर्कता दिखाएं। तुरंत शिकायत करने से बड़े नुकसान को रोका जा सकता है।

– पुरुषोत्तम कराड, DCP, साइबर पुलिस

**नए साल के जश्न पर साइबर सेफ्टी टिप्स**

- कम कीमत वाले आकर्षक ऑफर के झांसे में न फंसें।
- ओटीपी, पिन, सीवीवी या बैंक डिटेल साझा न करें।
- केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही बुकिंग करें।
- अनजान क्यूआर कोड स्कैन करने से बचें।

**यहां करें शिकायत**

अगर आप साइबर ठगी का शिकार हुए हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल (cybercrime.gov.in) या हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# प्रदूषण को लेकर HC के आदेश के बाद ऐक्शन मोड में BMC

## कमिश्नर और अडिशनल कमिश्नर दोनों कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंचे

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ **मुंबई:** वायु प्रदूषण को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्ती के बाद BMC ऐक्शन मोड में आ गई है। बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी और अतिरिक्त आयुक्त अविनाश ढाकने ने शहर के प्रमुख निर्माणाधीन इलाकों का दौरा कर धूल नियंत्रण उपायों की जमीनी हकीकत परखी। गगरानी ने कोस्टल रोड क्षेत्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया, जबकि अतिरिक्त आयुक्त ने 'डी' वॉर्ड के ग्रांट रोड, हाजी अली, मुंबई सेंट्रल और ताड़देव इलाकों में निर्माण स्थलों का जायजा लिया।


दरअसल, दिल्ली के बाद अब मुंबई में भी वायु प्रदूषण गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। हालात को देखते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया था। सोमवार से बुधवार तक चली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (एमपीसीबी) और बीएमसी को जमकर फटकार लगाई थी। इसके बाद बीएमसी ने निर्माणाधीन स्थलों को रडार पर ले लिया है। डी वॉर्ड के दौरे के दौरान अतिरिक्त आयुक्त अविनाश ढाकने ने ब्रिज निर्माण और सड़क सीमेंटीकरण के कार्यों में धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही बेकरी और अन्य औद्योगिक इकाइयों को हरित ईंधन अपनाने पर जोर दिया जा रहा है।

**BMC ने भेजे 13000 से अधिक नोटिस:** बीएमसी के पर्यावरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, जिन निर्माण स्थलों पर तय मानकों का पालन नहीं होगा, वहां पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बावजूद लापरवाही बरती गई तो संबंधित बिल्डर या एजेंसी को तत्काल 'स्टॉप वर्क' नोटिस दिया जाएगा। अधिकारी ने साफ किया कि म्हाडा, एमएमआरडीए, बुलेट ट्रेन जैसे बड़े सरकारी प्रोजेक्ट्स को भी कोई छूट नहीं मिलेगी। NBT के पास मौजूद दस्तावेज के अनुसार BMC ने अब तक 13000 से अधिक नोटिस भेजे हैं। इनमें से 10,000 कारण बताओ नोटिस हैं, जबकि 3000 से अधिक वर्क स्टॉप नोटिस हैं।

**जनवरी से डैशबोर्ड होगा शुरू:** BMC के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एयर क्वालिटी की मॉनिटरिंग के लिए डैशबोर्ड का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसे जनवरी 2026 तक शुरू कर दिया जाएगा। यह एयर क्वालिटी डैशबोर्ड मुंबई की हवा की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए एक अहम डिजिटल प्लेटफॉर्म साबित होगा। इस डैशबोर्ड के जरिए शहर के अलग-अलग इलाकों से रियल टाइम डेटा एकत्र किया जाएगा। इसमें PM2.5, PM10, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों की जानकारी मिलेगी। डैशबोर्ड यह भी बताएगा कि किस इलाके में किस प्रोजेक्ट या गतिविधि की वजह से प्रदूषण बढ़ रहा है।

**1900 निर्माणाधीन प्रॉजेक्ट्स पर नजर**

हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद बीएमसी ने दोबारा सघन निरीक्षण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत शहर में चल रहे 1900 निर्माणाधीन प्रॉजेक्ट्स पर प्रशासन की कड़ी नजर होगी। इनमें निजी बिल्डरों के साथ-साथ सरकारी एजेंसियों के प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं। बीएमसी का फोकस निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, मलबे की ढुलाई, साइट कवरिंग, पानी के छिड़काव और ग्रीन नेट के इस्तेमाल पर है।



**BMC की मदद के लिए MPCB ने बढ़ाए हाथ**

पूरे मुंबई महानगर में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए बीएमसी के पास फिलहाल सीमित संसाधन हैं। अभी बीएमसी के पास सिर्फ एक मोबाइल एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग वैन है, जिससे पूरे शहर की निगरानी संभव नहीं है। इसे देखते हुए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (MPCB) ने बीएमसी को सहयोग का भरोसा दिया है। MPCB ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर वह अपनी 4 से 5 मोबाइल मॉनिटरिंग वैन बीएमसी को उपलब्ध करा सकता है। इससे शहर में प्रदूषण पर बेहतर और व्यापक निगरानी हो सकेगी।

# उत्तर भारत से ठंडी हवाओं की रफ्तार थमी

■ **NBT रिपोर्ट मुंबई:** एमएमआर में फिलहाल उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाओं का असर कमजोर पड़ गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक उत्तर दिशा से तेज ठंडी हवाएं चलने की संभावना नहीं है। हालांकि, नवी मुंबई, पालघर और कल्याण-डोंबिवली में न्यूनतम तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि मुंबई में तापमान इन क्षेत्रों से 2 से 3 डिग्री अधिक है।

पिछले कुछ दिनों से एमएमआर में ठीक-ठाक ठंड महसूस की जा रही है। खासकर नवी मुंबई, पालघर और कल्याण क्षेत्र में रात का तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के इर्द-गिर्द बना हुआ है। वहीं, मुंबई में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि दर्ज की गई है और यह 17 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

**मुंबई में तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर**

**पूर्वी दिशा से मुंबई की ओर हवाओं का रुख**

मौसम विभाग के अनुसार, बीती रात मुंबई का न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञ अथ्रेय शेट्टी के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं का प्रवाह फिलहाल कमजोर है। वर्तमान में पूर्वी दिशा से हवाएं मुंबई की ओर आ रही हैं। इसी कारण अगले एक सप्ताह तक मुंबई में न्यूनतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस और नवी मुंबई और पालघर में यह 14 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।


दिन के तापमान में हल्की गिरावट संभव है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री से घटकर 31 से 32 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है, हालांकि इसके 30 डिग्री से नीचे जाने की संभावना नहीं है। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में रातें सुहावनी रहेंगी, जबकि दिन में हल्की गर्मी महसूस की जा सकती है।

# बिल्डर से रंगदारी केस में अभिनेत्री समेत दो आरोपी किए गए अरेस्ट

## पीड़िता की भाभी बनकर आरोपी ने मांगी थी फिरौती

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

मुंबई पुलिस ने बिल्डर से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक मराठी अभिनेत्री हेमलता पाटकर उर्फ हेमलता बने शामिल हैं। हेमलता ने खुद को पीड़िता की भाभी बताकर बिल्डर अरविंद गोयल से संपर्क किया और केस 'सेटलमेंट' के नाम पर 10 करोड़ रुपये मांगे। 5.50 करोड़ रुपये में यह सौदा तय हुआ था।



इसी सिलसिले में बिल्डर को लोअर परेल इलाके में बुलाया गया, जहां हेमलता के साथ बिल्डर के बेटे पर यौन उत्पीड़न और मारपीट का आरोप लगाने वाली अमरीना झवेरी उर्फ अमीना फर्नांडिस एलिस भी मौजूद थी। जैसे ही दोनों ने पहली किस्त के रूप में डेढ़ करोड़ रुपये लिए, हफ्ता-विरोधी प्रकोष्ठ की टीम ने मौके पर धावा बोलकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच कर रही है कि आरोपियों ने सीधे 5 करोड़ नहीं मांगकर 50 लाख 'एक्स्ट्रा' क्यों मांगे थे।

**क्या है पूरा मामला:** अमरीना झवेरी ने 23 नवंबर को पहले बिल्डर के बेटे रितम गोयल पर छेड़खानी और मारपीट का आरोप लगाकर अंबोली में उसकी गिरफ्तारी करवाई थी। बाद में उसे दिंडोशी सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई। इसके बाद अमरीना ने हाईकोर्ट से उसकी जमानत रद्द करवा दी। उसी दौरान हेमलता 'भाभी' बनकर मामले में शामिल हुई और केस सेटलमेंट के नाम पर बातचीत शुरू की। लेकिन बिल्डर ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

# अंधेरी की 23 मंजिला इमारत में लगी आग, कोई झुलसा नहीं

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** अंधेरी (वेस्ट) में वीरा देसाई रोड पर स्थित एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में गुरुवार सुबह आग लग गई। घटना में कोई व्यक्ति झुलसा नहीं। मुंबई फायर ब्रिगेड ने 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आग की तीव्रता देखते हुए मुंबई फायर ब्रिगेड ने इसे लेवल-1 फायर घोषित किया।


**फायर ब्रिगेड ने 40 लोगों को बचाया**

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, सोरेंटो टावर नामक 23 मंजिला इमारत की 14वीं मंजिल पर अचानक आग लग गई। इससे घना धुआं पूरी इमारत में फैल गया, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोग अपने-अपने फ्लैट्स में ही फंस गए।

आग लगने की सूचना सुबह करीब 10:05 बजे मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# फर्जी लिंक के जरिए नर्स से की 10 लाख की ठगी

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई के सहार पुलिस थाने में साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। इसमें 68 वर्षीय सेवानिवृत्त नर्स से 10 लाख रुपये की ठगी की गई है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता विले पार्ले में अपने पति के साथ रहती हैं और पहले जे.जे. अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत थीं। वह अपने एसबीआई बैंक खाते को अपडेट कराने से जुड़ी जानकारी जुटा रही थीं, तभी खुद को बैंक की रिलेशनशिप मैनेजर बताने वाली एक महिला का फोन आया।

कॉलर ने अपना नाम रानी कुमारी बताया और एसबीआई के नाम पर एक फर्जी YONO ऐप का लिंक डाउनलोड करने को कहा। लिंक खोलने के बाद पीड़िता से निजी बैंकिंग जानकारियां भरवाई गईं। करीब 2 घंटे 51 मिनट तक वॉट्सऐप और फोन कॉल के जरिए संपर्क बनाए रखा गया। इसके बाद उनके मोबाइल पर ओटीपी आया और कुछ ही देर में खाते से करीब 10 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए।

घटना का पता चलते ही पीड़िता ने सहार थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बैंकिंग से जुड़ी किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें, क्योंकि बैंक कभी भी फोन या लिंक के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी साझा करने के लिए नहीं कहता।

# कोस्टल रोड पर मॉर्निंग वॉकर्स को पार्किंग की सौगात

GOOD न्यूज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** लंबे समय से कोस्टल रोड प्रोमेनेड पर मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग करने वालों की मांग को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने खान अब्दुल गफ्फार खान रोड पर सिंगल लाइन पार्किंग की अनुमति दे दी है। यह अस्थायी व्यवस्था वर्ली इलाके में दी गई है। धर्मवीर स्वराज्य रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज कोस्टल रोड के आंशिक रूप से खुलने के बाद इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो गया है।

**आवाजाही प्रभावित नहीं: ट्रैफिक पुलिस:** सड़क की पर्याप्त चौड़ाई के कारण निजी कारों और दोपहिया वाहनों की सिंगल लाइन पार्किंग से यातायात की सुचारू आवाजाही प्रभावित नहीं होगी। इसी आधार पर वर्ष 2009 में जारी नो-पार्किंग आदेश को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है।

यह अस्थायी ट्रैफिक व्यवस्था 26 दिसंबर की रात 12.01 बजे से लागू होकर 25 मार्च 2026 तक 24 घंटे प्रभावी रहेगी।

AI Image



यातायात में बाधा न हो, इसके लिए सिंगल लाइन पार्किंग की अनुमति दी गई है, लेकिन संवेदनशील स्थानों पर नो-पार्किंग का सख्ती से पालन कराया जाएगा।



*डॉ. दीपाली घाटे, डीसीपी, ट्रैफिक पुलिस (मुख्यालय)*

**नो-पार्किंग वाले प्रमुख स्थान**

- ग्रीन लॉन्स स्कूल गेट के पास (सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक)
- नैशनल असोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया के सामने (24 घंटे)
- वर्ली सी फेस बीएमसी स्कूल गेट के पास (दोपहर 12 से 1 बजे तक)
- सभी इमारतों के मुख्य गेट के सामने (24 घंटे)
- जेब्रा क्रॉसिंग (24 घंटे)
- कोस्टल रोड नॉर्थ बाउंड एग्जिट से जे.के. कपूर सर्कल तक (24 घंटे)
- बिंदु माधव जंक्शन से बेस्ट बस स्टॉप तक (24 घंटे)

# 'मृत व्यक्ति के सीमेन सैंपल ट्रांसफर के लिए कानून नहीं'

## केंद्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को दी जानकारी

Krishna.Shukla@timesofindia.com

AI Image



■ **मुंबई:** केंद्र सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट को साफ किया है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके सुरक्षित सीमेन (वीर्य) के नमूने (सैंपल) को किसी अन्य क्लीनिक में ट्रांसफर करने या किसी तीसरे व्यक्ति को सौंपने का मौजूदा कानून में कोई प्रावधान नहीं है। यह जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक हलफनामे के जरिए कोर्ट को दी है। मामला एक 55 वर्षीय महिला की याचिका से जुड़ा है, जिसमें उसने अपने दिवंगत बेटे के सीमेन सैंपल को हासिल करने की अनुमति मांगी है।

**कैंसर से मौत हुई थी बेटे की:** महिला के 21 वर्षीय अविवाहित बेटे की फरवरी 2025 में कैंसर से मृत्यु हो गई थी। कीमोथेरेपी शुरू होने से पहले बेटे ने मुंबई स्थित एक फर्टिलिटी सेंटर में अपना सीमेन सुरक्षित रखा था। बेटे की मृत्यु के बाद महिला ने सीमेन सैंपल को प्राप्त करना चाहा, लेकिन फर्टिलिटी सेंटर ने सैंपल देने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट का रुख किया। महिला सीमेन नमूने को किसी अन्य क्लीनिक ले जाना चाहती है। याचिका के मुताबिक, महिला के पति के अलावा बेटे के चाचा का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार की विरासत आगे बढ़ाने के लिए महिला बेटे के सीमेन सैंपल को हासिल करना चाहती है।


**सैंपल सुरक्षित रखने को कहा था:** शुरुआत में हाई कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए फर्टिलिटी सेंटर को निर्देश दिया था कि याचिका पर सुनवाई पूरी होने तक सैंपल को सुरक्षित रखा जाए। कोर्ट ने यह भी कहा था कि मृत व्यक्ति के सीमेन से जुड़ा यह मामला महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है। लिहाजा केंद्र सरकार मामले में हलफनामा दायर करे। समयाभाव के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। जस्टिस एन. जे. जमादार ने मामले में पहले से जारी अंतरिम राहत को 2 फरवरी 2026 तक बढ़ा दिया है।

**सैंपल को नष्ट करने को कहा था: केंद्र**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारी ने ऐडवोकेट यशोदीप देशमुख के माध्यम से कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि सैंपल जमा करते समय बेटे ने एक सहमति फॉर्म भरा था, जिसमें बेटे ने कहा था कि उसकी मृत्यु की स्थिति में सीमेन सैंपल को नष्ट कर दिया जाए। हलफनामे में यह भी कहा गया है कि असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (ART) अधिनियम, 2021 में सिर्फ गैमेट (युग्मक) के ट्रांसफर का प्रावधान है। गैमेट के सिर्फ निजी इस्तेमाल की इजाजत है, जिसकी अनुमति नैशनल बोर्ड से लेनी होती है। गैमेट की बिक्री पर भी रोक है। प्रतिबंध से जुड़ा कानूनी प्रावधान मौजूदा मामले में पूरी तरह से लागू होगा। ART कानून के तहत उपलब्ध सेवाएं सिर्फ दंपती और अकेली महिला के लिए उपलब्ध हैं। याचिकाकर्ता सीमेन हासिल करने के लिए अपात्र है क्योंकि वह कानून द्वारा निर्धारित उम्र को पार कर चुकी है। वह सरोगेसी कानून के तहत भी अपात्र है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रजनन सामग्री के संबंध में किसी व्यक्ति की सहमति और निर्णय को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। मृत व्यक्ति के स्पष्ट निर्णय को बदलना या अनदेखा करना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उसके स्वायत्तता के अधिकार का उल्लंघन होगा।

# साइबर अपराध पर पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दादर के नायगांव स्थित पुलिस मुख्यालय में सेंट्रल रीजन साइबर पुलिस स्टेशन की ओर से साइबर अपराध और उसके मोड्स ऑपरेंडी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 90 से अधिक पुलिसकर्मियों ने भाग लिया और साइबर अपराध के बदलते ट्रेंड के बारे में जानकारी ली। विशेषज्ञों ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी, नौकरी दिलाने के बहाने धोखाधड़ी तथा मैट्रिमोनियल फ्रॉड जैसे मामलों के तरीकों को उदाहरणों के साथ समझाया। सत्र में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के कामकाज की जानकारी दी गई।



# मातोश्री के पास फिर मंडराते हुए देखा गया ड्रोन, केस हुआ दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शिवसेना (UBT) चीफ उद्धव ठाकरे के बांद्रा (ईस्ट) स्थित घर मातोश्री के पास एक ड्रोन मंडराता हुआ दिखा। इस मामले में खेरवाडी पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि ड्रोन का इस्तेमाल पास की एक अंडर-कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में मार्केटिंग सर्वे के लिए किया जा रहा था। हालांकि, उन्होंने इसके लिए पुलिस से कोई परमिशन नहीं ली थी। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा, यह कार्रवाई तब की गई जब मातोश्री की सिक्योरिटी टीम ने शनिवार को ड्रोन देखे जाने के बारे में पुलिस को बताया।

# दुकान में संदिग्ध हालात में मिला शव

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** घाटकोपर के जागृति नगर इलाके में गुरुवार सुबह एक 53 वर्षीय व्यक्ति का शव उसकी दुकान में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान नवीन देढ़िया के रूप में हुई है, जो पेशे से टेलर था। घटना सुबह करीब 7:45 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दुकान साप्ताहिक अवकाश के कारण बंद रहती है, हालांकि नवीन कभी-कभी छुट्टी के दिन भी दुकान पर आ जाता था। घटना के दिन एक कारीगर ने उसे दुकान खोलकर अंदर जाते देखा था। बाद में पत्नी के कई कॉल करने पर भी जब फोन नहीं उठा, तो वह दुकान पहुंची। डुप्लिकेट चाबी से दुकान खोलने पर नवीन दुपट्टे के सहारे लटके मिले। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

**कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं**

# महिला की हत्या कर आरोपी फरार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** घाटकोपर पूर्व के कामराज नगर ट्रांजिट कैंप इलाके में 42 वर्षीय अमीना सिद्दीकी की हत्या का मामला सामने आया है। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है, जबकि गुरुवार सुबह इसका खुलासा हुआ। महिला के शरीर पर चाकू के वार के निशान मिले हैं। अमीना इसी इलाके में रहती थी। पुलिस ने मृतका के पति इब्राहिम सिद्दीकी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। आरोपी फिलहाल फरार है। पंतनगर पुलिस स्टेशन की सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर लता सुतार के अनुसार, आरोपी की तलाश के लिए 10 पुलिस टीमें बनाई गई हैं।

**पुलिस की 10 टीमें जांच में जुटी**

# ताडदेव ASI हमले के 2 आरोपी अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** ताडदेव पुलिस ने क्षेत्र के एक बगीचे में नाबालिग दिव्यांग के साथ छेड़छाड़ के आरोपी पुलिस अधिकारी पर हमला करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ताडदेव पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरफान इकबाल शेख (38) और अब्बास मोहम्मद अली खान उर्फ बड़े उर्फ मोहसिन (29) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ पहले से भी कई केस दर्ज हैं। हालांकि, इस मामले में आरोपी पुलिस अधिकारी भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# VN देसाई के मेडिकल सुपरिटेंडेंट का तबादला


■ **मुंबई:** बीएमसी ने वीएन देसाई अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. जयराम आचार्य का तबादला कर उन्हें मलाड के एमडब्ल्यू देसाई अस्पताल भेज दिया है। बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह तबादला हाल ही में रिपोर्ट की गई ICU से जुड़ी कथित अनियमितताओं के कारण किया गया है, जिनमें 3 डॉक्टरों ने फर्जी महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल (MMC) सर्टिफिकेट जमा कर अस्पताल में काम किया था।

# नामचीन फिल्म कंपनी के अकाउंटेंट पर केस

**NBT रिपोर्ट, मुंबई:** खार पुलिस ने एक नामचीन फिल्म प्रोडक्शन कंपनी के CEO की शिकायत पर कंपनी के पुराने अकाउंटेंट पर केस दर्ज किया है। आरोपी ने पर्सनल फंड से 65.32 लाख रुपये की हेराफेरी की। वह 2019 से 2024 के बीच कंपनी का GST कार्य संभाल रहा था। GST भुगतान के लिए उसे 56 लाख रुपये दिए गए, लेकिन उसने केवल 9.75 लाख रुपये जमा किए। शेष रकम के बारे में पूछने पर वह टालमटोल करता रहा।




# हॉकर्स से वसूली के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका



■ NBT न्यूज, ठाणे : दिवा में फेरीवालों से अवैध वसूली को लेकर समाजसेवी अश्विनी अमोल केंद्रे ने बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में राज्य सरकार, ठाणे मनपा, ठाणे पुलिस कमिश्नर और मुंब्रा पुलिस के सीनियर पीआई को पार्टी बनाया है।

अश्विनी के अनुसार दिवा शहर में एक रैकेट है, जो सभी फेरीवालों से करोड़ों रुपये वसूल रहा है। उनके खिलाफ मुख्यमंत्री, पुलिस और मनपा से कई बार शिकायत की गई, लेकिन न्याय नहीं मिला। उल्टे हफ्तावसूली करने वाले ने उन्हें धमकाया और गालीगलौज की, इसलिए उन्हें कोर्ट का दरवाजा लेना पड़ा। इसलिए उन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

महिला समाजसेवी अश्विनी अमोल केंद्रे ने लगाई गुहार

याचिका में अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, रैकेट की जांच के लिए एसआईटी गठित करने, राष्ट्रीय फेरीवाला नीति लागू करने, फेरीवालों को उचित जगह देने तथा सड़क को फेरीवालों से मुक्त कर आम लोगों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

### कई बार शिकायत, लेकिन ऐक्शन नहीं

सूत्रों के अनुसार दिवा की आबादी करीब 6 लाख हो गई है। अवैध निर्माण के लिए बदनाम दिवा में फेरीवालों की बढ़ती संख्या बड़ी समस्या बन गई है। लोगों ने आंदोलन भी किया, चक्काजाम, विरोध-प्रदर्शन हुए। शिवसेना (UBT) के रोहिदास मुंडे ने असामाजिक तत्वों द्वारा दिवा में रेहड़ी-पटरी वालों से रोजाना उगाही का आरोप लगाते हुए पुलिस कार्रवाई की लिखित मांग की है।

> तमाम शिकायतों के बावजूद जब कहीं सुनवाई नहीं हुई, तो हमने इस अवैध उगाही और गुंडागर्दी के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है।
> -अश्विनी अमोल केंद्रे, समाजसेवी



# लापता चार्जशीट की जांच करें प्रधान जिला न्यायाधीश : HC

## भिवंडी मैजिस्ट्रेट कोर्ट में नही मिल रही नारपोली पुलिस की दायर चार्जशीट

Krishna.Shukla@Timesofindia.com



■ मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने भिवंडी मैजिस्ट्रेट कोर्ट से चार्जशीट गायब होने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने इसे गंभीर मानते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश को पूरे प्रकरण की जांच का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह निर्देश हरेश मोहिते की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। मामला जाने के बाद याचिका में जूडिशल मैजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (कोर्ट नंबर-2) से चार्जशीट के लापता होने का खुलासा किया गया है। मामला ठाणे जिले के नारपोली पुलिस स्टेशन से जुड़ा है। कोर्ट ने प्रधान जिला न्यायाधीश को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। 28 जनवरी, 2026 को मामले की अगली सुनवाई होगी।

मामले में पुलिस और अदालत के अधिकारी के दावों में उभरे विरोधाभास को देखते हुए कोर्ट ने प्रधान जिला न्यायाधीश को गहराई से जांच का निर्देश दिया है। इससे पहले मामले को लेकर भिवंडी जोन 2 (ठाणे जिला) के डीसीपी शशिकांत बोराटे ने हलफनामा दायर किया।

हलफनामे के मुताबिक, नारपोली पुलिस स्टेशन द्वारा मैजिस्ट्रेट कोर्ट में चार्जशीट (OW नंबर 7087/2017) भेजी गई थी पर उक्त चार्जशीट का कोर्ट में पता नहीं चल रहा है। इसलिए नए सिरे से चार्जशीट को तैयार (रिकंस्ट्रक्ट) करने की अनुमति दी जाए। जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस आर.आर. भोसले की बेंच ने कहा कि हलफनामे में संबंधित कोर्ट प्रशासन (रजिस्ट्री) द्वारा चार्जशीट की प्राप्ति के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। चार्जशीट की स्वीकृति के संबंध में किसी तथ्य का जिक्र नहीं किया गया है। इस संबंध में एक्नॉलेजमेंट भी नहीं प्रस्तुत किया गया है।

### अदालत ने क्यों दिया है जांच का निर्देश?

NBT Lens — खबरों के अंदर की बात

अदालत में चार्जशीट का न मिलना बेहद गंभीर मामला है। इस मामले में पुलिस का कहना था कि उसने चार्जशीट जमा की है। मैजिस्ट्रेट कोर्ट के अधिकारी के मुताबिक, चार्जशीट नहीं मिल रही है। ऐसे में, कौन सही है? इसकी पड़ताल जरूरी है। इस तरह के केस की अनदेखी नहीं की जा सकती है। मौजूदा मामले में यह जानना जरूरी है कि कहीं पुलिस आंखों में धूल तो नहीं झोंक रही है।

## फटाफट खबरें

### विरार में 23 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

■ NBT न्यूज, विरार: विरार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के घासकोपरी गांव में एक 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार घासकोपरी, नित्यानंद नगर स्थित साईं नारायण अपार्टमेंट निवासी हर्ष रवजी डांगिया (23) परिवार के साथ रहते थे। मंगलवार दोपहर 4 बजे अज्ञात कारणों से घर के हॉल में लगे पंखे से उन्होंने फांसी लगा ली।

### मां ने डांट दिया, तो बेटी ने की खुदकुशी

■ NBT न्यूज, विरार: बोलिंज इलाके में मां के डांटने पर 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार तिरुपति नगर, युनिक होम निवासी उन्नति बिट्टू मौरिया (17) अपने परिवार के साथ रहती थी। सोमवार की शाम कॉलेज से घर देर से आने पर मां ने उन्हें डांट दिया। इससे आहत किशोरी ने रात को घर के किचन में लगे पंखे पर दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली।

### पुरानी रंजिश: युवक को ट्रेन में चाकू मारा

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : वाशी में लोकल ट्रेन के भीतर पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। यह वारदात सीएसएमटी से पनवेल जा रही लोकल ट्रेन में हुई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पीड़ित सिराज अब्दुल्ला शेख (24) मानखुर्द के चीता कैंप में रहते हैं। GRP आरोपी की तलाश में जुटी है।

### अवैध शराब भट्ठियों पर पुलिस का ऐक्शन

■ NBT न्यूज, विरार: क्राइम ब्रांच यूनिट-3 ने विरार व पेल्हार पुलिस परिक्षेत्र में कई अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर लाखों का माल जला दिया गया। इस मामले में दो महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच जारी है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs

To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

**बिजनेस**

BUSINESS OFFERS

घर बैठे दुनिया भर सेवा का अतिम आवश्यक 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाएं। हम आपका बिज़नेस स्थापित करेंगे। 7715051130/ 9920925129

**प्रॉपर्टी**

मुंबई प्रॉपर्टीज

पवई

POWAI Ownership 3BHK Flat, Servant Toilet on Sale area 1975 sft, over looking lake, 2 parkings. Attractive Price. Owner: 9619612342/ 40020800

घाटकोपर पूर्व

GHATKOPAR. Ownership. New building with amenities. 1BHK 380 carpet 1.10 cr. 24 hrs water, pipe gas. Agents not required. Owner - 9022060309.

मुलुंड पूर्व

2BHK Semi furnished apartment 975 sqft, gated society, luxurious amenities in Mulund East, 1st floor, 1stilt carparking, 1dry balcony, new interiors. Contact: 8828021106

अंधेरी पश्चिम

ANDHERI-WEST Near Andheri Station / Azad Nagar Metro Station, 2 BHK flat 800 sft. carpet area, fully furnished, east-facing, cross-ventilation, Vaastu compliant, swimming pool, garden-facing. Building with all amenities, close to school, market, Derasar. Brokers welcome. Contact (Owner): 9821540678

**बिक्री के लिए**

नासिक

PLOT FOR SALE
Shahapur Taluka
properties 1km from Atgaon local railway station (Titwala line)
DMIC corridor
17 acre TP NA
15 acre Residential NA
23 acre Agricultural (Free Zone)
All 3 properties connecting each other
40 ft Road access
+91 95185 42018

**भर्ती**

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

प्रशासन

आयात/निर्यात

REQUIRED Export Assistant having Knowledge of Documentation, Fluent in English & Min. 3 yrs exp to a Ltd Co at Fort Mumbai. Email: info@vividglobalinds.com

अन्य रिक्तियां

सेवानिवृत्त व्यक्ति

GRAB-AN-OPPORTUNITY vacancy for Retirees/VRS/NRI /Pensioners/Professionals. Good Salary+ Incentives in Flexible time. Call: 9720980544

**तकनीकी**

इंजीनियर्स

A Pvt. Ltd. Co. Req. an Electronic Eng. M/F exp. in programming of PLC preferably Omron /Mitsubishi. Apply with Bio-data/ Email: inductionbrazing@gmail.com / contact: 8657003103/ 8657003104

REQUIRED Mechanical Eng. with 2yrs exp.in SPM designing For Mfg. Co. Apply with Bio data contact: 8657003103/ 8657003104 Email: inductionbrazing@gmail.com

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
I SHIVSHANKAR CHAURASIYA S/O KUNJEE LAL CHAURASIYA working in BARC Mumbai,residing at Flat No.202 Arjun CHS Ltd Sector 10 Kharghar raigarh maharashtra 410210.Declare that my name erroneously mentioned as SHIVSHANKAR CHAURSIYA in my service book,10th certificate and documents of property, the correct name of mine is SHIVSHANKAR CHAURASIYA
Sd/- SHIVSHANKAR CHAURASIYA

निविदाएं (टेंडर्स)

इंडिया एक्ज़िम बैंक
प्रस्ताव हेतु अनुरोध
भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा परामर्शदाताओं की सेवाएं लेने के लिए पात्र भारतीय संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित हैं।
प्रयोजन: खरीद प्रबंधन सहायता सेवाओं हेतु
विवरण: https://gem.gov.in पर उपलब्ध है।
बिड संख्या: GEM/2025/B/7041091
आगामी सभी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जेम पोर्टल पर सूचित किए जाएंगे।

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

**व्यक्तिगत**

धन्यवाद ज्ञापन

MAY the Sacred Heart Of Jesus be Praised, Adored, Glorified and Loved today and everyday throughout the world now and forever. Amen! Ask St.Clare for three favours two impossible and say nine Hail Mary's and the above prayer for 9 days with a lighted candle and publish it on 9th day. Your request will be granted no matter how impossible.

नामकरण

I Have Changed My Name From Dipali Laskar To Dipali Sharat Laskar Vide Gazette No. M-25293461 Dated : November 06-12, 2025

नाम परिवर्तन

I,SUMITRA Mother of Nagaraj Channabasappagol r/o Dum Urabinahatti, Gokak, Belagavi, Karnataka-591101 have changed my name from Sumitra to Sumitra Basavanneppa Channabasappagol vide aff. No 58AB555708 dt 24/12/2025 at Nashik

I Have Changed My Name From Madhuchanda Laskar To Maduchanda Laskar Vide Gazette No. M-25182357 Dated : August 28- September 3, 2025

I, Audhiya Rajkuvar Singh Vrijmohan Singh r/o C-307, Tankar Residency-3, Vatva, Ahmedabad, Guj-382440 have changed my Son name from Audhiya Ronak to Audhiya Ronak Rajkuvar vide aff. No 58AB555705 dt 23/12/2025 at Nashik

I,AAYUSH Kumar Son of Shailesh Kumar r/o Jai Vihar Colony, Jhurkhuriya, Bhadurpur, Bhagalpur, Bihar-813210 have changed my name from Aayush Kumar to Ayush Kumar vide aff. No 58AB555707 dt 24/12/2025 at Nashik

I Have Changed My Name From Sharat Kumar Laskar To Shharat Laskar Vide Gazette No. M-25293476 Dated : November 06-12, 2025

I, Audhiya Rajkuvar Singh Vrijmohan Singh r/o C-307, Tankar Residency-3, Vatva, Ahmedabad, Guj-382440 have changed my Daughter name from Audhiya Riya to Audhiya Riya Rajkuvar vide aff. No 58AB555706 dt 23/12/2025 at Nashik

I, No 17006740K NK Biradar Ajaykumar Baliram r/o Honali, Devani, Latur, M.H-413519 have changed my Son name from Rudra to Biradar Rudra Ajaykumar vide aff. No 58AB555693 dt 24/12/2025 at Nashik

PROPERTY SPECIAL OFFER

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह एवं कैबिनेट मंत्री आशिष शेलार के हाथों नलिन भाई शाह पुरस्कृत



मुंबई: एक राष्ट्रीय नामांकित न्यूज चैनल द्वारा मुंबई के पंचतारांकित ललित होटल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में रियल इस्टेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शाह ग्रुप लि. के चेयरमैन नलिनभाई शाह को 'उत्कृष्ट नेतृत्व' पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह तथा महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार के हाथों प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार मिलने पर तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी।

Nalinbhai Shah : Chairman
Shah Group Builders Ltd.
© 93218 03000 / 98216 81717
Office : Shah Signature, Sector-17, Vashi, Navi Mumbai-400705.

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

PROPERTY SPECIAL OFFER





Corporate Office: 1st Floor, Out House, Dinmani Sadan, R.R.T. Road, Mulund (W), Mumbai-80
Contact: 9892257774 / 9892226818 / 9769762989 / 9769762525
© 9769762525
*The images shown are for representational purpose only

## स्टेट अपडेट

### एक ही परिवार के 4 लोग मृत पाए गए, आत्महत्या का संदेह

■ भाषा, नांदेड़ : नांदेड़ जिले में गुरुवार सुबह एक किसान, उसकी पत्नी और उनके 2 बेटों के शव मिले। पुलिस को संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। एक अधिकारी ने बताया, सुबह करीब 8 बजे मुदखेड़ तहसील के ज्वाला मुरार गांव स्थित अपने घर में एक खाट पर रमेश सोनाजी लखे (51) व उनकी पत्नी राधाबाई लखे (45) के शव मिले। उनके बेटों उमेश (25) और बजरंग (23) के शव बाद में पास की रेलवे लाइन पर मिले। अधिकारी ने बताया, अभी यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह कदम उन्होंने क्यों उठाया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### आंतकी कनेक्शन : ATS ने इंजिनियर को हिरासत में लिया

■ पीटीआइ, पुणे : महाराष्ट्र ATS ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर जुबैर हंगरगेकर को एक बार फिर हिरासत में ले लिया है। उसे 2 महीने पहले अलकायदा और अलकायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट जैसे बैन संगठनों से कथित संबंधों और कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। ATS ने बुधवार को हंगरगेकर को फिर अपनी हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने बताया, अदालत ने उसे 3 जनवरी तक ATS की हिरासत में भेज दिया है।

### ऐक्टर सयाजी शिंदे के परियोजना स्थल पर आग, पेड़ों को नुकसान

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : बीड जिले में अभिनेता एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सयाजी शिंदे के पौधारोपण स्थल पर आग लगने से पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया, पालवान गांव स्थित 'सह्याद्री देवराई' परियोजना में बुधवार रात करीब 9 बजे लगी आग में कोई हताहत नहीं हुआ। सयाजी शिंदे ने इस घटना को गंभीर बताया और पौधारोपण के आंकड़ों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। आग पर काबू पा लिया गया है। अब तक घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### पुणे से दिल्ली तक NCC का साइकिल अभियान रवाना

■ आईएएनएस, पुणे : एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र की ओर से आयोजित ऐतिहासिक साइकिल अभियान 'शौर्य के कदम, क्रांति की ओर' को गुरुवार को पुणे के ऐतिहासिक शनिवार वाड़ा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान आगामी एनसीसी पीएम रैली 2026 का एक हिस्सा है, जिसका समापन 27 जनवरी 2026 को दिल्ली में प्रधानमंत्री की ओर से साइकिल रैली टीम को हरी झंडी दिखाने के साथ होगा।

## महानगर खेल

### हैरिस शील्डः अंजुमन ए इस्लाम बना चैंपियन





■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अंजुमन ए इस्लाम अल्लाना ने अल बरकात MMI को 8 विकेट से हराकर अंडर 16 हैरिस शील्ड इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। फाइनल मैच के तीसरे और अंतिम दिन अल बरकात टीम ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 212 रन से आगे खेलना शुरू किया। दूसरी पारी में नियमों के मुताबिक बरकात टीम को अधिकतम 40 ओवर बैटिंग करनी थी। 40 ओवर में बरकात टीम ने 3 विकेट खोकर 245 रन बनाए, जिसमें अहान पटेल के नॉटआउट 105 रन शामिल रहे। अंजुमन टीम के युवान शर्मा ने 2 विकेट लिए। पहली पारी में 133 रन से पिछड़ी अल बरकात टीम ने अंजुमन टीम को जीत के लिए 40 ओवर में 111 रन का टारगेट दिया। अंजुमन टीम ने 19.5 ओवर में 2 विकेट पर 111 रन बनाकर मैच जीत लिया। पुरस्कार वितरण में पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर और फरहान पावरी मौजूद थे।

# भिवंडी से ड्रग्स बरामद, 1 अरेस्ट

## क्राइम ब्रांच ने पकड़ा करीब 2 किलो गांजा, पिस्टल भी हुई जब्त

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने ड्रग्स के खिलाफ मुहिम के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.904 किलोग्राम गांजा, एक पिस्टल और जिंदा कारतूस जब्त किया है। शांतिनगर पुलिस द्वारा आरोपी से गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी खंगाली जा रही है।

पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच के कॉन्स्टेबल अमोल इंगले को आरिफ सिद्दीकी नामक आरोपी के ड्रग पैडलर होने की टिप मिली थी। इसी आधार पर सीनियर पीआई जनार्दन सोनवणे के मार्गदर्शन में एपीआई मिथुन भोईर, पीआई रविंद्र पाटील की टीम ने न्यू आजाद नगर स्थित फैजे-आम हाईस्कूल के पास जाल बिछाया। शक के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने आरिफ सिद्दीकी (19) को पकड़ा, जो शांतिनगर निवासी है। तलाशी के दौरान आरिफ के पास से 1.904 किलोग्राम गांजा एवं एक माउजर पिस्टल बरामद हुआ। शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी रामचंद्र जाधव के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त (क्राइम) अमरसिंह जाधव और सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागडे के मार्गदर्शन में की गई। आरोपी से पूछताछ जारी है, ड्रग से जुड़े कई मामलों का खुलासा हो सकता है।

### दुकान में सेंध, लाखों का माल चोरी

NBT न्यूज, भिवंडी : काल्हेर स्थित मढवी कंपाउंड में काजी रावरिया की 'लक्ष्मीनारायण ट्रेडिंग कंपनी' नामक किराना दुकान से 23 दिसंबर भोर अज्ञात चोरों ने लाखों का माल गायब कर दिया। आरोपी दुकान की पिछली दीवार पर लगी खिड़की की लोहे की जाली तोड़कर भीतर घुसे थे। नारपोली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इसी तरह सरवली गांव में दो घरों में अज्ञात चोरों ने लाखों की जूलरी चुरा ली।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन सावधानी बरतने का है। किसी भी नए काम को शुरू करने से पहले उसके कानूनी पहलुओं पर अच्छी तरह से गौर करके चलें। व्यापार के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है। आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। इस पल का आनंद उठाएं।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज दिन की शुरुआत व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है, बशर्ते आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं। प्यार के मामले में आज का दिन ठीक है। घर-परिवार में सुख-शांति और विश्वास बना रहेगा और आपको जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आप दूसरों की भावनाओं को पहचानकर उनके अनुसार चलेंगे तो आपको काफी आत्मसंतोष होगा। कभी-कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए आप किसी भी कठिन प्रॉब्लम का हल निकालने में सफल हो जाएंगे। बड़ों का आदर करें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे। उन मौकों को पहचानकर उन पर खरा उतरना आपकी जिम्मेदारी है। यह भी सोच लीजिए कि मौके बार-बार दरवाजे पर दस्तक नहीं देते। दिन के उत्तरार्ध में आराम करने के लिए समय मिलेगा। संतान पक्ष से भी आज की गई मांग को पूरा करने का अवसर आपके पास रहेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का आपका दिन मिलाजुला रहने वाला होगा। आज आपको दिन के पहले हिस्से में दूसरों की आर्थिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकल आएगा। किसी अपने से थोड़े समय के लिए दूर जाने की स्थिति आ सकती है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा भी निभाएंगे। घर के सभी पुराने कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा। दिन के दूसरे हिस्से में अपने प्रिय के साथ घूमने-फिरने का प्लान बनाया जा सकता है। बिजनेस में किसी तरह का जोखिम उठाने का काम करना फायदेमंद नहीं होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आप अपने पुराने दोस्तों मुलाकात में कामयाब हो जाएंगे। कुछ जरूरी सामान की शॉपिंग करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। ऐसी चीजें कतई न खरीदें जो फिलहाल आपके काम में आने वाली नहीं है। आपके विचार पसंद किए जाएंगे। हो सकता है आज कार्यक्षेत्र में सीनियर्स के आशीर्वाद से आपकी पदोन्नति हो।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज का दिन आपको खुश किये रखेगा। दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी कामों को निपटाना जरूरी होगा। कोई पुराना दोस्त आज अचानक आपका मेहमान बनकर आ सकता है। अगर आपसे आज के दिन कोई भी व्यक्ति उधार मांगे, तो आप एक बार अपनी सेविंग्स पर जरूर नजर डाल लें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपको आपके कर्मक्षेत्र में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम में भी आपकी रुचि रहेगी। जरूरी सामान की खरीदारी में ध्यान का समय दीजिए। घर में बड़े-बुजुर्गों से बातचीत में न उलझें तो अच्छा है। उनकी राय भी सुन लें, क्या पता कभी वक्त पड़ने पर काम आ जाए।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज सुबह से ही किसी नए प्रोग्राम को लेकर आपके उत्साहित रहेंगे। किसी नए ऑफर को लेकर आज बात बन सकती है। दिल की बात जुबान पर लाने का यह सबसे अच्छा समय है। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ने की बात चल रही है। अपनी जुबान पर काबू रखें। एक गलती परेशानी में डाल सकती है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज दिन के पहले हिस्से में आपको छोटा-मोटा धन लाभ होगा। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिए। आज कई तरह के काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता अधिक रहेगी। बेहतर मौके की तलाश में रहें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आप अपने में मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। आप काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। कार्यक्षेत्र में सभी लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। आप अपने व्यवहार के बल पर अपने सोशल सर्कल में मेलजोल बढ़ाने में कामयाब हो जाएंगे।


### जन्मदिन की शुभकामनाएं

शनि एवं सूर्य वर्ष के स्वामी ग्रह हैं। पिता-पुत्र होने पर भी दोनों में परस्पर सद्भाव का अभाव रहता है। दिसंबर शेष से जनवरी 2026 के अंत तक आपके बिजनेस का विकास होगा। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत भी बनेंगे और आपका जीवन स्तर भी दूसरों से ऊंचा उठेगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक में आपकी धार्मिक प्रवृत्ति और पाठ पूजा से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इस दौरान पुण्य कार्यों का लाभ भी मिलेगा। अप्रैल माह से लेकर मई-जून के बीच कुछ गुणी लोग आपके कार्य कौशल से प्रभावित होंगे। जुलाई महीने से लेकर अगस्त के महीने तक व्यापारी वर्ग के जातकों को बेहतर उन्नति करने का मौका मिलेगा। सितम्बर महीने में दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। अक्टूबर से लेकर नवंबर तक मंगलयुक्त यात्रा आदि का आयोजन संभव है। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष विशेष लाभकारक सिद्ध होगा, जबकि विद्यार्थी वर्ग को लापरवाही के कारण निराशा का भी झेलना होगा। इस वर्ष आप जितने पूर्ण उत्साह के साथ काम करेंगे, उतनी निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दिसंबर में पुराने समय से रुका हुआ पैसा भी मिलेगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा तथा पुण्य कार्यों पर व्यय का योग भी है।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (शनिवार, 27 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 6, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, सप्तमी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 13, रज्जब 6, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 27 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। सप्तमी तिथि मध्याह्न 1 बजकर 10 मिनट तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। पूर्व भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 9 बजकर 10 मिनट तक उपरांत उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। व्यतीपात योग दोपहर 12 बजकर 21 मिनट तक उपरांत वरियान योग का आरंभ। वणिज करण मध्याह्न 1 बजकर 30 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - अनुराधा षष्ठी, वीर बाल दिवस, जोड़ मेला (पंजाब)।

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बालू खालू | भेड़ |
| 10:00 बड़कुब दुल्हन | 14:30 हम पांच |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:30 अलादीन | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 12:00 यशोमती अजेय कृष्ण | 19:30 राष्ट्र के रक्षक |
| 13:30 भ से | 21:00 चौराह |

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 4 | | | 1 | |
| | 8 | | 6 | | 1 | | 9 | |
| | | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | 1 | | 5 | | 2 | 8 | |
| | | 5 | 8 | | 4 | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 3 | | 5 | 6 | |
| | | 4 | | | | 1 | | |
| | 2 | | 3 | | 5 | | 7 | |
| | 1 | | | 9 | | | 2 | |

## फटाफट खबरें

### एयरपोर्ट: कई गांवों ने विरोध के बैनर लहराए



■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** इंटरनैशनल एयरपोर्ट को दिबा पाटील का नाम नहीं देने पर विपक्ष की तरफ से गुरुवार को नवी मुंबई और पनवेल के अनेक गांवों में बैनर लहराकर केंद्र सरकार का विरोध किया गया। आगरी-कोली यूथ फाउंडेशन के निलेश पाटील, पूर्व विधायक बालाराम पाटील सत्ता पक्ष पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि हमारी दृष्टि में यह काला दिन है। हम शांत नहीं बैठेंगे, आंदोलन तेज करेंगे।

### एयरपोर्ट के नाम को लेकर विरोध-प्रदर्शन



■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** नवी मुंबई एयरपोर्ट का नाम दिबा पाटील के नाम पर रखने को लेकर भिवंडी के भूमिपुत्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया। सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा के नेतृत्व में भूमिपुत्रों ने गांव-गांव में मोर्चा निकाला।

### कंपनी के दफ्तर में युवती ने लगाई फांसी

■ **NBT न्यूज, वसई :** वसई के वालीव थाना क्षेत्र के भोयदापाडा में दीया इंडस्ट्रियल की 24 वर्षीय कर्मचारी रंजना जैसवाल ने ऑफिस में सीलिंग पाइप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में जुटी है।

# नवी मुंबईकरों को मिलेगा एयरपोर्ट का क्रिसमस गिफ्ट

## उड़ानें शुरू: यात्रियों का स्वागत करने पहुंचे अदाणी

■ पुरुषोत्तम कनौजिया, नवी मुंबई



क्रिसमस पर नवी मुंबईकरों को इंटरनैशनल एयरपोर्ट का तोहफा मिला। गुरुवार सुबह 8 बजे इंडिगो की पहली फ्लाइट इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर आई, तो गौतम अदाणी ने यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। पहले विमान से आए यात्रियों को सर्टिफिकेट के साथ उपहार और उनके फोटो प्रिंट कर उन्हें दिए गए, ताकि उनका यह मौका खास और यादगार रहे।

साई प्रतीक्षा (12) यहां उतरने वाली पहली यात्री बनीं, जो पिता के साथ मुंबई घूमने आई हैं। उनके पिता रामप्रसाद ने कहा कि हमारा स्वागत भी सरप्राइजिंग रहा।

गुरुवार सुबह 6 बजे से एयरपोर्ट परिसर में यात्रियों की गहमा-गहमी शुरू हो गई थी। कई स्थानीय लोगों ने पहली यात्रा के लिए टिकट बुक किए थे और वे अपनी पारंपरिक टोपी पहनकर एयरपोर्ट पहुंचे। चेंबूर के मोहम्मद शादाब ने अपनी टी-शर्ट पर टिकट और यात्रा का विवरण प्रिंट कराया था, ताकि पहली यात्रा यादगार रहे।

एयरपोर्ट को दिबा पाटील नाम देने की मांग दोहराते हुए उनके पैतृक गांव के सरपंच संतोष भरत एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के लिए आगरी समाज के लोगों ने जमीनें दी हैं, इसलिए वे अपनी मांग पर अडिग हैं।

### 45 मिनट की होगी मुफ्त यात्रा

एयरपोर्ट प्रोजेक्ट प्रभावित 27 गांवों के 154 लोगों को 45 मिनट की मुफ्त हवाई यात्रा कराने का लक्ष्य अदाणी फाउंडेशन ने रखा था, जिसमें 30 लोग शामिल हुए। इनमें 13 महिलाएं, 14 पुरुष, 3 बच्चे शामिल थे। इसके लिए प्रत्येक गांव से ऐसे लोगों को चुना गया, जिन्होंने कभी प्लेन की यात्रा नहीं की थी। इनमें ज्यादातर बुजुर्ग नागरिक थे। उन्हें फोन कर यात्रा के लिए बुलाया गया, लेकिन यह नहीं बताया गया था कि उन्हें कहां ले जाया जाएगा। वे खूब उत्सुक दिखे, सभी को प्लेन में बिठाकर करीब 45 मिनट तक एयरपोर्ट परिसर में घुमाया गया। यात्रा के बाद उन्होंने कृतज्ञता जताई।

## एयरपोर्ट शुरू, NMMC की कई कमियां उजागर

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** इंटरनैशनल एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए नवी मुंबई मनपा परिवहन विभाग ने तरघर स्टेशन से एयरपोर्ट तक बस सेवा शुरू की है। योजना के अनुसार दिनभर में 16 फेरे तय थे, लेकिन फिलहाल केवल दो बसें ही चलाई जा रही हैं। पहले दिन यात्रियों की संख्या कम रही और बसें तीन-चार यात्रियों के साथ चलती दिखीं। अधिकतर लोग ऑनलाइन बुकिंग के जरिए सफर करते नजर आए। दिवा से आए निलेश भरत ने बताया कि उन्हें बस सेवा की जानकारी नहीं थी। इस मामले में एनबीटी ने परिवहन उपायुक्त योगेश कडुस्कर से संपर्क किया, लेकिन जवाब नहीं मिला।

> तमाम घोषणाएं, लेकिन आवागमन की व्यवस्थाएं फिसड्डी

## डिजिटल अरेस्ट की धमकी से 50 लाख की ठगी

■ **NBT न्यूज, विरार :** विरार वेस्ट के तिरुपति नगर निवासी बुजुर्ग से साइबर ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी देकर कथित तौर पर 50 लाख रुपये ठग लिए। बुजुर्ग की शिकायत पर बोलिंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तिरुपति नगर के चिंतामणि विहार निवासी नेटनलाल राम दयाल सिंह (75) के मोबाइल फोन पर 4 दिसंबर को अज्ञात नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया। सामने वाले व्यक्ति ने सिंह से कहा कि वह इंस्पेक्टर विनय खन्ना है और कहा कि लॉन्ड्रिंग के केस में तुम्हें गिरफ्तार करना पड़ेगा। सिंह ने डर कर फोन काट दिया।

आरोपियों ने फिर दूसरे दिन फोन पर धमकी दी। सिंह ने झांसे में आकर आरटीजीएस करके लगभग 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से लाखों की धोखाधड़ी

**NBT न्यूज, विरार :** बोलिंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रहने वाली हिना सवजी (27) ने आरोप लगाया कि उसे नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ लोगों ने उससे लगभग साढ़े पंद्रह लाख की ठगी की है। शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।










# उत्तर प्रदेश: बदलाव और सशक्तिकरण की यात्रा





## आज का उत्तर प्रदेश इस बात का साक्षी है कि कैसे दूरदर्शी नेतृत्व और उत्तम शासन प्रणाली मिलकर विशाल संसाधनों को शक्ति में और संभावनाओं को प्रदर्शन में बदल सकते हैं, जिससे राज्य देश की प्रगति में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप :

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल शासकीय नीतियों के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश पिछले पौने नौ वर्षों में विकास और सुधार के एक परिवर्तनकारी दौर का साक्षी बना है। रणनीतिक नीतियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन ने राज्य को प्रमुख क्षेत्रों में एक अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। उत्तर प्रदेश ने सुधारों और सक्रिय हितधारक-जुड़ाव के माध्यम से एमएसएमई विकास, औद्योगीकरण, निवेश प्रोत्साहन और कृषि आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसके परिणामस्वरूप रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और संतुलित क्षेत्रीय विकास हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में निवेश ने पहुंच का विस्तार किया है और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, जबकि बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यटन स्थलों के विकास के माध्यम से पर्यटन एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में उभरा है।

कुल मिलाकर, ये प्रयास पारदर्शिता, समावेशिता और दीर्घकालिक विकास पर आधारित शासन मॉडल को दर्शाते हैं, जो उत्तर प्रदेश को भारत की विकास यात्रा में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में मजबूती से स्थापित करते हैं और राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं।



## विकास के प्रमुख क्षेत्र

- गेहूं उत्पादन: उत्तर प्रदेश गेहूं उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है।
- चावल उत्पादन: चावल उत्पादन के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- एथेनॉल उत्पादन: एथेनॉल के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।
- उत्पादकता में वृद्धि: राज्य की अधिकांश प्रमुख फसलों की उत्पादकता में वर्ष 2001-02 से वर्ष 2016-17 की अवधि के दौरान औसतन 8.7% की वृद्धि हुई थी, जबकि वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 की अवधि में औसतन 42.8% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है।



| फसल/ उत्पाद | वर्ष | उत्पादन | हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 2024-25 | 414.39 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गेहूं उत्पादन में लगभग 35.3% का योगदान |
| चावल | 2024-25 | 219.2 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल चावल उत्पादन में लगभग 14.7% का योगदान |
| गन्ना | 2024-25 | 2453.5 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गन्ना उत्पादन में लगभग 54.5% का योगदान |
| फल एवं सब्जियां | वार्षिक | 400 लाख टन | देश में अग्रणी |
| एथेनॉल | 2024-25 | बढ़कर 182 करोड़ लीटर हुआ | देश में प्रथम |

## उत्तर प्रदेश के किसानों को मिल रहा विकास का लाभ

- **पीएम किसान सम्मान निधि:** इस योजना के माध्यम से 3.12 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खाते में ₹94,000+ करोड़ से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर (डीबीटी) की गई है।
- **पीएम कुसुम योजना:** सिंचाई को सुगम बनाने के लिए किसानों को 93,062 से अधिक सोलर पंप आवंटित किए गए हैं।
- **चीनी उद्योग में क्रांति:** मार्च 2017 से अब तक 4 नई चीनी मिलें स्थापित की गई हैं, 6 पुरानी मिलें पुनर्संचालित की गई हैं और 42 चीनी मिलों की क्षमता का विस्तार किया गया है। इन प्रयासों से लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।
- **मुफ्त सिंचाई सुविधा:** राज्य के 14 लाख से अधिक किसान सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा से लाभान्वित हुए हैं।
- **मुख्यमंत्री सहभागिता योजना:** इस योजना के तहत 2,46,426 गोवंश को इच्छुक किसान और पशुपालक परिवारों को सौंपा गया है।
- **गो-आश्रय स्थलों के लिए डीबीटी:** राज्य के इतिहास में पहली बार, गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित प्रत्येक गाय के भरण-पोषण के लिए ₹50 प्रति दिन की दर से धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।
- **किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन):** मार्च 2025 तक, पशुपालन क्षेत्र के तहत 6.68 लाख से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।



सरकार की सहायक नीतियों से किसानों की आय में वृद्धि हुई है।

## शिक्षा



- स्कूल चलो अभियान और शारदा कार्यक्रम (हर दिन स्कूल आए) के माध्यम से 40 लाख अतिरिक्त बच्चों का नामांकन हुआ है और ड्रॉपआउट दर (स्कूल छोड़ने की दर) में भारी गिरावट आई है।
- शारदा कार्यक्रम के तहत, वर्ष 2024-25 में अब तक 7.77 लाख बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराया गया है।
- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का संतृप्तीकरण (पूर्ण उपलब्धता) सुनिश्चित किया गया है।
- 25,790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 880 ब्लॉक संसाधन केंद्रों और 5817 स्कूलों में आईसीटी लैब तथा शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं।
- सभी 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को अपग्रेड किया गया है, जो कमजोर वर्ग की लड़कियों को कक्षा 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।
- राज्य के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन शुरू हो गया है।
- पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने और उन्हें 'ग्रीन स्कूल' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।
- प्री-प्राइमरी और कक्षा 1 से 8 तक के 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है।
- प्रत्येक जिले में 2 स्कूलों के लक्ष्य के साथ 150 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें 1500 छात्रों की क्षमता के साथ प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी।


## युवा कल्याण



- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA):** शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य है।
- वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA) के अंतर्गत 1.70 लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं।
- 1.75 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।
- PLFS सर्वेक्षण के अनुसार, उत्तर प्रदेश में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 44.6% थी, 12.3% की वृद्धि के साथ वर्ष 2023-24 में 56.9% हो गई है।
- राज्य में बेरोजगारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 6.2% थी, वह वर्तमान में 2.1% रह गई है।










## महिला सशक्तिकरण

- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लगभग 26.78 लाख लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।
- लगभग 40 हजार बीसी सखियों ने कार्य किया और ₹31,626 करोड़ मूल्य के लेनदेन संसाधित किए। बीसी सखियों ने लाभांश के रूप में ₹85.81 करोड़ कमाए।
- लखपति महिला योजना के तहत 31 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है। इनमें से 2 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति' श्रेणी में आ चुकी हैं।
- उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत, 8,73,534 समूहों, 57,482 ग्राम संगठनों और 3,137 क्लस्टर स्तरीय संघों का गठन कर ग्रामीण क्षेत्रों की 95 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया।
- 189 नगर निकायों में महिलाओं के लिए 1100 पिंक टॉयलेट्स का निर्माण किया गया।








निर्माण पूरा होने पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन जाएगा।

## औद्योगीकरण और निवेश

- 2018 में किया 'यू.पी. इन्वेस्टर्स समिट' का सफल आयोजन
- 2023 में किया 'यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' का भव्य आयोजन
- निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए लगभग ₹45 लाख करोड़
- ₹15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं
- 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां मिलीं और करोड़ों अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए इन निवेशों के माध्यम से।
- फरवरी 2024 में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से ₹10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया गया।

## पर्यटन एवं संस्कृति

- **पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि:** पर्यटकों के आगमन की संख्या वर्ष 2016 के 21.5 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024 में 64.9 करोड़ हो गई है।
- **महाकुंभ - 2025:** महाकुंभ - 2025 के दौरान, 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पावन डुबकी लगाई।
- **सांस्कृतिक पुनरुद्धार:** श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, अयोध्या दीपोत्सव, ब्रज रंगोत्सव, काशी की देव-दीपावली, नैमिष तीर्थ और शुक्र तीर्थ का पुनरुद्धार, 100 वर्षों के बाद मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की पुनर्स्थापना और सोरों-सूकर क्षेत्र के विकास जैसे कार्यों ने उत्तर प्रदेश की लोकप्रियता को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है।
- **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड:** अयोध्या के दीपोत्सव में 25,12,585 से अधिक दीप प्रज्वलित कर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया गया।
- **मुख्यमंत्री पर्यटन फैलोशिप योजना:** पर्यटन क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी और शोध को बढ़ावा देने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया गया।
- **हेलीपोर्ट सेवा:** आगरा और मथुरा जिलों में हेलीपोर्ट संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में भी हेलीपोर्ट सेवाएं उपलब्ध होंगी।
- **पर्यटन पुलिस:** पर्यटकों की सुविधा, सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'पर्यटन पुलिस' की तैनाती की गई है।



महाकुंभ 2025

## प्रधानमंत्री मित्र पार्क एवं औद्योगिक क्लस्टर

- **पीएम मित्र योजना:** लखनऊ-हरदोई में 'मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क' की स्थापना का कार्य गतिमान।
- **मेगा लेदर क्लस्टर:** हरदोई और कानपुर में 'मेगा लेदर क्लस्टर' का विकास।
- **विशिष्ट उत्पाद पार्क:** गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क और कन्नौज में परफ्यूम (इत्र) पार्क की स्थापना।
- **केमिकल और फार्मा पार्क:** गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर और हापुड़ में 'केमिकल और फार्मा पार्क्स' का निर्माण।



## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का हब है यूपी



- **देश में प्रथम:** उत्तर प्रदेश 96 लाख से अधिक एमएसएमई के साथ देश में पहले स्थान पर है।
- **एमएसएमई नीति-2022:** इस क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए 'एमएसएमई नीति-2022' लागू की गई है।
- **प्लेज पार्कों की मंजूरी:** 11 निजी औद्योगिक पार्कों (प्लेज पार्क) को मंजूरी दी गई है, जो उन्नाव, सहारनपुर, मेरठ, अमरोहा, सीतापुर, अलीगढ़, कानपुर देहात, हापुड़, संभल, झांसी और मथुरा में स्थापित होंगे।
- **टेक्सटाइल और लेदर पार्क:** 10 जिलों में संत कबीर के नाम पर टेक्सटाइल पार्क बनाने की योजना है, साथ ही दो जिलों में संत रविदास के नाम पर लेदर पार्क बनाने की तैयारी चल रही है।
- **प्रोत्साहन नीति-2023:** 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' और 'फॉर्च्यून इंडिया 500' कंपनियों को राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए 'इंसेंटिव पॉलिसी-2023' घोषित की गई है।
- **ओडीओपी और जीआई टैग:** 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत कई उत्पादों को जीआई टैग मिला है।
- भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में उत्तर प्रदेश नौवें स्थान पर है। देश के कुल एफडीआई में उत्तर प्रदेश का योगदान 1.97% है।

## प्रमुख बिंदु

- **सकल राज्य घरेलू उत्पाद में रिकॉर्ड वृद्धि:** वर्ष 2016-17 और वर्ष 2024-25 के बीच, उत्तर प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹13.3 लाख करोड़ से बढ़कर ₹29.8 लाख करोड़ हो गया है। यह 2.2 गुना की वृद्धि को दर्शाता है, जो पिछले दशकों की तुलना में काफी अधिक है और राज्य की मजबूत राजकोषीय क्षमता एवं आर्थिक गतिशीलता का प्रमाण है।
- **प्रति व्यक्ति आय:** उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2016-17 में ₹54,564 थी, वह वर्ष 2024-25 में दोगुनी होकर ₹1.20 लाख हो गई है।
- **राष्ट्रीय औसत में हिस्सेदारी:** वर्ष 2024-25 के लिए, भारत की प्रति व्यक्ति आय में उत्तर प्रदेश का प्रतिशत 52.90% है।
- **निर्यात में उछाल:** वर्ष 2017 के बाद राज्य के निर्यात में तीव्र वृद्धि देखी गई, जो वर्ष 2024-25 तक ₹1,86,060 करोड़ पर पहुंच गया।
- **बजट का अभूतपूर्व विस्तार:** उत्तर प्रदेश के कुल बजट में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 (आठ वर्षों) के दौरान बजट में ₹4.87 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले पिछले समान आठ वर्षों (वर्ष 2008-09 से वर्ष 2016-17) में यह वृद्धि केवल ₹ 2.28 लाख करोड़ थी।
- **नीति आयोग की रैंकिंग:** राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर नीति आयोग की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को 'अग्रणी' राज्य की श्रेणी में रखा गया है।
- **राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक:** रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान राज्य के समेकित 'राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक' में 8.9 अंकों की वृद्धि हुई है।
- **डीबीटी में देश का नेतृत्व:** डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे धनराशि हस्तांतरित करने में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।
- **योजनाओं का कवरेज:** वर्तमान में 31 विभागों द्वारा 191 योजनाओं को (105 केंद्र पोषित तथा 86 राज्य पोषित) की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने के लिए चिह्नित की गई है।



## विकास का विस्तार


हवाई, सड़क और रेलवे नेटवर्क में हुए महत्वपूर्ण सुधारों ने उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख विकास केंद्र के रूप में तेजी से बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। मल्टी-मोडल इंफ्रास्ट्रक्चर (बहु-आयामी बुनियादी ढांचा) में किए गए रणनीतिक निवेश ने गतिशीलता को बढ़ाया है, यात्रा के समय को कम किया है और पूरे राज्य में नए आर्थिक अवसरों के द्वार खोले हैं।




READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: tushar.darekar Time: 12-25-2025 22:22 Color:

# उत्तर प्रदेश: बदलाव और सशक्तिकरण की यात्रा


PICS: DIPR, GOVT. OF UTTAR PRADESH



**आज का उत्तर प्रदेश इस बात का साक्षी है कि कैसे दूरदर्शी नेतृत्व और उत्तम शासन प्रणाली मिलकर विशाल संसाधनों को शक्ति में और संभावनाओं को प्रदर्शन में बदल सकते हैं, जिससे राज्य देश की प्रगति में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप :**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल शासकीय नीतियों के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश पिछले पौने नौ वर्षों में विकास और सुधार के एक परिवर्तनकारी दौर का साक्षी बना है। रणनीतिक नीतियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन ने राज्य को प्रमुख क्षेत्रों में एक अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। उत्तर प्रदेश ने सुधारों और सक्रिय हितधारक-जुड़ाव के माध्यम से एमएसएमई विकास, औद्योगीकरण, निवेश प्रोत्साहन और कृषि आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसके परिणामस्वरूप रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और संतुलित क्षेत्रीय विकास हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में निवेश ने पहुंच का विस्तार किया है और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, जबकि बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यटन स्थलों के विकास के माध्यम से पर्यटन एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में उभरा है।

कुल मिलाकर, ये प्रयास पारदर्शिता, समावेशिता और दीर्घकालिक विकास पर आधारित शासन मॉडल को दर्शाते हैं, जो उत्तर प्रदेश को भारत की विकास यात्रा में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में मजबूती से स्थापित करते हैं और राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं।

## विकास के प्रमुख क्षेत्र

- गेहूं उत्पादन: उत्तर प्रदेश गेहूं उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है।
- चावल उत्पादन: चावल उत्पादन के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- एथेनॉल उत्पादन: एथेनॉल के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।
- उत्पादकता में वृद्धि: राज्य की अधिकांश प्रमुख फसलों की उत्पादकता में वर्ष 2001-02 से वर्ष 2016-17 की अवधि के दौरान औसतन 8.7% की वृद्धि हुई थी, जबकि वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 की अवधि में औसतन 42.8% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है।



| फसल/ उत्पाद | वर्ष | उत्पादन | हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 2024-25 | 414.39 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गेहूं उत्पादन में लगभग 35.3% का योगदान |
| चावल | 2024-25 | 219.2 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल चावल उत्पादन में लगभग 14.7% का योगदान |
| गन्ना | 2024-25 | 2453.5 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गन्ना उत्पादन में लगभग 54.5% का योगदान |
| फल एवं सब्जियां | वार्षिक | 400 लाख टन | देश में अग्रणी |
| एथेनॉल | 2024-25 | बढ़कर 182 करोड़ लीटर हुआ | देश में प्रथम |

## उत्तर प्रदेश के किसानों को मिल रहा विकास का लाभ

- **पीएम किसान सम्मान निधि:** इस योजना के माध्यम से 3.12 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में ₹94,000+ करोड़ से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर (डीबीटी) की गई है।
- **पीएम कुसुम योजना:** सिंचाई को सुगम बनाने के लिए किसानों को 93,062 से अधिक सोलर पंप आवंटित किए गए हैं।
- **चीनी उद्योग में क्रांति:** मार्च 2017 से अब तक 4 नई चीनी मिलें स्थापित की गई हैं, 6 पुरानी मिलें पुनर्संचालित की गई हैं और 42 चीनी मिलों की क्षमता का विस्तार किया गया है। इन प्रयासों से लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।
- **मुफ्त सिंचाई सुविधा:** राज्य के 14 लाख से अधिक किसान सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा से लाभान्वित हुए हैं।
- **मुख्यमंत्री सहभागिता योजना:** इस योजना के तहत 2,46,426 गोवंश को इच्छुक किसान और पशुपालक परिवारों को सौंपा गया है।
- **गो-आश्रय स्थलों के लिए डीबीटी:** राज्य के इतिहास में पहली बार, गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित प्रत्येक गाय के भरण-पोषण के लिए ₹50 प्रति दिन की दर से धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।
- **किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन):** मार्च 2025 तक, पशुपालन क्षेत्र के तहत 6.68 लाख से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।


सरकार की सक्षम नीतियों से किसानों की आय में वृद्धि हुई है।

## प्रमुख बिंदु

- **सकल राज्य घरेलू उत्पाद में रिकॉर्ड वृद्धि:** वर्ष 2016-17 और वर्ष 2024-25 के बीच, उत्तर प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹13.3 लाख करोड़ से बढ़कर ₹29.6 लाख करोड़ हो गया है। यह 2.2 गुना की वृद्धि को दर्शाता है, जो पिछले दशकों की तुलना में काफी अधिक है और राज्य की मजबूत राजकोषीय क्षमता एवं आर्थिक गतिशीलता का प्रमाण है।
- **प्रति व्यक्ति आय:** उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2016-17 में ₹54,564 थी, वह वर्ष 2024-25 में दोगुनी होकर ₹1.20 लाख हो गई है।
- **राष्ट्रीय औसत में हिस्सेदारी:** वर्ष 2024-25 के लिए, भारत की प्रति व्यक्ति आय में उत्तर प्रदेश का प्रतिशत 52.90% है।
- **निर्यात में उछाल:** वर्ष 2017 के बाद राज्य के निर्यात में तीव्र वृद्धि देखी गई, जो वर्ष 2024-25 तक ₹1,86,060 करोड़ पर पहुंच गया।
- **बजट का अभूतपूर्व विस्तार:** उत्तर प्रदेश के कुल बजट में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 (आठ वर्षों) के दौरान बजट में ₹4.87 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले पिछले समान आठ वर्षों (वर्ष 2008-09 से वर्ष 2016-17) में यह वृद्धि केवल ₹ 2.28 लाख करोड़ थी।
- **नीति आयोग की रैंकिंग:** राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर नीति आयोग की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को 'अग्रणी' राज्य की श्रेणी में रखा गया है।
- **राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक:** रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान राज्य के समेकित 'राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक' में 8.9 अंकों की वृद्धि हुई है।
- **डीबीटी में देश का नेतृत्व:** डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे धनराशि हस्तांतरित करने में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।
- **योजनाओं का कवरेज:** वर्तमान में 31 विभागों द्वारा 191 योजनाओं को (105 केंद्र पोषित तथा 86 राज्य पोषित) की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने के लिए चिन्हित की गई हैं।

देश में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश है उत्तर प्रदेश



## शिक्षा



- स्कूल चलो अभियान और शारदा कार्यक्रम (हर दिन स्कूल आए) के माध्यम से 40 लाख अतिरिक्त बच्चों का नामांकन हुआ है और ड्रॉपआउट दर (स्कूल छोड़ने की दर) में भारी गिरावट आई है।
- शारदा कार्यक्रम के तहत, वर्ष 2024-25 में अब तक 7.77 लाख बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराया गया है।
- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का संतृप्तीकरण (पूर्ण उपलब्धता) सुनिश्चित किया गया है।
- 25,790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 880 ब्लॉक संसाधन केंद्रों और 5817 स्कूलों में आईसीटी लैब तथा शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं।
- सभी 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को अपग्रेड किया गया है, जो कमजोर वर्ग की लड़कियों को कक्षा 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।
- राज्य के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन शुरू हो गया है।
- पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने और उन्हें 'ग्रीन स्कूल' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।
- प्री-प्राइमरी और कक्षा 1 से 8 तक के 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है।
- प्रत्येक जिले में 2 स्कूलों के लक्ष्य के साथ 150 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें 1500 छात्रों की क्षमता के साथ प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी।


## युवा कल्याण

- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA):** शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य है।
- वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA) के अंतर्गत 1.70 लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं।
- 1.75 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।
- PLFS सर्वेक्षण के अनुसार, उत्तर प्रदेश में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 44.6% थी, 12.3% की वृद्धि के साथ वर्ष 2023-24 में 56.9% हो गई है।
- राज्य में बेरोजगारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 6.2% थी, वह वर्तमान में 2.1% रह गई है।












## महिला सशक्तिकरण

- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लगभग 26.78 लाख लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।
- लगभग 40 हजार बीसी सखियों ने कार्य किया और ₹31,626 करोड़ मूल्य के लेनदेन संसाधित किए। बीसी सखियों ने लाभांश के रूप में ₹85.81 करोड़ कमाए।
- लखपति महिला योजना के तहत 31 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है। इनमें से 2 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति' श्रेणी में आ चुकी हैं।
- उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत, 8,73,534 समूहों, 57,482 ग्राम संगठनों और 3,137 क्लस्टर स्तरीय संघों का गठन कर ग्रामीण क्षेत्रों की 95 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया।
- 189 नगर निकायों में महिलाओं के लिए 1100 पिंक टॉयलेट्स का निर्माण किया गया।








निर्माण पूरा होने पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन जाएगा।

## विकास का विस्तार

हवाई, सड़क और रेलवे नेटवर्क में हुए महत्वपूर्ण सुधारों ने उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख विकास केंद्र के रूप में तेजी से बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। मल्टी-मोडल इंफ्रास्ट्रक्चर (बहु-आयामी बुनियादी ढांचा) में किए गए रणनीतिक निवेश ने गतिशीलता को बढ़ाया है, यात्रा के समय को कम किया है और पूरे राज्य में नए आर्थिक अवसरों के द्वार खोले हैं।




## औद्योगीकरण और निवेश

- 2018 में किया 'यू.पी. इन्वेस्टर्स समिट' का सफल आयोजन
- 2023 में किया 'यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' का भव्य आयोजन
- निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए लगभग ₹45 लाख करोड़
- ₹15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं
- 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां मिलीं और करोड़ों अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए इन निवेशों के माध्यम से।
- फरवरी 2024 में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से ₹10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया गया।

## पर्यटन एवं संस्कृति

- **पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि:** पर्यटकों के आगमन की संख्या वर्ष 2016 के 21.5 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024 में 64.9 करोड़ हो गई है।
- **महाकुंभ - 2025:** महाकुंभ - 2025 के दौरान, 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पावन डुबकी लगाई।
- **सांस्कृतिक पुनरुद्धार:** श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, अयोध्या दीपोत्सव, ब्रज रंगोत्सव, काशी की देव-दीपावली, नैमिष तीर्थ और शुक्र तीर्थ का पुनरुद्धार, 100 वर्षों के बाद मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की पुनर्स्थापना और सोरों-सूकर क्षेत्र के विकास जैसे कार्यों ने उत्तर प्रदेश की लोकप्रियता को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है।
- **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड:** अयोध्या के दीपोत्सव में 25,12,585 से अधिक दीप प्रज्वलित कर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया गया।
- **मुख्यमंत्री पर्यटन फैलोशिप योजना:** पर्यटन क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी और शोध को बढ़ावा देने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया गया।
- **हेलीपोर्ट सेवा:** आगरा और मथुरा जिले में हेलीपोर्ट संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में भी हेलीपोर्ट सेवाएं उपलब्ध होंगी।
- **पर्यटन पुलिस:** पर्यटकों की सुविधा, सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'पर्यटन पुलिस' की तैनाती की गई है।


महाकुंभ 2025

## प्रधानमंत्री मित्र पार्क एवं औद्योगिक क्लस्टर

- **पीएम मित्र योजना:** लखनऊ-हरदोई में 'मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क' की स्थापना का कार्य गतिमान।
- **मेगा लेदर क्लस्टर:** हरदोई और कानपुर में 'मेगा लेदर क्लस्टर' का विकास।
- **विशिष्ट उत्पाद पार्क:** गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क और कन्नौज में परफ्यूम (इत्र) पार्क की स्थापना।
- **केमिकल और फार्मा पार्क:** गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर और हापुड़ में 'केमिकल और फार्मा पार्क्स' का निर्माण।



## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का हब है यूपी



- **देश में प्रथम:** उत्तर प्रदेश 96 लाख से अधिक एमएसएमई के साथ देश में पहले स्थान पर है।
- **एमएसएमई नीति-2022:** इस क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए 'एमएसएमई नीति-2022' लागू की गई है।
- **प्लेज पार्कों की मंजूरी:** 11 निजी औद्योगिक पार्कों (प्लेज पार्क) को मंजूरी दी गई है, जो उन्नाव, सहारनपुर, मेरठ, अमरोहा, सीतापुर, अलीगढ़, कानपुर देहात, हापुड़, संभल, झांसी और मथुरा में स्थापित होंगे।
- **टेक्सटाइल और लेदर पार्क:** 10 जिलों में संत कबीर के नाम पर टेक्सटाइल पार्क बनाने की योजना है, साथ ही दो जिलों में संत रविदास के नाम पर लेदर पार्क बनाने की तैयारी चल रही है।
- **प्रोत्साहन नीति-2023:** 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' और 'फॉर्च्यून इंडिया 500' कंपनियों को राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए 'इंसेंटिव पॉलिसी-2023' घोषित की गई है।
- **ओडीओपी और जीआई टैग:** 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत कई उत्पादों को जीआई टैग मिला है।
- भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में उत्तर प्रदेश नौवें स्थान पर है। देश के कुल एफडीआई में उत्तर प्रदेश का योगदान 1.97% है।

**READER ENGAGEMENT INITIATIVE**

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: sanjay.khadpe Time: 12-25-2025 21:37 Color:



> जहां नैतिकता न हो उस राजनीति का कोई अर्थ नहीं है।
> – महात्मा गांधी

## यूनुस पर सवाल

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल के स्वनिर्वासन के बाद गुरुवार को देश लौटे, जिन्हें देश का अगला पीएम माना जा रहा है। इस बीच, अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने जिन कट्टरपंथियों को बढ़ावा दिया था, आज वही देश में शांति-सौहार्द के लिए चुनौती बन गए हैं।

**गंभीर आरोप** । शेख हसीना को पद से हटाने के बाद छात्र नेताओं ने इस उम्मीद के साथ मोहम्मद यूनुस को कमान सौंपी थी कि वह एक बेहतर व्यवस्था की नींव रखने में मदद करेंगे।


तारिक की वापसी

हालांकि कुछ महीनों बाद ही यह उम्मीद टूटने लगी थी और चुनाव को लेकर जिस तरह की खींचतान मची, उससे लगा कि अब लड़ाई व्यवस्था परिवर्तन नहीं, सत्ता कब्जाने की है। इस कड़ी में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद उनके भाई के लगाए गए आरोप बेहद संगीन हैं।

**कट्टरपंथियों की साजिश** । हादी के भाई का कहना है कि सरकार से जुड़े लोगों ने हादी को मरवाया, ताकि चुनाव टाला जा सके। सभी दलों को समान अवसर नहीं देने के कारण यह चुनाव पहले ही संदेह के घेरे में है। इस आरोप का मतलब है कि सत्ता में शामिल कुछ तत्व जानबूझकर बांग्लादेश को अस्थिरता की ओर ले जा रहे हैं और वहां भारत विरोधी झूठा नैरेटिव बनाने में भी उन्हीं की साजिश है।

**भारी पड़ेंगे सवाल** । हादी कट्टर विचारधारा के युवा नेता थे, जो जुलाई क्रांति से उभरे थे। बांग्लादेश के मौजूदा माहौल में उनका कद बहुत बढ़ गया था, ऐसे में उनके परिवार की ओर से उठाए गए सवाल मोहम्मद यूनुस पर भारी पड़ सकते हैं। खराब कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के मामले में कार्रवाई करने के लिए उन पर पहले से अंतरराष्ट्रीय मंचों का दबाव है।

**निष्पक्षता पर शक** । इस बात पर शुरू से संशय था कि शेख हसीना की पार्टी को चुनाव में हिस्सा लेने दिया जाएगा। अब सरकार का स्पष्टीकरण आ गया है और वह भी उस दिन, जब तारिक रहमान देश लौटे हैं। यह संयोग नहीं हो सकता। विभिन्न मुकदमों का सामना कर रहे तारिक को अंतरिम सरकार में ही राहत मिली और उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ। उन्हें पीएम पद का दावेदार माना जा रहा है। उनकी पार्टी BNP फिलहाल आगामी आम चुनाव जीतने के लिहाज से सबसे मजबूत स्थिति में है। लेकिन, क्या अवामी लीग के बगैर होने जा रहे इस चुनाव को बांग्लादेश की जनता का सही मत माना जाएगा।

### तिराहा

## सब्ज़बाग़

कमला को सुधर्मा डांटे जा रही थी। जितनी बार वह सड़क देखती, उनका पारा चढ़ जाता। सुखनंदन ने माजरा समझा तो पता चला, सड़क घर के फर्श से ज्यादा चमक रही थी, लेकिन उसे रगड़े जाने का क्रम जारी था, इधर भीतर कमला थककर बैठ गई थी।


प्रेम शंकर मिश्र

सुखनंदन ने समझाया, 'प्रिये! आज देश के प्रधान आ रहे हैं, इसलिए चमक है। कल से यथावत हो जाएगी। इसके लिए इस बेचारी को मत कोसो।' सुधर्मा तुनक गईं, 'आज भी वैसे ही रहने देते, हकीकत तो पता चलती।' सुखनंदन मुस्कुराए, 'पगली, तुम तो व्यवस्था को ही ध्वस्त कर दोगी। तुम्हें सिद्धार्थ की कथा नहीं पता?'

'राजा शुद्धोधन के घर पुत्र का जन्म हुआ तो ज्योतिषियों ने कहा कि यह बड़ा होकर फकीर बनेगा। परेशान राजा ने सिद्धार्थ को सुविधाओं के बंधन से बांध दिया। वह जहां जाते, वहां ऐश्वर्य का सब्जबाग ही दिखता। लेकिन, एक दिन गलती से उनकी नजर एक शवयात्रा पर पड़ गई, मिथक टूट गए, दुःख का भान हुआ। उन्होंने विरक्ति का मार्ग पकड़ लिया।'

'इस कथा का आज से क्या लेना-देना?'



सुधर्मा ने जिज्ञासा व्यक्त की। 'प्रिये! शुद्धोधन व्यवस्था यानी तंत्र का प्रतीक है। उसका कार्य है सब्जबाग को बनाए रखना। नेतृत्व बुद्ध हो गया तो तंत्र के दुख को पहचान लेगा। यथार्थ जान उसे उन व्यवस्थापकों से विरक्ति होने लगेगी जो उसके आंख-कान हैं। इसलिए उनका लाभ उसे बुद्ध नहीं, 'बुद्धू' बनाने में है। वैसे भी बापू का रामराज्य हमारा आदर्श है - नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। प्रजा न सही, राजा ही रामराज्य उतरता महसूस कर ले। तंत्र का लक्ष्य पूरा हो जाएगा।' सुखनंदन ने समझाया।

'अरे देश में राजशाही थोड़े है, लोकतंत्र है?' संशय भरा प्रश्न उठा। 'प्रिये! लोकतंत्र में उतना ही 'लोक' है, जितना गुलाब जामुन में गुलाब और जामुन। लोक वह घोड़ा है, जिसे घास दिखा उसकी आंख पर पट्टी बांध दी जाती है। सावन के अंधे की तरह हरे भाव से भरा वह दौड़ता रहता है और तंत्र सवारी का लुत्फ उठाता है।' सुखनंदन ने जवाब दिया।

### एकदा

संकलन : रेनू सैनी

## सीखने की ललक

18वीं सदी के प्रभावशाली और महान चित्रकारों में ब्रिटेन में एक नाम उभरा, सर जोशुआ रेनॉल्ड्स। उन्होंने अपनी चित्रकला से दुनिया को प्रभावित किया। यह उन दिनों की बात है जब वह अपनी कला को निखारने के लिए बेचैन थे।

Subrata Dhar



इसी सिलसिले में वह एक बार इटली गए। वहां उन्होंने वेटिकन में राफेल और माइकल एंजेलो की कलाकृतियों का गहन अध्ययन किया। उनकी कृतियों का अध्ययन करते समय वह अपनी सुध-बुध खो बैठते थे। उन दिनों वेटिकन में बहुत अधिक ठंड पड़ रही थी। रेनॉल्ड्स अपने काम में इतने अधिक रमे हुए थे कि उन्हें बिगड़ते मौसम का भी आभास न हुआ और उन्हें गंभीर सर्दी लग गई। वह इतना बीमार हो गए कि उनकी सुनने की क्षमता लगभग खत्म हो गई। उनके मित्र ने कहा, 'यदि आप इटली नहीं जाते तो आपकी सुनने की क्षमता नहीं जाती।' इस पर रेनॉल्ड्स ने कहा, 'यदि कला को निखारने के लिए मुझे सौ बार भी सुनने की क्षमता गंवानी पड़े, आंधी-तूफान और बर्फ का दबाव झेलना पड़े तो स्वीकार है, लेकिन कला के साथ समझौता करना स्वीकार नहीं। वहां जाकर ही मुझे चित्रों में छिपे गूढ़ अर्थ मिले हैं।' कला के प्रति इतने उच्च मापदंडों के कारण ही रेनॉल्ड्स आज भी विश्व के महान कलाकार के रूप में याद किए जाते हैं।

---


आर्थिक, सामाजिक समेत विभिन्न मानकों पर अब भी महाराष्ट्र और गुजरात अव्वल

# नॉर्थ का प्रदर्शन सुधरा, पर साउथ आगे

**वर्ष 2025** में कौन सा राज्य हीरो कहलाने लायक है? इस साल सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले टॉप पांच राज्यों में हैं - महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु। एक निजी रिसर्च एजेंसी 'केयर' ने यह रैंकिंग जारी की है। ऐसा पहला सर्वे 2023 में किया गया था। उसमें भी महाराष्ट्र पहले और गुजरात दूसरे नंबर पर था, जबकि तब तीसरे स्थान पर रहा तमिलनाडु इस बार पांचवीं पोजिशन पर फिसल गया है। 2024 में सर्वेक्षण नहीं हुआ था।


गंगाधर ढोबले

iStock



**राज्यों का प्रदर्शन** | कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना हैं टॉप 5 में शामिल | दूसरे राज्यों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर किया | यूपी और एमपी की अर्थव्यवस्था में दिखा सुधार

**रैंकिंग का आधार** । सर्वे के लिए कुछ मानक तय किए गए - आर्थिक, राजकोषीय, सामाजिक, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, शासन और पर्यावरण। इन मानकों के और लगभग 50 उपमानक तय किए गए, जैसे राज्यों का सकल GDP, निवेश, उद्योग विकास, बजट, राजस्व, कर्ज, बिजली, सड़क, रेल, जल संसाधन, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि। हर मानक को वेटेज दिया गया है। उनके कुल जोड़ से एक इंडेक्स बनता है, जिससे उस राज्य की रैंकिंग तय होती है।

**समग्र विकास** । टॉप 5 को छोड़कर अन्य राज्य किसी न किसी मानक में अव्वल जरूर हैं, लेकिन समग्रता में पिछड़ गए। स्थिर विकास लक्ष्य (SDG) पाने में उत्तराखंड और केरल शीर्ष पर हैं। सुशासन में आंध्र प्रदेश अव्वल है। रोजगार और कौशल में उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि और ग्रामीण विकास में उत्तर प्रदेश, पंजाब और बिहार ने अच्छा स्कोर किया है।

**महाराष्ट्र आगे** । आर्थिक क्षेत्र में टॉप 5 राज्यों के विकास मॉडल में मामूली अंतर दिखाई देगा। महाराष्ट्र राज्यों में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का रहा। देश की GDP में उसका योगदान 20% से अधिक है। मुंबई देश की वित्तीय राजधानी तो है ही, वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रवेश द्वार भी है।

2025 के हीरो

**गुजरात मॉडल** । गुजरात का आर्थिक मॉडल निर्माण, उद्योग और निर्यात पर आधारित है। वह भारत का सबसे उद्योग अनुकूल राज्य रहा। बंदरगाहों का जाल, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, बेहतर सड़कों और औद्योगिक क्षेत्रों ने इसे निवेशकों की पहली पसंद बनाया। गुजरात का विकास अपेक्षाकृत अधिक समान और अनुशासित दिखाई देता है।

**कर्नाटक का दबदबा** । कर्नाटक का आर्थिक विकास, शासन और पर्यावरण के क्षेत्रों में अच्छा दबदबा दिखाई देता है। उद्योग और सेवा क्षेत्रों का योगदान अधिक है। नीति क्रियान्वयन और प्रशासनिक क्षमता बेहतर है। स्वच्छ ऊर्जा और वायु गुणवत्ता बेहतर है। लेकिन सामाजिक क्षेत्रों में उसका प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में कुछ कमजोर दिखता है।

**तमिलनाडु की ताकत** । तेलंगाना उद्योग अनुकूल नीतियां लागू करने में सफल रहा। आईटी, फार्मा, बायोटेक और सेवा क्षेत्र में उसने अच्छा स्कोर किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर और शहरी विकास में तेजी लाई है। उसने कमजोर वर्गों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। वहीं, तमिलनाडु संतुलित मार्ग अपनाता दिखाई देता है। यहां विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूती है। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है।

**पक्ष बनाम विपक्ष** । राजनीतिक स्थिरता और शासन की गुणवत्ता में पांचों राज्यों के अनुभव अलग-अलग हैं। गुजरात राजनीतिक स्थिरता और नीति निरंतरता का अनुपम उदाहरण है। इसके विपरीत महाराष्ट्र राजनीतिक जटिलताओं का राज्य रहा। फिर भी मजबूत नौकरशाही और संस्थागत ढांचे ने राज्य को पटरी से उतरने नहीं दिया। इसी तरह कर्नाटक की सरकार में आंतरिक कलह दिखती है, लेकिन वह भी विकास की गति बनाए रखने में सफल रहा है। तेलंगाना और तमिलनाडु में राजनीतिक स्थिरता बनी हुई है, जिससे विकास को बढ़ावा मिला है। इन टॉप पांच राज्यों में से केवल गुजरात व महाराष्ट्र में ही BJP की सत्ता है। कर्नाटक और तेलंगाना कांग्रेस शासित राज्य हैं, जबकि तमिलनाडु में DMK की सरकार है।

**उत्तर का प्रदर्शन** । हिंदी भाषी राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में सुधार दिखा। यूपी में एक्सप्रेस नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक क्लस्टर और निवेश सम्मेलनों के कारण औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि हुई। मध्य प्रदेश ने कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और खनिज आधारित उद्योगों में प्रगति की। राजस्थान में पर्यटन, सौर ऊर्जा और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं दिखाई दीं, लेकिन रोजगार सृजन की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। हरियाणा में आर्थिक स्थिति मजबूत रही। कुल मिलाकर हिंदी भाषी राज्यों की अर्थव्यवस्था विकासशील रही, पर गुणात्मक विकास और प्रति व्यक्ति आय के मामले में दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों से पीछे रही।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

---

# क्या उलटा घूम रहा भारतीय खेलों का पहिया

**जयपुर के** सवाई मानसिंह स्टेडियम में पिछले दिनों खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की एथलेटिक्स की इवेंट चल रही थी। महिलाओं की 400 मीटर इवेंट में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की मनीषा 400 मीटर के ट्रैक पर अकेली दौड़ रही थी क्योंकि इस इवेंट में भाग लेने वाले पांच एथलीटों में से चार ने आखिरी क्षणों में अपना नाम वापस ले लिया था। पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के रुचित मोर भी अकेले ही दौड़े। कुश्ती में तीन इवेंट्स में दो और एक इवेंट में तीन ही प्रतियोगी थे।


मनोज जोशी

**खतरे की घंटी** । यह नजारा उन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का था, जिस पर सरकार अपने हर सालाना बजट में करोड़ों रुपयों का इजाफा करती है। वैसे खिलाड़ियों को एक बड़े स्तर पर मौका देने की सोच बुरी नहीं है लेकिन उनकी दिलचस्पी न होने के कारणों का पता लगाने की जरूरत है। इसे खतरे की घंटी के तौर पर लेना होगा।

**नाडा की दहशत** । ऐसे में 2036 के ओलिंपिक की दावेदारी भी सवालों के घेरे में है। ऐसा लगने लगा है कि भारतीय खेलों का पहिया उलटी दिशा में चल रहा है। भारतीय खेलों में डोपिंग के मामले इतने घुल-मिल गए हैं कि खिलाड़ियों को एंटी डोपिंग एजेंसी नाडा के नाम से ही दहशत होने लगती है। वह जानते हैं कि मेडल जीतने पर वह डोपिंग में फंसेंगे और उनका करियर तबाह हो जाएगा। इसी वजह से या तो वे कॉम्पिटिशन के पहले अपना नाम वापस ले लेते हैं या फिर अपने राइवल को वॉकओवर देकर अपना पिंड छुड़ा लेते हैं।

### कॉमन रूम

AI Image



**खेल एक, फेडरेशन अनेक** । बॉक्सिंग को ही लें तो वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए दुबई गई भारतीय टीम के 13 में से 11 खिलाड़ी पहले ही राउंड में बाहर हो गए। कारण टीम में टॉप बॉक्सर नहीं थे। टॉप बॉक्सर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पास थे और इन बॉक्सरों को भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन लेकर गया था।

**मुकदमों से नुकसान** । खेलों पर खर्च की जाने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा कोर्ट-कचहरियों में चल रहे मामलों पर खर्च हो रहा है। पिछले दस वर्षों में खेलों से जुड़े 770 मामले कोर्ट में दर्ज हुए। इनमें 462 केस हाई कोर्ट में और 22 सुप्रीम कोर्ट में आए।

**पैसों की कमी** । इन सब मामलों में खेल फेडरेशनों का इतना नुकसान हो चुका है कि कई फेडरेशनों के पास तो किसी प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए तकनीकी अधिकारियों को देने के पैसे तक नहीं हैं। जाहिर है, फेडरेशनों को अपनी आय के सोर्स बढ़ाने की जरूरत है।

*(लेखक वरिष्ठ खेल पत्रकार और टीवी कॉमेंटेटर हैं)*

---

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

## कमज़ोर और वंचित के लिए आशा का संदेश है क्रिसमस

जनीना गोम्स

**जीवन की** यात्रा में हमें अनेक पड़ाव पार करने होते हैं। क्रिसमस को जब तक हम याद रखेंगे, जीवन में प्रेम और करुणा का अंत नहीं होगा। जीवन अनिश्चित है और हम नहीं जानते कि कल क्या होगा। यीशु के जन्म का संदेश हमें यह आश्वासन देता है कि चाहे कितनी त्रासदियां और कठिनाइयां क्यों न आएं, ईश्वर हमें कभी नहीं छोड़ेगा - वह हमेशा हमारे साथ है।

क्रिसमस ईश्वर के मनुष्य बनने के उपहार का उत्सव है। यह जितना सामुदायिक है, उतना ही पारिवारिक भी, क्योंकि इसमें हम अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांटते हैं। यह आनंद केवल किसी विशेष या संपन्न वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सद्भावना रखने वाले सभी लोगों के लिए है। हमारा उद्धार करने के लिए यीशु मनुष्य का रूप और स्वभाव धारण करके आए। वह सब कुछ समझते थे।

AI Image



उन्होंने बीमार और असहाय लोगों को चंगा किया। उन्होंने उस विधवा के दुख को समझा, जिसने अपना इकलौता बेटा खो दिया था। उन्होंने भीड़ की भूख और प्यास को महसूस किया। वह हमेशा करुणा और प्रेम के साथ दूसरों की ओर बढ़े।

आज बहुत से लोग यह भूल गए हैं कि वास्तव में मनुष्य होना क्या है। वह उन लोगों की पुकार सुनते हैं जो क्रूरता के शिकार हैं और जिनके लिए जीवन एक निरंतर संघर्ष बन गया है। वह धरती माता की कराह भी सुनते हैं, जिसे प्रकृति के प्रति हमारी लापरवाह उपेक्षा ने उजाड़ दिया है। कमजोर केवल वे नहीं हैं जो शारीरिक, मानसिक या सामाजिक कारणों से वंचित हैं, बल्कि वे भी हैं जो युद्धों, उत्पीड़न, जलवायु संकट और अन्य खतरों से बचने के लिए अपना देश छोड़ने को मजबूर हैं।

आइए! इस क्रिसमस पर हम प्रेम का परिधान धारण करें। ऐसा प्रेम जो समस्त मानवता को अपने आलिंगन में ले। ईश्वर के मनुष्य बनने के रूप में प्रकट यह दिव्य प्रेम हमें आमंत्रण देता है कि हम 'दूसरे' के प्रति घृणा त्याग कर सबको ईश्वर की दृष्टि से देखें, क्योंकि दिव्यता किसी के साथ पक्षपात नहीं करती।

---

### कांटे की बात

> अरावली पर सरकार की नई परिभाषा के मुताबिक, 90% से अधिक पहाड़ियों को सुरक्षा नहीं मिलेगी। उन्हें माइनिंग, रियल एस्टेट और दूसरी गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है, जिससे इकोसिस्टम को और नुकसान होगा।


जयराम रमेश, पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री

### सप्ताह की शख्सियत

## दीपिका ने अपने गांव को शहर से जोड़ दिया

*भारतीय टीम ने पिछले महीने विमिंस ब्लाइंड T20 विश्व कप जीता था। महिला टीम की कप्तान टीसी दीपिका की जब आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण से मुलाकात हुई, तो इनाम की जगह उन्होंने एक ही इच्छा जाहिर की - उनके गांव में सड़क बन जाए।*

**बचपन में हादसा**

**दीपिका के** गांव का नाम है ताम्बालाहट्टी, आंध्र और कर्नाटक की सीमा पर मौजूद - विकास से कोसों दूर। इस पूरे इलाके के लिए ही दीपिका नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। वह केवल 5 महीने की थीं, जब अपनी ही अंगुली आंखों पर मार ली। आसपास अस्पताल नहीं था। मजदूर मां-बाप ने बेटी का इलाज कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन दीपिका की रोशनी वापस नहीं आई।


AI Image

**क्रिकेट बना सहारा**

**कुणिगल और** मैसूर के स्पेशल स्कूल में दीपिका ने पढ़ाई की। स्कूल-हॉस्टल फ्री थे, लेकिन पैसों की ऐसी तंगी थी कि पिता को बेटी से मिलने जाना होता, तो किराये के लिए कर्ज लेना पड़ता था। इस संघर्ष में क्रिकेट ने उन्हें राह दिखाई। 2019 में उन्हें सिलेक्शन ट्रायल की पहली कॉल आई थी। तब से दीपिका का सफर जारी है और उन्हें भरोसा है कि अब उनका गांव भी बदलेगा।

### जनता जंक्शन

इरफान




---

# अटलजी के लिए देश हमेशा दल से ऊपर रहा

**कहते हैं,** राजनीति में विरोधी भी सामान पर धूल की तरह ही जमा हो जाते हैं। मगर हमारे पास एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने इसे झूठा साबित किया। वह ऐसे इंसान थे, जिनके प्रतिद्वंद्वी तो थे, पर कोई दुश्मन नहीं। दुनिया के लिए वह भारत को नया रूप देने वाले प्रधानमंत्री थे, मेरे और लखनऊ वालों के लिए बस अटल।


डॉ. दिनेश शर्मा


### पश्चिम के आगे अडिग रहे

यह लिखते-लिखते मैं अमीनाबाद की तंग गलियों और मेरे घर में उनके आने की यादों में खो गया हूं। पहली बार वह जब मेरे यहां आए, तो मैंने उन्हें खीर परोसा। घबराहट में मुझसे थोड़ी खीर उनके कपड़ों पर गिर गई। इस पर नाराज होने की बजाय वह हंस पड़े। अटल बिहारी वाजपेयी देश के पीएम ही नहीं, बल्कि एक अभिभावक थे। उन पर लिखना 'गागर में सागर' भरने जैसा है।

उन्हें विरासत में सत्ता नहीं मिली थी। इसके लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व वाले भारतीय जनसंघ से उन्होंने राजनीति शुरू की। 1957 में पहली बार लोकसभा पहुंचे और उनकी प्रतिभा देख पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तब कहा था कि 'यह लड़का किसी दिन भारत का प्रधानमंत्री बनेगा।' 1980 में जब जनता पार्टी का प्रयोग विफल हुआ और कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा, तब अटलजी ने BJP का गठन किया। उनका यह कहना कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं की जुबां पर है। उन्होंने BJP को आक्रामकता की नींव पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के स्तंभ पर खड़ा किया।

आज सच्चे राजनेता के तौर पर अटलजी की विरासत एक मिसाल है। उन्होंने साबित किया कि गैर-कांग्रेसी सरकारें भी कार्यकाल पूरा कर सकती हैं। 20 से अधिक दलों को साथ लेकर NDA का गठन किया। हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करने वाले अटल जानते थे कि भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र की ताकत उसका लचीलापन है। लखनऊ में मैंने कई बार देखा कि वह सुबह किसी आलोचक के साथ हंसी-मजाक करते और शाम तक वह शख्स सरकार के विधेयक का समर्थन कर देता। उनके लिए विपक्ष दुश्मन नहीं रहा और देश हमेशा पार्टी से ऊपर। पीवी नरसिम्हा राव ने उन्हें कश्मीर पर पक्ष रखने के लिए जिनेवा भी भेजा।

Subrata Dhar



पीएम बनने के बाद उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। पोखरण में परमाणु परीक्षण कर उन्होंने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया। तब पश्चिम ने हमें डराने की पूरी कोशिश की, मगर वह अटल रहे। अर्थव्यवस्था में जान डालने के लिए उन्होंने कई काम किए। दिल्ली, मुंबई, चेन्नै, कोलकाता को जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की शुरुआत की। शहर को गांव से जोड़ने के लिए PMGSY उन्हीं की सोच थी। आज हर हाथ में मोबाइल उन्हीं की टेलिकॉम क्रांति की वजह से है। अंधाधुंध सरकारी खर्च पर रोक लगाने के लिए वह FRBM अधिनियम लेकर आए।

पाकिस्तान के साथ शांति के लिए तत्पर रहे। 1999 में बस से लाहौर गए। मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया। नवाज शरीफ को गले लगाया, मगर पाकिस्तान ने करगिल में घुसकर हमारी पीठ में छुरा घोंप दिया। इससे नाराज होकर उन्होंने सेना को पूरी छूट दी और पाकिस्तान से युद्ध में हमें जीत मिली।

### हम नहीं झुकेंगे

अटलजी उम्दा कवि थे। परमाणु परीक्षण के बाद जब दुनिया ने भारत को अलग-थलग करने की कोशिश की तो उन्होंने प्रेस बयान जारी किए और एक लाइन लिखकर दुनिया को बता दिया कि 'हम नहीं झुकेंगे, हम नहीं रुकेंगे।' उनका न होना एक भारीपन का अहसास कराता है। भाषण के बराबर ही उनका मौन अहम माना जाता था। उनके भाषण को सत्ता पक्ष के साथ-साथ पूरा विपक्ष भी सुनता था। आपातकाल में उन्हें जेल भेजा गया, मगर अटलजी ने कभी इसका बदला नहीं लिया। मैं जब उनके जीवन को देखता हूं तो लगता है कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि नीति या इमारत नहीं, बल्कि वह विश्वास था जो उन्होंने कमाया।

लखनऊ वालों के लिए अटलजी गए नहीं हैं। वह हजरतगंज की हवाओं में हैं, पुराने कॉफी हाउस की चर्चाओं में हैं और शहरी तौर-तरीके व तहजीब में हैं। मैं बस यही कहूंगा कि अटलजी आपके करोड़ों शिष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उस दीये को जलाकर रखे हुए हैं। आपकी भविष्यवाणी की तरह ही कमल खिल चुका है और सूरज चमक रहा है।

*(लेखक राज्यसभा सांसद हैं और UP के उप-मुख्यमंत्री रहे हैं)*

# Gen-Z 2025 की सबसे बड़ी पहेली

## डिजिटल में जन्म, लेकिन अकेलेपन का बोझ

- Gen Z पूरी तरह ऑनलाइन है, फिर भी सबसे ज्यादा अकेली पीढ़ी मानी जा रही है।
- सोशल मीडिया, AI और कंटेंट की भाषा इनकी अपनी है
- ट्रेंड बनाते हैं, ब्रैंड गिराते-उठाते हैं
- रियल-टाइम रिएक्शन = सबसे तेज असर

## सिस्टम से नाराज़, बदलाव के लिए तैयार

- नौकरी, शादी, करियर-पुराने नियम नहीं मानते।
- स्टार्टअप माइंडसेट, साइड हसल कल्चर
- जॉब नहीं, meaning ढूंढते हैं
- 2025 में नए काम और नए प्रोफेशन इन्हीं से निकल रहे हैं

## टॉक्सिक कल्चर को चैलेंज खुद को करते एक्सप्रेस

- खुद को एक्सप्रेस करते हैं, फिर भी सबसे ज्यादा एंग्जायटी।
- थैरेपी, ब्रेक और बाउंड्री को टैबू नहीं मानते
- टॉक्सिक कल्चर को चैलेंज करते हैं
- वर्कप्लेस और समाज की भाषा बदल रहे हैं

## राजनीतिक रूप से मुखर, लेकिन पार्टी से दूर

- वोटिंग कम, लेकिन मुद्दों पर आवाज तेज।
- क्लाइमेट, जेंडर, जस्टिस पर क्लियर स्टैंड
- सोशल मीडिया एक्टिविज़्म से एजेंडा सेट
- 2025 में चुनावी नैरेटिव पर असर



## 'एक नज़र से देखना बंद करें'

जनरेशन गैप हर दौर में रहा है। मिलेनियल्स के कई विचार भी अपने पैरंट्स से अलग थे। आज Gen-Z को लेकर ज्यादा चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि इंटरनेट का दायरा बहुत बढ़ गया है और हर बात तेजी से फैल जाती है। लेकिन इस बीच यह समझना जरूरी है कि सभी Gen-Z एक जैसे नहीं होते। सबको एक ही नजर से देखना दरअसल हमारी अपनी सोच की कमी है।

*- गीतांजलि शर्मा, पैरंटिंग और टीनएज काउंसलर*



## 'प्राइवेसी मांगने में कुछ गलत नहीं'

Gen-Z अपनी प्राइवेसी को लेकर ज्यादा सजग है। यही वजह है कि वे ऐसे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म चुनते हैं, जहां वे खुद को खुलकर बेहतर ढंग से व्यक्त कर सकें, बिना जज किए जाने के डर के। अब सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म भी उन्हीं की जरूरतों के मुताबिक ढल रहे हैं। प्राइवेसी की यह मांग कोई नई या गलत बात नहीं है बल्कि यह हर दौर में सभी की जरूरत रही है।

*- प्रो. फरहत बी. खान, डिजिटल मीडिया एक्सपर्ट*

Varun.Anand@timesofindia.com

Gen-Z 1997 से लेकर 2012 के बीच जन्मे हैं यानी शुरुआती और लेटेस्ट Gen-Z में 15 साल का अंतर है, इसलिए सबको एक तराजू में तो नहीं तोला जा सकता। फिर भी कुछ बातें सबमें कॉमन हैं। जैसे- टेक सेवी (टेक्नॉलजी के जानकार), प्राइवेसी फोकस्ड (निजता को लेकर सजग), मेंटल हेल्थ अवेयर, पर्पस ड्रिवन (उद्देश्य से प्रेरित) और एक्सपीरियंस ओरिएंटेड (अनुभव को प्रायोरिटी देने वाले)। ये ऐसी पीढ़ी है जो इंटरनेट, सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के साथ बड़ी हुई है। इसलिए ये सब इनके लिए मिलेनियल्स (1981 से 1996 के बीच जन्मे लोग) की तरह क्यूरियोसिटी की चीजें नहीं, लाइफ से जुड़े आम टूल्स हैं। यही वजह है कि ये हर चीज में मिलेनियल्स से ज्यादा अवेयर तो हैं, लेकिन इनके सामने इतने ऑप्शन हैं कि किस पर फोकस करें यह तय नहीं कर पा रहे। इन्हें बेहतर तरह से जानने, समझने के लिए इनसे दोस्ती करने के साथ एजुकेशन, करियर, रिलेशनशिप को लेकर इनकी सोच समझना जरूरी है।

**जो हमारे कज़न पढ़ रहे, हम भी वही क्यों पढ़ें:** 15 साल के आर्यन का साफ कहना है कि मैं वह क्यों पढ़ूं जो मेरे कज़न पढ़ रहे हैं। पैरंट्स डॉक्टर हैं और कज़न भी डॉक्टर बन रहे हैं, लेकिन मेरा इंट्रेस्ट गेमिंग में है और मैं जानता हूं कि इसमें अच्छा करूंगा। यह दिखाता है कि अब वह दौर नहीं रहा जब कज़न या पड़ोसियों को देखकर पैरंट्स हुकुम सुना देते थे। Gen-Z इसमें काफी क्लियर दिखते हैं। हालांकि, इसका दूसरा पहलू भी है। 16 साल की निकिता की मॉम राशि बताती हैं कि हमने बेटी को उसकी पसंद की स्ट्रीम चुनने दी, पर एग्जाम के ठीक पहले उसने कह दिया, यह मेरे लिए नहीं है, आपने मुझे पहले क्यों नहीं समझाया? फिर करियर काउंसलर की मदद से स्ट्रीम बदलनी पड़ी। ये दोनों उदाहरण बताते हैं कि भले ही Gen-Z एजुकेशन पर अपनी सोच पर अड़े रहते हों, पर फैसला गलत हो तो ठीकरा पैरंट्स पर ही फोड़ देते हैं। एजुकेशन को लेकर Gen-Z की सोच कुछ यूं है:

- लिखने की जगह सुनकर पढ़ना पसंद करते हैं।
- ऑनलाइन कोर्स, बूटकैम्प, यूट्यूब ट्यूटोरियल और एआई टूल्स पर फोकस।
- जल्दी सीखना, जल्दी बदलना और नया अपनाना इनकी खूबी।

## रिलेशनशिप, मैरिज, बच्चे और घर इनकी प्रायॉरिटी में नहीं

जो चीजें मिलेनियल्स के लिए बहुत ज्यादा महत्व रखती थीं, वे Gen-Z की प्रायॉरिटी लिस्ट में ही नहीं हैं। कमिटेड रिलेशनशिप, सिचुएशनशिप, कैजुअल डेटिंग, एक्सक्लूसिव डेटिंग, ओपन रिलेशनशिप जाने कितनी तरह की तो इनकी रिलेशनशिप हैं। अगर यह कहा जाए कि सेक्स की तरफ इनका ध्यान खास नहीं है, जितना मिलेनियल्स का रहा है तो यह गलत नहीं होगा। ये शादी और बच्चे पैदा करने को लेकर भी कम सीरियस हैं। मिलेनियल्स की तरह घर खरीदने की सोच इनमें बहुत कम है। ये EMI की जगह SIP को चुन रहे हैं। इन्होंने अपने पैरंट्स को पूरी जिंदगी घिसते हुए देखा है। ये वैसे नहीं बनना चाहते। इनका फंडा है, आज में जिओ, खुश रहो, टेंशन मत लो।



## जॉब में सिर्फ सैलरी नहीं, लाइफ बैलंस है प्रायॉरिटी

Gen-Z ऐसी जॉब चाहते हैं, जिसमें वे लाइफ भी इंजॉय कर सकें। लगातार 8-12 घंटे काम उनकी पसंद नहीं। एक MNC की सीनियर HR रचना बताती हैं कि Gen-Z से काम करवाना आसान नहीं है। वे कम बोलते हैं, तो सुनते भी कम हैं। हाल ही में एक ट्रेनी ने बस एक लाइन का मैसेज भेजा, I m nt Well. Can't come to office. मतलब दो-टूक, छुट्टी मांग नहीं रहे, बता रहे हैं। कुछ दिन वह नहीं आया तो मैसेज भेजकर पूछा कि कब आओगे तो फिर एक लाइन का जवाब, When I recover. इससे साफ है कि वे न जॉब को लेकर प्रेशर लेते हैं, न टेंशन। दरअसल, ऑफिस आना Gen-Z की डिक्शनरी में ही नहीं और सीनियर की डांट तो वे सुन ही नहीं सकते। जॉब को लेकर इनकी सोच कुछ ऐसी है:

## इंटरनेट पर इनकी अपनी दुनिया

Orkut और FB को पीछे छोड़ चुकी Gen-Z अब इंस्टाग्राम से भी अपना बोरिया बिस्तर समेटती दिख रही है। इंस्टाग्राम पर पैरंट्स और रिश्तेदारों की मौजूदगी से थककर इन्होंने प्राइवेसी के लिए अपने रास्ते बना लिए हैं, एक नहीं, तीन-तीन अकाउंट: एक फैमिली के लिए, दूसरा फ्रेंड्स के लिए और तीसरा अनजान लोगों के लिए, जिनसे ये बहुत स्मार्टली अलग-अलग रखते हैं। इसी वजह से Snapchat, Reddit, Discord, Session इनके नए अड्डे बन चुके हैं, यहां ये अनजान नाम से अनजान लोगों से बातें करते हैं। ये फोन कॉल से बचते हैं, लेकिन फेसटाइम या वीडियो कॉल पर घंटों लगे रहते हैं। शायद इसलिए कि फोन कॉल अचानक आती है और ये जवाब देने के लिए तैयार नहीं होते।

## Gen-Z पर नज़र




## गालियां इनकी भाषा में हो गईं हैं सिंक


इनकी लैंग्वेज की बात की जाए तो अगर किसी का Drip कमजोर हो, बातों में Rizz न हो और Vibe भी Mid लगे, तो Gen-Z तुरंत बोल देते हैं, 'Ngl, this is so boomer, no cap.' इसे सामान्य भाषा में कहें तो Gen-Z बोल रहा है कि सच कहें तो तुम बहुत पुराने ख्यालों वाले लगते हो। यह तो फिर भी Gen-Z ने बहुत प्यार भरी भाषा में बोल दिया। अगर इनके फ्रेंड्स के साथ इनकी चैट पढ़ लें तो लगेगा कि गालियां तो जैसे इनकी भाषा के साथ सिंक (मिक्स) हो गई हैं। एक सेंटेंस में नाउन, प्रोनाउन, एडवर्ब कम होते हैं, गालियां ज्यादा।

## गुड न्यूज

# गुरु के लिए शिष्यों का महादान, ब्लड-किताबों से तौल बढ़ाया मान

Sangamesh.Menasinakai@timesofindia.com





पी.आर. माथ

■ हावेरी: हावेरी जिले के अक्की आलूर में शनिवार को एक खास और अलग तरह का सम्मान देखने को मिला। यहां 40 साल तक पढ़ाने वाले इंग्लिश टीचर पी.आर. माथ (80) का तुलाभार खून और किताबों से किया गया। आम तौर पर तुलाभार में किसी व्यक्ति को चावल या गुड़ से तौला जाता है। इस मौके पर 108 पूर्व स्टूडेंट्स ने टीचर के वजन के बराबर 108 यूनिट ब्लड डोनेट किया। साथ ही, उनके वजन के बराबर 47 किलो किताबें भी दी गईं। पी.आर. माथ ने अक्की आलूर के नर सिंह राव देसाई हाई स्कूल और सिंधु सिद्धप्पा पीयू कॉलेज में पढ़ाया है। उन्होंने आध्यात्मिक और कल्चरल एक्टिविटीज के लिए कई क्लब भी बनाए थे। 80 साल पूरे होने पर माथ ने अपने छात्रों से कहा था कि वे उन्हें कोई तोहफा न दें। इसके बाद छात्रों ने सोचा कि वे उनके वजन के बराबर किताबें डोनेट करेंगे। इसी दौरान 'स्नेह मैत्री ब्लड आर्मी'-जिसने अक्की आलूर को ब्लड डोनर्स का गांव बना दिया है, ने सम्मान के तौर पर ब्लड डोनेशन का आइडिया दिया। इस प्रोग्राम में 2,000 से ज्यादा पुराने स्टूडेंट्स शामिल हुए। डिस्ट्रिक्ट ब्लड बैंक और डॉ. बसवराज तलावर ने कहा कि किसी टीचर के सम्मान में ऐसा कैंप इस इलाके में पहली बार हुआ है।




### ब्लड डोनेशन का लिया संकल्प

मोटिवेशनल स्पीकर महेश मसाल ने कहा कि यह प्रोग्राम दिल को छू लेने वाला था। 1977 बैच के स्टूडेंट्स और रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. आई.आई. मालोदे ने बताया कि माथ ने गांव के स्टूडेंट्स को अंग्रेजी जैसे मुश्किल सब्जेक्ट को बहुत आसान तरीके से पढ़ाया। इस मौके पर कई लोगों ने आगे भी नियमित तौर पर ब्लड डोनेट करने का संकल्प लिया।


### उम्मीद की धूप

जब थक जाएं कदम
और रास्ते चुप हो जाएं,
तब अपने भीतर झांकना
वहीं उजाले मिल जाएं।
हर रात के बाद सवेरा
ये नियम पुराना है, टूटे सपनों
से ही नया आसमान बनाना है।
हार नहीं, ये ठहराव है
खुद को समझने का मौका,
जो गिरकर उठता है लिखता है
अपना थोखा।
मुस्कान रख हथेली पर
डर को दूर भगा देना,
खुद पर विश्वास रख कर
किस्मत को भी झुका देना।
तू कमजोर नहीं है बस याद
दिलाना था, तेरे भीतर जो आग है
उसे फिर से जलाना था।

*- संदीप कुमार, NBT रीडर*

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

### कुदरत और साइंस का संगम बेमिसाल



वाराणसी के BHU में पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर फूलों की प्रदर्शनी में सजा यह 'रॉकेट' देश की ऊंची उड़ान का जश्न मना रहा है। हजारों फूलों की महक और ISRO के गर्व को समेटे यह एग्जिबिशन हर किसी को सेल्फी लेने के लिए खींच रही है।

# महिला गार्ड्स का ड्यूटी संग पढ़ाई का जुनून, टाइगर रिज़र्व में मिला घर सा सुकून

■ राजेंद्र प्रसाद शर्मा, अलवर



फॉरेस्ट आउटपोस्ट में तैनात सरोज कुमारी RAS एग्जाम की तैयारी कर रही हैं

सरिस्का टाइगर रिज़र्व की फॉरेस्ट आउटपोस्ट में तैनात सरोज कुमारी खोरवाल अजबगढ़ में फॉरेस्ट गार्ड हैं। उन्होंने RAS-2022 की मुख्य परीक्षा दी थी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गईं। उनके पिता की 2021 में कोरोना से मौत हो गई थी। परिवार में 5 बहनें और 2 छोटे भाई हैं, और उनकी पढ़ाई की जिम्मेदारी अब सरोज पर ही है। सरोज का कहना है कि अगर वह RAS अधिकारी बनती हैं तो इस जिम्मेदारी को और बेहतर निभा सकेंगी।




दूसरी महिला कर्मचारी रवीना मीणा के पास एमए और बीएड की डिग्री है। उनका सपना दिल्ली में टीचर बनने का है। इसके लिए वह दिन-रात एग्जाम की तैयारी में जुटी हैं। सरोज और रवीना दोनों की पोस्टिंग 2023 में सरिस्का में हुई थी। शुरुआत में उन्हें चौकियों में रहने में काफी मुश्किल हुई। छतों से पानी टपकता था, बाथरूम की हालत खराब थी और जंगल में रहना डराने वाला अनुभव था। समय के साथ बाघों से डर पर काबू पाया, पर खराब हालात से जूझना जारी रहा। अब चौकियों की मरम्मत के बाद उन्हें घर जैसा माहौल मिला है। छतें ठीक की गई हैं, कमरों में टाइल्स लगी हैं, चारदीवारी की गई है। सोलर लाइट से बिजली, नल का पानी और किचन की सुविधा उपलब्ध है। अलग बाथरूम और टॉयलेट भी है।

सरिस्का प्रशासन ने पिछले साल 22 और इस साल 37 चौकियों की मरम्मत की है। सभी चौकियों में 24 घंटे पानी और सोलर बिजली की सुविधा है। 59 चौकियों की मरम्मत से वनकर्मी अब आरामदायक माहौल में ड्यूटी कर सकते हैं। DFO अभिमन्यु सहारण ने बताया कि इसके लिए सरकार ने विशेष फंड मंजूर किया था।


### विचार

महान कार्य करने का एकमात्र तरीका यह है कि आप जो करते हैं उससे प्यार करें। जब जुनून मेहनत से मिलता है, तब साधारण प्रयास भी असाधारण सफलता में बदल जाते हैं।

*- स्टीव जॉब्स (Steve Jobs)*

पश्चिम मध्य रेल
निविदा सूचना
सिगनल एवं दूरसंचार विभाग
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.म.सं.एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय नीचे दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। टेण्डर सं.-कोटा एस एण्ड टी टेण्डर/2025/13, कार्य का नाम-[illegible] इन कनेक्शन विथ 1 [illegible] अपग्रेडेशन ऑफ [illegible] ऑफ कोटा डिवीजन, कमपूर्तिकरण। कार्य की अनुमानित लागत रु. 3,76,05,463.21/-, टेण्डर कार्य की बोली-लगाना, बयाना राशि-रु. 3,38,100/-, कार्य समाप्ति अवधि- 12 माह, टेण्डर जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय- दिनांक 15.01.2026 को 15:00 बजे तक। पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। निविदा / बोलीदाताओं के पास क्लास III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/ बोलीदाता ही ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदादाता GSTIN पर रजिस्टर्ड होना चाहिये।
(हस्ता.)
वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल

## मनोरंजन






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in